औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

सोन वर्षा वाणी

facebook.com/svvpress

हिन्दी दैनिक

11 वीरेंद्र सहवाग ने बताया आईपीएल 2023 के टॉप-5 बेस्ट बल्लेबाज

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत 12

वर्ष : 25 | अंक : 172 | औरंगाबाद, रविवार, 28 मई, 2023 | आर.एन.आई BIHHIN/1998/03009 | पेज : 12 | मूल्य : रू. 2.00 | www.sonvarshavani.com

भारत को मिल सकता है 'नाटो प्लस' का दर्जा

अमेरिकी कांग्रेस कमेटी की सिफारिश, चीन की घेराबंदी के लिए बताया जरूरी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। ताइवान में चीन की दबंगई पर लगाम कसने और उसकी घेराबंदी के लिए अमेरिका अब भारत को मजबूत साझेदार के रूप में देख रहा है। अमेरिकी कांग्रेस की सेलेक्ट कमेटी ने भारत को 'नाटो प्लस' का दर्जा देने की सिफारिश की है। नाटो प्लस में अभी पांच देश हैं, कमेटी की सिफारिश मंजूर हुई तो भारत इसका छठा सदस्य बन जाएगा।

कमेटी का मानना है कि चीन ताइवान पर हमला करता है तो सामरिक तौर पर कड़ा जवाब देने के साथ-साथ क्वॉड को भी अपनी भूमिका बढ़ानी होगी। क्वॉड चार देशों का सहयोगी संगठन है जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं। चीन से मुकाबले के लिए अमेरिका को जी-7 के देशों के साथ भी सहयोग को और मजबूत करना होगा। जनवरी में गठित कमेटी ने ताइवान पर अपनी पहली रिपोर्ट और सिफारिशें जारी की हैं। कमेटी की सिफारिशों की टाइमिंग अहम है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21 जून से अमेरिका की यात्रा प्रस्तावित है। 'नाटो प्लस' देशों को अमेरिकी डिफेंस इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी की बेहतर उपलब्धता मिलती है।'

अब भारत में बनेंगे तेजस एमके2 के इंजन

- पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर फाइनल होगी डील!

वॉशिंगटन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर तेजस एमके2 के इंजन को भारत में बनाने की डील फाइनल हो सकती है। अभी तक भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में अमेरिका के जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के इंजन लगते हैं। अब जीई की योजना भारत में लड़ाकू जेट इंजन बनाने की है। यह डील भारत और अमेरिका के बीच गवर्मेंट टू गवर्मेंट होने वाली है। इस डील को अगले हफ्ते अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान अंतिम रूप दिया जा सकता है। ऑस्टिन के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात के दौरान दोनों देशों में जनरल एटॉमिक्स से 30 एमक्यू-9बी आर्म्ड ड्रोन खरीदने पर भी सहमति बन सकती है। सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात के दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग समझौते पर भी चर्चा हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जनरल इलेक्ट्रिक की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में जेट इंजन प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। संभावना है कि इस सौदे की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। पीएम मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर जाएंगे, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन खुद करेंगे। इस साल जनवरी में वाशिंगटन में यूएस-इंडिया इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) पर हुई बातचीत के बाद व्हाइट हाउस ने कहा था कि उसे भारत में जीई से एक आवेदन मिला है।

...और बढ़ती जा रही हैं गांधी परिवार की मुश्किलें

- अब आईटी डिपार्टमेंट मामले में याचिका हुई खारिज, लगा बड़ा झटका
- हाई कोर्ट ने कहा फेसलेस असेसमेंट मौलिक या कानूनी अधिकार नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिका में गांधी परिवार ने आर्म्स डीलर संजय भंडारी से जुड़े मामले में आयकर विभाग के असेसमेंट को सामान्य असेसमेंट की जगह 'सेंट्रल सर्किल' में ट्रांसफर करने के विभाग के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने साफ कहा कि फेसलेस असेसमेंट कोई मौलिक या निहित कानूनी अधिकार नहीं है, जिसका करदाता दावा कर सकता है, दिल्ली हाईकोर्ट ने कोर्ट अदालत ने संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, जवाहर भवन ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, यंग इंडियन और आम आदमी पार्टी की वे अलग-अलग याचिकाएं भी खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में भी समान कानूनी मुद्दे उठाए गए थे। गांधी परिवार ने इनकम टैक्स चीफ कमिश्नर की तरफ से आंकलन वर्ष 2018-19 के लिए अपने मामलों को 'सेंट्रल सर्किल' में ट्रांसफर करने के संबंध में जारी आदेश को चुनौती दी थी। 'सेंट्रल सर्किल' को

टैक्स चोरी की जांच तथा इसकी रोकथाम का काम सौंपा गया है। वह तलाशी के दौरान जांच शाखा की तरफ से एकत्र किए गए सबूतों को अपने कब्जे में ले लेता है। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, याचिकाकर्ताओं के मूल्यांकन को कानून के अनुसार सेंट्रल सर्किल में ट्रांसफर कर दिया गया है।

वर्तमान रिट याचिकाएं खारिज की जाती हैं। गांधी परिवार की दलील थी कि उनका संजय भंडारी समूह के मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में वांटेड भंडारी के प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के साथ, लंदन स्थित फ्लैट को लेकर कथित संबंध बताए जाते हैं। वाड्रा ने भंडारी के साथ कोई भी कारोबारी संपर्क होने से इंकार किया है। आयकर विभाग ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके दो बच्चों - राहुल और प्रियंका - के सभी असेसमेंट-संबंधी मामलों को दिल्ली में विभाग के सेंट्रल सर्किल में भगोड़े आर्म्स डीलर संजय भंडारी के खिलाफ जांच के साथ क्यों जोड़ा है। कोर्ट ने इस मामले में गांधी परिवार को आयकर प्रकोष्ठ के साथ सहयोग करने को कहा है।

पीएम ने की नीति-आयोग की मीटिंग

8 मुख्यमंत्री नहीं आए

- भाजपा ने विपक्ष से पूछा-मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 8वीं मीटिंग हुई। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और उपराज्यपालों को बुलाया गया था, लेकिन 8 राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आए। इसे लेकर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष से पूछा है कि मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे। इनमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतिश कुमार, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, केरल के सीएम पिन्नराई विजयन और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक शामिल हैं। इसे लेकर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जो मुख्यमंत्री इस बैठक में नहीं आए, वे जनता विरोधी और गैर-जिम्मेदार हैं। नीति आयोग देश के विकास और योजनाओं के लिए बहुत ही जरूरी है। इस बैठक के लिए 100 मुद्दे तय किए गए हैं, अब जो मुख्यमंत्री नहीं आए हैं वो अपने प्रदेश की जनता की आवाज यहां तक नहीं ला रहे हैं। मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे। इस बैठक में आठ प्रमुख विषयों पर चर्चा की जा रही है। जिनमें विकसित भारत, विकास पर जोर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट, अनुपालन का बोझ कम करना, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण, कौशल विकास, क्षेत्र के विकास और सामाजिक बुनियादी ढांचे के लिए गति शक्ति शामिल हैं। राजधानी में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के लाए गए अध्यादेश के विरोध में दिल्ली, पंजाब, बंगाल, बिहार और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों ने बैठक का विरोध किया है। गहलोत ने खराब तबीयत का हवाला दिया है।

चीन की खातिर नेपाली सेना ने भारत को दिया झटका

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के भारत दौरे से ठीक पहले नेपाली सेना ने बड़ा झटका दिया है। नेपाल की सेना चीन की बदनाम कंपनी नोरिन्को से 6 अरब नेपाली रुपये के कीमत वाले 26 हथियारबंद वाहन खरीदने जा रही है। इन हथियारबंद वाहनों का इस्तेमाल नेपाली सेना के वे जवान इस्तेमाल करेंगे जो विभिन्न देशों में शांति मिशनों में तैनात हैं। यही नहीं कहा यह भी जा रहा है कि नेपाली सेना इसी चीनी कंपनी से 10 हजार सीवयू राइफल भी खरीदने जा रही है। नेपाली सेना जिन चीनी गाड़ियों को खरीद रही है, वे भारतीय कंपनी की तुलना में कहीं ज्यादा महंगी हैं। नेपाली अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। नेपाल की सेना ने इस रिपोर्ट को खारिज किया है। यह वही चीनी कंपनी है जिसको अमेरिका सरकार ने ब्लैकलिस्ट कर रखा है। नेपाल की सेना को नेपाल आर्मी वेलफेयर फंड के जरिए चीन से 26 हथियारबंद वाहन मिलने वाला है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता आयोजित

निज संवाददाता

पटना। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से वर्ग छह से वर्ग 12 तक के छात्र-छात्राओं के बीच राज्य स्तरीय ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता का प्रथम चरण दिनांक 23 मई को ऑनलाईन आयोजित किया गया जिसमें राज्य के विभिन्न 188 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने निबंधन कराकर भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सफल घोषित छात्र - छात्राओं को पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान परिसर में गेट न. दो के समीप स्थित क्लाईमेंट चेंज लर्निंग लैब के सभागार में शनिवार को दूसरे चरण में स्वयं उपस्थित होकर भाग लेना था। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 19 विद्यालयों के 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसका परिणाम तत्काल घोषित कर दिया गया। इस में सफल कुल 11 विद्यालयों के 20 छात्र-छात्राओं को अंतिम चरण में भाग लेने हेतु विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून, 2023 को ज्ञान भवन, पटना के सभागार में पूर्वाह्न 09:30 बजे उपस्थित होना है एवं क्विज पूर्वाहन 10:00 बजे से आरंभ होगी। इस अवसर पर राज्य पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी. के. शुक्ला, सदस्य-सचिव एस.चन्द्रशेखर, भा.व.से., निदेशक संजय गांधी जैविक उद्यान,सत्यजीत, भा.व.से., राज्य पर्षद् के पर्षद् विश्लेषक अरूण कुमार, पर्षद् के सलाहकार (एन. कैप) डॉ. डी. साहा, पर्षद् के आई. टी. सहायक नीरज कुमार आदि उपस्थित थे। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पर्षद् अध्यक्ष, डॉ. डी. के. शुक्ला ने कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है। जीवन में सफल होने हेतु सभी छात्र-छात्रओं को हर क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के प्रति जागरूक रहना होगा। खासकर हमारे पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन के प्रति काफी संवदेनशील होकर इसे संरक्षित करने हेतु सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए।

दिल्ली में बारिश, 70 किमी की रफ्तार से आंधी चली

- 6 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट, एमपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में 31 मई तक बारिश के आसार

नई दिल्ली (एजेंसी)। नौतपा का आज तीसरा दिन है, लेकिन देश के कई इलाकों में बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में 70 किमी प्रति घंटे से हवाएं चलीं और सड़कों पर पानी भर गया। सुबह 8 बजे तक कई इलाकों में विजिबिलिटी कम रही। मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले दो-तीन दिन बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, 30 मई तक लू चलने की आशंका नहीं है। उधर, एमपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में 31 मई तक बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटों में इन राज्यों के जयपुर, भोपाल, रांची समेत कई शहरों में तेज बारिश हुई, जिससे तापमान 3 से 5 डिग्री कम हो गया। आंधी-तूफान और बारिश के बाद दिल्ली एयरपोर्ट ने सुबह 6.43 बजे यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। एयरपोर्ट ने कहा कि खराब मौसम के चलते

एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित हुई हैं। ऐसे में यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान से पहले संबंधित एयरलाइन्स से कॉन्टैक्ट करें। मौसम ज्यादा बिगड़ने के बाद अलग-अलग शहरों से दिल्ली आ रहीं 6 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की गई हैं। लेह के चांग्ला में भारी बर्फबारी के चलते फंसे 100 श्रद्धालुओं को पुलिस ने रेस्क्यू किया है। इन श्रद्धालुओं में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। लद्दाख पुलिस की यूनियन टेरिटरी डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के अलावा सेना और जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स ने भी इस रेस्क्यू ऑपरेशन में भाग लिया।

एनआईए ने हाईकोर्ट वकील समेत 3 को हिरासत में लिया

फिलहाल, एनआईए की टीम उस्मानी समेत करीब 13 लोगों को हिरासत में लेकर भोपाल रवाना हो गई है। जांच एजेंसी के कुछ अधिकारी 6वीं बटालियन में ठहरे हुए हैं। एनआईए ने शहर के सिविल लाइन में 2 जगह, बड़ी ओमती में 2 जगह और आधारताल में यह कार्रवाई की। एनआईए ने रज्जाक से जुड़े होने के शक में दबिश दी है।

जबलपुर (एजेंसी)। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जबलपुर के 13 इलाकों में छापे मारे। टीम ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील ए. उस्मानी को हिरासत में लिया। एनआईए की टीम ने देर रात उनके घंटाघर, ओमती स्थित घर और ऑफिस पर दबिश दी। सिविल लाइन इलाके के सुप्रीम प्लाजा अपार्टमेंट से भी दो लोगों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी है। यह दबिश विदेशी हथियार और जमात-उल-मुजाहिदीन, बांग्लादेश को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में दी गई। इसका इनपुट भोपाल समेत दूसरे शहरों से गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पुलिस पूछताछ में मिला था।

विकास के बारे में सीएम को नहीं है कोई चिंता : नित्यानंद

- बोले नित्यानंद : बिहार की जनता के हितों की बलि चढ़ा रहे सीएम नीतीश कुमार

निज संवाददाता

पटना। नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में की गई। देश के विकास और जन को समर्पित नीति आयोग की इस बैठक को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिस्सा नहीं लिया। वहीं इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग नहीं लेने पर मंत्री ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अपनी स्वार्थपूर्ण राजनीति के लिए बिहार की जनता के हितों की बलि चढ़ा रहे है। वहीं नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार के सीएम जनता की भलाई नहीं चहते। इस बैठक से बिहार की जनता को काफी लाभ मिलता। वहीं मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह बैठक तो राजनीतिक नहीं है। इसमें तो बिहार के विकास की बात सीएम खुलकर कर सकते थे पर सीएम बिहार की जनता की नहीं अपनी सोंच रहे है। वहीं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार जवाब दें कि आपके लिए आपकी सीएम की कुर्सी जरूरी है या बिहार की जनता? आप बिहार की जनता से धोखा कर रहे हैं। जिसे जनता अच्छे तरीके से समझ रही है। आने वाले दिनों में इस जनता को आपको जावाब देना होगा कि कुर्सी प्यारी है या बिहार की जनता। वहीं केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस बैठक में बिहार के विकास के लिए जो चर्चा होनी थी, वो सीएम की हठकर्मिता के चलते नहीं हो सकी। बिहार के विकास में बाधक बने रहे सीएम नीतीश कुमार अपने स्वार्थ के लिए इस तरह की राजनीति कर रहे है, जो कही से भी बिहार की जनता के लिए उचित नहीं है। कुर्सी की राजनीति से कहीं बड़ा है बिहार का विकास, जिसमें सीएम नीतीश कुमार बाधक बन रहे है।

सिद्धारमैया ने पलटा बोम्मई सरकार का पहला फैसला!

नौकरी से हटाई गई मारे गए बीजेपी नेता प्रवीण नेत्तारू की पत्नी

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने दक्षिण कन्नड़ जिले में मारे गए बीजेपी कार्यकर्ता प्रवीण कुमार नेत्तारू की पत्नी को नौकरी से हटा दिया है। नेत्तारू की पत्नी को सरकारी सेवा में अस्थायी नियुक्ति दी गई थी। मारे गए बीजेपी युवा मोर्चा नेता की पत्नी नूतन कुमारी को पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के कार्यालय में अनुबंध के आधार पर ग्रुप सी पद की नौकरी की पेशकश की गई थी। सिद्धारमैया सरकार में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया है।

कांग्रेस के इस फैसले को लेकर कर्नाटक में बहस छिड़ गई है। बीजेपी ने कांग्रेस सरकार के फैसले पर पलटवार करते हुए पीएफआई को कांग्रेस का पोषित आतंकवादी संगठन बताया है। बीजेपी युवा मोर्चा नेता प्रवीण की पत्नी नूतन कुमारी को पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के दफ्तर में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर ग्रुप सी पद पर तैनाती दी गई थी। उन्होंने ड्यूटी पर रिपोर्ट की और मंगलुरु में काम करने की अपनी प्राथमिकता को पूर्व मुख्यमंत्री के सामने रखा। उनके अनुरोध के बाद उन्हें मंगलुरु में उपायुक्त कार्यालय के मुख्यमंत्री राहत कोष अनुभाग में सहायक का पद दिया गया था।

गंगा की खोज करते करते मुख्यमंत्री आखिर पहुंचे गंगोत्री

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक ने सीएम गहलोत को लपेटा

कोटा (एजेंसी)। राजस्थान में कांग्रेस की गाड़ी रेगिस्तान में चलने वाली ऊंट गाड़ी की तरह हिचकोले खा रही है। पार्टी की गाड़ी का पहिया खुद कांग्रेसी नेता डांवाडोल करने में लगे हैं और सीधा हमला सीएम पर बोल रहे हैं। एक तरफ सचिन पायलट ने सरकार को अल्टीमेटम दे रखा है। दूसरी ओर एक बार फिर कांग्रेस के कोटा से सीनियर विधायक भरत सिंह ने मुख्यमंत्री पर हमला बोल दिया है। बड़ी बात यह है कि इस बार सिंह ने खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया को टारगेट करने के साथ सीएम पर सीधा निशाना साध दिया है। शुक्रवार को भरत सिंह ने जो पत्र सीएम को लिखा, उससे साफ हो गया है कि वो अब प्रमोद जैन भाया के साथ उन्हें भी बख्शने के मूड में नहीं हैं। गहलोत और भरतसिंह के बीच का व्यवहार भरतसिंह के पिता जुझार सिंह के वक्त का चला आ रहा है। लेकिन भरत सिंह के पत्र की शब्दावली में आज अंतर आया है, उसकी सियासी गलियारों में हड़कंप मचा दिया है।

आगामी 30 मई को रोजगार कैम्प का आयोजन

नवादाः श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा दिनांक-30.05.2023 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में आमधाने प्रा0लि0, गुजरात की कम्पनी में टेन्नीं एवं वर्क क्वालिटि, चेकिंग, मेनटेनेंस, स्कैनिंग एवं पैंकिग पद के लिए योग्यता 10वीं, बारहवीं, आई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा होना चाहिए। उम्र-18 से 30वर्ष, वेतन टेन्नीं पद के लिए 17186 एवं वर्क क्वालिटि, चेकिंग, मेनटेनेंस, स्कैनिंग एवं पैंकिग पद के लिए 15426 से 17089 (सी0टी0सी0) के साथ ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 की सुविधा। जॉब लोकेषन-गुजरात एवं कर्नाटका है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाऐं अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छाया प्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित है वही आवेदक/आवेदिकाऐं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक निबंधित नही है वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन करा कर भाग ले औसकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के है, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

कृषि विभाग में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) पदों के लिये कॉउंसलिंग की तिथि निर्धारित

नवादाः अभिषेक रंजन परियोजना निदेषक आत्मा द्वारा बताया गया कि नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी (एनएमएईटी) के अधीन सब-मिषन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंषन (आत्मा योजना) के अन्तर्गत, नवादा जिला हेतु प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) के कुल 08 रिक्त पद एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) के कुल 15 रिक्त पद के विरूद्ध बामेती, पटना के विज्ञापन द्वारा योग्य अभ्यर्थी के आवेदन की मांग की गई थी। जिसके आलोक में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2023 तक थी। उक्त पद के नियोजन हेतु निर्धारित सूचना निम्न प्रकार हैः-प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) के कुल 08 रिक्त पद के लिए 76 आवेदन प्राप्त हुए हैं, काउन्सिलिंग हेतु कुल अभ्यर्थियों की संख्या 35, काउन्सिलिंग की तिथि 29-30 मई 2023, समय-10:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अप0 तक, स्थान-संयुक्त कृषि भवन (सभागार कक्ष) शोभिया पर, (कृषि प्रक्षेत्र), नजदीक सद्भावना चैक, नवादा। सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) के कुल 15 रिक्त पद के लिए प्राप्त आवेदन-541, काउन्सिलिंग की तिथि 08-09 जून 2023, समय-10:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अप0 तक, स्थान-संयुक्त कृषि भवन (सभागार कक्ष) शोभिया पर, (कृषि प्रक्षेत्र), नजदीक सद्भावना चैक, नवादा। डीपीआरओ नवादा ने कहा कि इसके संबंध में आवश्यक जानकारी और पूछताछ श्री अभिषेक रंजन (उप परियोजना निदेषक, आत्मा) नवादा, मो0नं0- 9939376461 से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

थाना क्षेत्र में पकड़े गए विभिन्न कांडों के शराब को कराया गया विनष्टीकरण

रजौली । थाना क्षेत्र में पुलिसिया कार्रवाई में पकड़े गए देसी शराब एवं विदेशी शराब को दंडाधिकारी की मौजूदगी में जमीन दोज करते हुए विनष्टीकरण किया गया।दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी अनिल प्रसाद एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए देसी महुआ शराब व विदेशी शराब का विनष्टीकरण थाना परिसर में कराया गया है।दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी अनिल प्रसाद ने जानकारी देते हुए कहा कि रजौली थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से जब्त 14 कांडों में जब्त 649.5 लीटर देशी महुआ शराब एवं 131.5 लीटर विदेशी शराब को पुलिस बलों के सहयोग से जमीन दोज करते हुए विनष्टीकरण की गई है।बताते चलें कि थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में रजौली थाना क्षेत्र में रोड एंड रेड के तहत कार्रवाई कर शराब माफियाओं पर नकेल कशा जा रहा है।इनके निर्देशानुसार शराब की जब्ती व कारोबारियों की धड़-पकड़ लगातार जारी है।इस मौके पर एसआई पिंकी कुमारी,मालखाना प्रभारी एएसआई बीरेंद्र पासवान व एएसआई सुमन कुमार के अलावे चौकीदार मौजूद रहे।

जनता दरबार में पहुंचे तीन मामलों का निष्पादन,सीओ

रजौली। थाना परिसर में अंचलाधिकारी अनिल प्रसाद एवं एएसआई सुमन कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया।थाने में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के रजौली,सिरोडावर व टकुआटांड़ से कुल तीन जमीन सम्बन्धी मामले पहुंचे थे।अंचलाधिकारी ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की संयुक्त अध्यक्षता में प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में भूमि विवाद निवारण सह शनिवारीय बैठक का आयोजन किया जाता है।जिसमें रैयती जमीन से सम्बंधित विवादों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया जाता है।उन्होंने कहा कि इस बार जनता दरबार में रजौली अंचल क्षेत्र के तीन मामले आए थे।जिसमें सभी तीन मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया।वहीं अंचलाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि वे जमीन सम्बन्धी विवादों को आपस मे झगड़ा न करें।बल्कि वे थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा।इस दौरान दर्जनों ग्रामीण एवं पुलिस जवान व चौकीदार मौजूद थे।

साइंस डिबेट के साथ समर कैंप का समापन होगा कल

नवादा। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के द्वारा आठ दिवसीय समर कैंप में चल रहे गीत, संगीत, नृत्य, खेल एवम पेंटिंग विधा का आज समापन हुआ ।मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक ने बताया की समर कैंप में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कैंप में योगा एल संगीत नृत्य पेंटिंग के साथ बुद्धिमता और मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया गया साथ ही बच्चों को सर्वांगीण विकास के प्रेरित किया गया। उन्होनें कहा की स्कूल में चल रहे समर कैंप कार्यक्रम का समापन कल साइंस डिबेट के साथ होगा। शिविर में भारी संख्या में बच्चे शामिल हुए। जिन्हें कबड्डी, खो-खो, बैंडमिंटन, टेबल टैनिस, टायकांडू, बास्केटबॉल, योगा जैसे कई खेलों के जाल और तकनीक का जाल से प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच अलग-अलग मैचों के करीब 250 खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी गई। पूरे समर कैंप का देख ले उप प्राचार्य विजय कुमार एमके विजय कुमार खेल प्रशिक्षक अलग देव प्रसाद संगीतकार अनिल विश्वकर्मा एवं पवन कुमार सिन्हा प्रशिक्षक पुरुषोत्तम कुमार के देखरेख में किया गया समर कैंप को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम योगदान दिया।

आपदा जोखिम न्यूनिकरण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता। नवादा

जिला आपदा प्रबंधन शाखा, नवादा के निर्देश के आलोक में जिला में आपदा जोखिम न्यूनिकरण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का क्रियान्वयन अन्तर्गत सभी हितकारकों की जिला आपदा प्रबंधन योजना में भूमिका एवं बीएसडीआरएन के क्रियान्वयन पर आज डीआरडीए सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संदीप वर्मा आपदा प्रबंधन सलाहकार, नवादा द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आपदाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि नवादा जिला आपदाओं के लिहाज से संवेदनषील जिला है। यह जिला सूखा, भूकम्प, आकस्मिक बाढ़, सड़क दुर्घटना, बिजली गिरने, डूबने से मृत्यु जानवरों के हमले और बीमारियों जैसी आपदाओं से प्रभावित रहता है। जन-जागरूकता, जीवन रक्षक विधियों की जानकारी एवं निरंतर अभ्यास के द्वारा आपदाओं की तीव्रता के स्तर को कम किया जा सकता है। कार्यशाला में बताया गया कि आपदा एक ऐसी घटना है जो या तो मानव निर्मित अथवा प्राकृतिक, अचानक अथवा धीरे-धीरे होती है। जिससे व्यक्ति, वस्तु और वातावरण को बड़ा नुकसान पहंचता है और जिसे हम उपलब्ध संसाधनों से निबट नहीं पाते। कहीं बाढ़ अपनी विनाश लीला उत्पन्न करती है, जिससे जान-माल की विशेष रूप से हानि पहुंचती है तो कहीं सूखे की विभिषिका से पीड़ित होते हैं। आपदा से जीवन की क्षति होती है, सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है, सम्पति, नगद, फसल एवं पर्यावरण आदि पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

"क्या करें, क्या ना करें" - कार्यशाला में बताया गया कि आपदा के पूर्व जोखिम कम करने से आपदाओं का प्रभाव कम होगा। आपदा से पूर्व परिवार एवं स्वयं की तैयारी, आपदा किट, शीत लहर से पहले और दौरान, बज्रपात से पहले और बज्रपात से बाद, महामारी से पहले और महामारी के दौरान, भूकम्प से पहले और भूकम्प के बाद, भूस्खलन से पहले और दौरान एवं भूस्खलन के बाद, लू से पहले, बाढ़ से पहले एवं दौरान और बाढ़ के बाद, गर्मियों में आग लगने से बचाव के उपाय एवं सावधानियां, सूखे से पहले एवं दौरान, चक्रवात से पहले और दौरान एवं चक्रवात के बाद, पैदल चलने वाले के लिए सावधानियां, दो पहिया वाहन सवार के लिए सावधानियां, चार पहिया वाहन सवार के लिए सावधानियां, फसलों के अवशेष/ठूंठ जलाने से होने वाले नुकसान एवं समाधान और लाभ आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। भूकम्प से संबंधित क्या करें तथा क्या ना करें के बारे में जानकारी दी गयी।

भूकंप आने से पहले क्या करें- छत तथा नींव के पलास्तर में पड़ी दरारों की मरम्मत कराएं। यदि कोई संरचनात्मक कमी का संकेत हो तो विषेशज्ञ की सलाह लें। सीलिंग में ऊपरी (ओवरहेड) लाइटिंग फिक्सचर्स (झूमर आदि) को सही तरह से टांगें। भवन निर्माण मानकों हेतु पक्के इलाके में प्रासंगिक बीआईएस संहिताओं का पालन करें। सांकल/चिटकनी वाली लकड़ी की निचली बंद कैबिनेटों में भंगुर (ब्रेकेबल) मदें जैसे बोतलबंद खाद्य सामग्री, गिलास तथा चीनी मिट्टी के बर्तन को रखें। भारी चीजों जैसे तस्वीर तथा शीषे आदि को, बिस्तर, सेटीज (सोफा, बेंच या कोच) तथा जहां भी लोग बैठते हैं, से दूर रखें। फैन फिक्चर्स तथा ओवरहेड लाइट को नट-बोल्ट की मदद से अच्छी तरह फिट कराएं। खराब या दोषपूर्ण बिजली की तारों तथा लीक करने वाले गैस कनेक्शनों की मरम्मत कराएं जिनसे आग लगने के जोखिम की संभावना होती है। पानी गर्म करने का हीटर, एलपीजी सिलेंडर आदि को दीवार के साथ अच्छी तरह कसवाएं बंधवाएं अथवा फर्ष पर बोल्ट कसवा के उन्हें सुरक्षित बनाएं। कीटनाशक तथा ज्वलनशील पदार्थों को सांकल वाले कैबिनेटों में तथा नीचे के शेल्फों में सावधानी से रखें। घर के अंदर तथा बाहर सुरक्षित स्थानों को तलाश कर रखें। मजबूत खाने की मेज, बिस्तर के नीचे। किसी भीतरी दीवार के साथ। उस जगह से दूर जाना जहां खिड़की, शीषे, तस्वीरों से कांच गिरकर टूट सकता हो अथवा जहां किताबों के भारी शेल्फ अथवा भारी फर्नीचर नीचे गिर सकता हो। खुले क्षेत्र में बिल्डिंग, पेड़ों, टेलीफोन, बिजली की लाइनों, फ्लाईओवरों तथा पुलों से दूर रहें। आपातकालीन टेलीफोन नंबरों को याद रखें (जैसे डाक्टरों, अस्पतालों, तथा पुलिस आदि के टेलीफोन नंबर)। स्वयं तथा परिवार के सदस्यों को भूकंप के बारे में जानकारी दें। यदि किसी स्थिति में परिवार के सदस्य एक-दूसरे से भूकंप के दौरान अलग हो जाएं (दिन के दौरान होने वाली एक वास्तविक संभावना जब घर के वयस्क सदस्य काम पर गए हों और बच्चे स्कूल में हो), आपदा के बाद वापस इकट्ठा होने के लिए एक योजना तैयार रखें। राज्य से बाहर रहने वाले अपने रिष्तेदार अथवा दोस्त को आपदा के बाद "पारिवारिक सूत्र" (फैमिली कांटेक्ट) के रूप में उपलब्ध होने के लिए कहें, अक्सर दूर स्थित व्यक्ति से बात करना आसान होता है। सुनिष्चित करें कि परिवार का हर व्यक्ति संपर्क सूत्र (कांटेक्ट पर्सन) का नाम, पता तथा फोन नंबर जानता हो। अपने समुदाय को तैयार रहने में मदद करें। घर में खतरों को पता लगाने के लिए साप्ताहिक अवधि वाली श्रृंखलाओं का संचालन करें। भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है।

धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिष्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।

यदि आप घर के अंदर हों: आप यदि घर के अंदर हों तो जमीन पर झुक जाए, किसी मजबूत मेज अथवा फर्नीचर के किसी हिस्से के नीचे शरण लें अथवा तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। यदि आपके पास कोई मेज या डेस्क न हो तो अपने चेहरे तथा सिर को अपने बाजुओं से ढक लें और बिल्डिंग के किसी कोने में झुक कर बैठ जाएं। किसी आंतरिक दरवाजे के लिन्टॅल (लेंटर), किसी कमरे के कोने में, किसी मेज अथवा यहां तक कि किसी पलंग के नीचे रुककर अपने आपको बचाएं। शीषे, खिड़कियों, दरवाजों तथा दीवारों से दूर रहें अथवा ऐसी कोई चीज जो गिर सकती हो (जैसे लाइटिंग फिक्सचर्स या फर्नीचर), से दूर रहें। भूकंप के शुरू होने पर, यदि आप उस समय पलंग पर हों तो पलंग पर ही रहें। अपने सिर पर किसी तकिए को ढककर बचाएं जब तक कि आप किसी भारी लाइट फिक्सचर जो गिर सकती हो, के नीचे न आएं। यदि ऐसी स्थिति हो तो पास के किसी सुरक्षित स्थान की ओर खिसक जाएं। शरण लेने के लिए तभी ऐसे किसी दरवाजे से निकलकर बाहर जाएं जब वह आपके निकट हो और आप जानते हों कि ये किसी सषक्त सहारे (सपोर्ट) वाला है या यह सषक्त और वजन को झेल सकने वाला दरवाजा है। जब तक भूकंप के झटके न रुके तथा बाहर जाना सुरक्षित न हो तब तक अंदर रुके रहें। अनुसंधान से यह पता चला है कि ज्यादातर चोटें तब लगती है जब भवन के अंदर मौजूद लोग किसी दूसरी जगह अथवा बाहर जाने का प्रयास करते हैं। ध्यान रखें कि बिजली कभी भी जा सकती है अथवा स्प्रिंकलर सिस्टम अथवा चेतावनी वाले फायर अलार्म कभी भी चालू होध्बज हो सकते हैं।

यदि आप घर के बाहर हों - यदि आप घर के बाहर हों तो जहां हों वहां से आप न हिलें। तथापि बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें। यदि आप किसी खुली जगह पर हों तो वहां तब तक रुके रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। सबसे बड़ा खतरा बिल्डिंग के बाहर, निकास द्वारों तथा इसकी बाहरी दीवारों के पास होता है। भूकंप से संबंधित अधिकांष दुर्घटनाएं दीवारों के गिरने, टूटकर गिरने वाले कांच तथा गिरने वाली वस्तुओं के कारण होती हैं।

यदि किसी चलते वाहन में हों - जितनी जल्दी संभव हो सुरक्षा के साथ गाड़ी रोकें तथा गाड़ी में रुके रहें। बिल्डिंग, पेड़ों, ओवरपास, बिजलीध्टेलीफोन आदि की तारों के पास अथवा नीचे रुकने से बचें। सावधानी से भूकंप के रुकने के बाद आगे बढ़ें अथवा सड़कों, पुलों, रैम्प से बचें जो भूकंप द्वारा क्षतिग्रस्त हुए हो सकते हैं।

यदि मलबे के नीचे फंसे हों - माचिस की तीली को न जलाएं। धूल न उड़ाएं अथवा हिले-डुले नहीं। अपने मुंह को किसी रुमाल अथवा कपड़े से ढकें। किसी पाइप अथवा दीवार को थपथपाएं ताकि बचाने वाले आपको ढूंढ सकें। यदि उपलब्ध हो तो सीटी का उपयोग करें। अगर और कोई उपाय न हो तो तेजी से चिल्लाएं। चिल्लाने से आपके मुंह में सांस के द्वारा खतरनाक धूल अंदर जा सकती है।

महत्वपूर्ण नम्बरों की सूची

कन्ट्रोल रूम
अग्निषमन-101,
पुलिस-100,
एम्बूलेंस-102/108,
विभागः-
आग संबंधी सूचना के लिए-06324-222536
पुलिस सहायता के लिए-06324-214389
एम्बुलेंस की सहायता के लिए-06324-243199
आपदा शाखा, नवादा-06324-212122
समाहृत्ता कार्यालय-06324-212253

भाजपा कार्यलय में मंडल कार्य समिति को लेकर बैठक सम्पन्न, गगन

रजौली। प्रखण्ड मुख्यालय के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य उर्फ गगन की अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक में जिले से आये जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होने महा जनसंपर्क अभियान के रूप में विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया।मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत पूरे देश में 30 मई से 30 जून तक पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।यह जनसंपर्क अभियान में रजौली मंडल भाजपा परिवार एक टोली बनाकर हर शक्ति केंद्रों,बूथों एवं आम-जनों के घर-घर जाकर मोदी सरकार के जनकल्याणकारी एवं गरीब वंचित शोषितों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देना एवं वंचित लोगों को इस योजना का लाभ दिलवाने का कार्य वृहद रूप में किया जाना है।इसी क्रम में मंडल कार्यसमिति की बैठक में रजौली भाजपा परिवारजनों साथ बैठक कर विस्तृत रूप से चर्चा कर महा जनसंपर्क अभियान को रजौली मंडल में सफल बनाने का निर्णय लिया गया।मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हमारी मोदी सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में कई जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना इसके तहत पूरे देश में एक करोड़ घरों को मजंरी मिल चुकी है।प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत पूरे देश में 47.8 करोड़ बैंक खाते खुलवाये गए है।अकेले बिहार में 3 करोड़ 71 लाख लोगों को जन-धन खाता खुल चुका है।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पूरे देश में 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक अकाउंट में तीन शिफ्ट में 6000 रूपये का लाभ मिल चुका है।अकेले बिहार में लगभग 81 लाख लोगों को लाभ मिल चुका है।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन का लाभ मिल चुका है।प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है।प्रधानमंत्री हर घर नल-जल मिशन योजना के तहत 11.44 करोड़ घरों को नल से जल का लाभ मिल चुका है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.17 करोड़ पक्के घरों का निर्माण चल रहा है।प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या पूरे देश में 23.06 करोड़ है।अब तक लगभग 4.86 करोड़ से अधिक लोगों का ईलाज हो चुका है।पूरे देश में भारत कितना खास है ये जी-7 सबमिट में देखने को मिला कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने खुद चलकर मोदी के पास आये और गले मिले।बाइडेन ने पीएम मोदी का ऑटोग्राफ मांगा और बोला कि अमेरिका में आपके आगमन से सिडनी में 20 हजार जो कैपिसिटी का हॉल है, वो भी छोटा पड़ गया है।ये हम-सब भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है कि आज पूरे देश में मोदी जी की लोकप्रियता का ये जीता-जागता प्रमाण है।मोदी जी की लोकप्रियता एक बार फिर विश्व पटल पर गलोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में हमारे प्रधानमंत्री मोदी सबसे पसंदीदा लीडर चुने गये।78 प्रतिशत अप्रूवल के साथ मोदी जी का स्थान टॉप पर आया है।इस मौके पर महामंत्री संतोष वर्मा,राहुल पांडेय मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार,संजय कुमार अधिवक्ता,रंजन कुमार बब्लू,पवन कुमार,इंदु देवी,रेखा देवी, नवीन कुमार,धनंजय कुमार, मुसाफिर चौधरी,देवेन्द्र प्रसाद दीवान,पिन्टू वर्मा,सुरेन्द्र सिंह, मानदेव तुरिया,पिंटू वर्मा,सुरेश मालाकार,नुनू राजवंशी,मुन्ना सिंह,दीपक कुमार दीपू,रंजीत कुमार,विमल राजवंशी,कारू राम,राकेश कुमार,मुन्ना चंद्रवंशी, संदीप कुमार,मनीष कुमार,वीरेन्द्र प्रसाद के अलावे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

वाहन ने दो युवक को रौंदा, मौत ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

पकरीबरावां (नवादा)। नवादा-जमुई स्टेट हाईवे पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे की है। दूल्हा-दुल्हन को लेकर लौट रही एक कार ने सड़क किनारे बैठे लोगों को रौंद दिया। इसके बाद गाड़ी सड़क किनारे खड़े कोल्ड ड्रिंक्स से भरे ट्रक से टकरा गई। लोगों ने बताया कि दूल्हा- दुल्हन को लेकर कार नवादा की ओर से आ रहा था। कार की रफ्तार काफी तेज थी। भगवानपुर गांव के समीप ड्राइवर को झपकी आ गई। जिससे चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार ने दो लोगों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में भगवानपुर गांव के विमल मिस्त्री के 40 वर्षीय पुत्र शंकर मिस्त्री और भजन डोम के 45 वर्षीय पुत्र मूडल डोम की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर वाहन छोड़ भाग निकला। वहीं, दूल्हा-दुल्हन को ग्रामीणों ने घेर अपने कब्जे में कर लिया।

दूल्हा-दुल्हन के साथ चार लोग हुए जख्मी- बताया गया कि कार में दूल्हा-दुल्हन के साथ चार लोग सवार थे। दोनों नवादा जिला से शादी कर के बांका जिला जा रहे थे। हादसे में दूल्हा मो गौहर शेख (25 साल) और दुल्हन अक्तरी खातून (18 साल) के साथ कौमू नीशा (65 साल), मो अफसर (31 साल) भी जख्मी हो गया और इसे सीएचसी पकरीबरावां में प्राथमिकी इलाज के बाद रेफर कर दिया गया।

ग्रामीण और परिजनों ने किया सड़क जाम- इस बीच ग्रामीणों ने सड़क जाम कर नवादा-जमुई स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। घटना और जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, पकरीबरावां थानाध्यक्ष रवि भूषण दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

मृतक के आश्रितों को दिए 20 हजार रुपये- पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पारिवारिक लाभ योजना अंतर्गत मृतक के आश्रित को 20 हजार दिए। साथ ही हर संभव सरकारी सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

दो घंटे बाद लोगों ने हटाया जाम- प्रखंड विकास पदाधिकारी के आश्वासन के बाद करीब 2 घंटे बाद नवादा-जमुई स्टेट हाईवे पर आवागमन बहाल हुआ। इधर, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त के दोनों वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, दोनों डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

राजद द्वारा आयोजित अम्बेदकर परिचर्चा में भाजपा पर साधा निशाना

वारिसलीगंज । प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वामी सहजानन्द स्मारक भवन परिसर में शनिवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राजद कार्यकर्ताओं ने अम्बेदकर परिचर्चा का आयोजन किया। प्रखण्ड राजद अध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में मौजूद राजद के प्रदेश सचिव श्रवण कुशवाहा ने कहा कि परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य है कि बाबा साहेब के विचारों को घर घर पहुंचाना है,बाबासाहेब के संविधान को बचाना है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी के प्रदेश महासचिव उत्पल बल्लभ एवं जिला से नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ० परमेश्वर मण्डल ने कहा कि आज वर्तमान हालत में केंद्र की मोदी सरकार देश के संविधान और बाबा साहब के अरमान को ध्वस्त करने में लगी हुई है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उप विकास आयुक्त ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता। नवादा

आत्मा नवादा के द्वारा आज जिला कृषि प्रक्षेत्र (षोभिया), नवादा में खरीफ महाअभियान 2023 का दीपक कुमार मिश्रा प्रभारी जिला पदाधिकारी नवादा ने दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय कार्यषाला-सह-प्रषिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किये। *इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कृषि अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से संबंधित सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। फसल अवषेष प्रबंधन में अच्छी प्रगति हुई है। इसको शत-प्रतिशत अनुपालन कराना है। श्री गुंजन कुमार सहायक निदेशक कृषि ने कहा कि सोयावीन का बीज पायलट प्रोजेक्ट के तहत कलस्टर में लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावे मोटे अनाज में यथा-मरूआ, बाजरा, सामा फसल का उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसका शुभारम्भ कर दिया गया है। हरित चादर योजना के तहत् ढ़ैंचा का बीज वांछित किसानों के बीच 27 क्विंटल वितरित किया गया है। खरीफ फसल उत्पादन के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय सवौर में 16 बैच में 25-25 यांत्रिक/किसानों को कृषि यंत्रों को मरम्मत के लिए विषेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर श्री सत्येन्द्र प्रसाद जिला सूचना जन-सम्पर्क पदाधिकारी ने खरीफ महाअभियान के अवसर पर कहा कि किसानों को सुविधा के लिए बिहार सरकार के द्वारा अनेकानेक कल्याणकारी योजनाएं सुसंचालित की जा रही है। इससे किसान कम समय और कम लागत से बेहतर पैदावार और उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं को सभी किसानों तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान सलाहकार एटीएम और बीटीएम को कृषि से संबंधित उत्तम तकनीक और योजनाओं को लागू करने के लिए निर्देश दिया गया। इसके अलावे श्री अभिषेक रंजन सहायक निदेशक आत्मा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कृषि फार्म अधिकारी श्रीमती राजकुमारी ने भी खरीफ महाअभियान को सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा कृषि के क्षेत्र में नये कृषि यंत्रों का उपयोग, बिहार सरकार द्वारा दी जाने वाली कृषि यंत्रों पर अनुदान एवं पराली प्रबंधन पर चर्चा की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र से आये हुए वैज्ञानिक श्री रौषन कुमार द्वारा खरीफ मौसम में होने वाले समस्त कृषि कार्य, मौसम के अनुकूल कृषि कार्य, जैविक खेती एवं इसके फायदे के बारे में जानकारी दी गयी। आज की कार्यशाला में नवादा जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं विज्ञान सलाहकार को सम्मानित किया गया। नव नियुक्त प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं बेहतर ढ़ंग से सरकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए कई आवष्यक निर्देश दिया गया।

नगर आयुक्त कार्यालय में पार्षदों ने की तालाबंदी, मुख्य द्वार को बंद कर नगर प्रशासन मुर्दाबाद के लगाए नारे

सासाराम। नगर निगम सासाराम में शनिवार को आयोजित बैठक के दौरान नगर आयुक्त एवं नगर निगम के जनप्रतिनिधियों के बीच जमकर हंगामा देखने को मिला। दरअसल नगर निगम के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बीते कई दिनों से विवाद चल रहा है। जिसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है तथा विकास कार्य भी अवरुद्ध हो गए हैं। बता दें कि शनिवार को नगर निगम के सभागार में नगर आयुक्त एवं जनप्रतिनिधियों के बीच एक बैठक चल रही थी। इसी दौरान प्रशासनिक कैमरे को देख मेयर सहित सभी पार्षद भड़क उठे तथा बैठक का बहिष्कार करने लगे। इस दौरान कैमरे को लेकर नगर आयुक्त तथा नगर निगम के जनप्रतिनिधियों के बीच जमकर हंगामा भी हुआ। जिसके बाद सभी जनप्रतिनिधि सभागार से बाहर निकल गए और कुछ देर तक हो हल्ला के पश्चात नगर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मामला यहीं नहीं थमा नगर निगम के सामने जीटी रोड पर मेयर, उपमेयर एवं पार्षद निगम कार्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर बैठ गए। वहीं हो-हल्ला को देखते हुए नगर आयुक्त यतेन्द्र कुमार पाल नगर निगम से निकल पड़े। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त के कार्यालय में तालाबंदी कर दी। इधर सूचना पाकर एसडीएम मनोज कुमार, एसडीपीओ संतोष कुमार राय तथा नगर थानाध्यक्ष भी अपने दल बल के साथ पहुंच गए तथा आक्रोशित जनप्रतिनिधियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। लेकिन आक्रोशित जनप्रतिनिधि नगर निगम के पदाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जनप्रतिनिधियों का आरोप था कि नगर निगम के पदाधिकारी जनता के टैक्स के पैसों का अपने ऐसो आराम में खर्च कर रहे हैं तथा शहर के विकास कार्यों को भी बाधित किया जा रहा है।इस संदर्भ में नगर निगम की मेयर काजल कुमारी का आरोप है कि बिना संपुष्टि के बैठक की वीडियोग्राफी कराना उचित नहीं है।जबकि नगर आयुक्त यत्येंद्र कुमार पाल ने बताया कि सभी तरह के बैठक में प्रशासनिक कैमरा लगा रहता है यह कोई नई बात नहीं है। गौरतलब हो कि बिहार में मॉनसून के दस्तक देने में लगभग 1 महीने से भी कम समय बचा हुआ है तथा शहर की दुर्दशा किसी से छिपी हुई नहीं है। ऐसे में नगर आयुक्त और पार्षदों के बीच विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि बरसात नजदीक है और अब तक न तो मुख्य नाले की सफाई हुई है और न हीं गलियों में नालियों की। शहर की जनता पेयजल गंदगी समेत तमाम असुविधाओं से परेशान है लेकिन अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपस में कमीशन के लिए खींचातानी कर रहे हैं जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है।

पुलिस ने पांच सौ लीटर महुआ पास शराब को किया विनष्ट

नासरीगंज(रोहतास):- कच्छवा थाना क्षेत्र के सोन नदी में थानाध्यक्ष मितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के द्वारा पांच सौ लीटर महुआ पास शराब को विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के पुलिस जवान के द्वारा सोन नदी में करीब पांच सौ लीटर महुआ पास शराब को विनष्ट किया गया। वहीं पुलिस की भनक मिलते ही शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

तेज आंधी में नलजल की टँकी गिरा

नासरीगंज(रोहतास):- प्रखण्ड के धनाव पँचायत के वार्ड 12 में शुक्रवार की शाम अचानक तेज आंधी व बारिश में नल जल की टँकी जलमीनार से गिर कर चकनाचूर हो गया। उक्त टँकी चालू स्थिति में थी और पानी पूरी तरह टँकी में भरा हुआ था। तेज आंधी में पानी से भरी टँकी ऊंचाई से गिर कर टुकड़े-टुकड़े हो गई। पानी की टँकी के टूटने से वार्ड 12 की नल जल आपूर्ति अब बाधित हो गई जिससे वार्डवासियों को नल के जल की समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ड 12 के वार्ड सदस्य श्रवण कुमार ने बताया कि तीव्र गति से आंधी उठी उसमें टँकी जलमीनार से गिर कर टूट गई है जिसकी सूचना मुखिया व बीडीओ को दी जा चुकी है।

मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

बिक्रमगंज(रोहतास) निज संवाददाता । नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई ।जिसकी अध्यक्षता सुनील कुमार सिंह तथा संचालन अरविंद भारती ने की । सर्वप्रथम भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की गई । तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया । काराकाट लोकसभा संयोजक ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने मंडल कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि हमें 30 मई से 30 जून 2023 तक जनसंपर्क अभियान चलाना है । इस अभियान के अंतर्गत हमें प्रेस वार्ता एवं संवाद सोशल मीडिया संवाद विकास तीर्थ पर्यावरण दिवस 7 एवं 8 जून को वरिष्ठ कार्यकर्ता भोजन एवं परिचर्चा । 10 एवं 11 जून को व्यापारी सम्मेलन लोकसभा स्तर पर करना है । 12:13 एवं 14 जून को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन विधानसभा स्तर पर करना है । 15 जून से 20 जून तक लाभार्थी सम्मेलन विधानसभा स्तर पर करना है । 23 जून को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सभी बूथों पर होगी । उन्होंने कहा कि 20 से 30 जून तक घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाना है । ग्रामीण मंडल के प्रभारी अखिलेश्वर पांडेय ने प्रत्येक बिंदुओं को परिभाषित करते हुए सफलता हेतु अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए । मंडल कार्यसमिति में सभी अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित थे । उनमें धनंजय सिंह , संकटा सिंह , परिव्राजक राकेश शर्मा , सतीश कुमार, बद्री नारायण दुबे , मुन्नालाल , मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता , मदन प्रसाद गुप्ता , गुलाबचंद साह , रितेश सिंह , बृजेश सिंह ,कुश पांडेय , राजेश साह , बलिराम चौधरी ,इंद्रदेव सिंह ,सरोज सिंह ,काशीनाथ पासवान, महेंद्र प्रसाद, लालजी शर्मा , संतोष पांडेय , संजय तिवारी ,गौतम तिवारी ,देवेंद्र नाथ पांडेय , विनोद कुमार मिश्र , राजबली सिंह , शशि भूषण मिश्रा , विश्वजीत कुमार , मुन्ना राम इत्यादि । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ ।

थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज

बिक्रमगंज(रोहतास) निज संवाददाता । काराकाट थाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकाट के महुअरी ग्राम के धर्मदेव पासवान का 24 वर्षीय पुत्र अमित कुमार दिनाक 10/05/23 को संध्या 5 बजे के करीब अपने घर से निकल कर कहीं चला गया । परिजनों के तरफ से काफी खोजबीन किया गया । उसके बावजूद भी अमित कुमार नहीं मिल पाया । लापता युवक के भाई शंभू कुमार के द्वारा काराकाट थाना में अपने भाई के गुमसुदगी को लेकर लिखित आवेदन दिया है । थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि गुमसुदगी का लिखित आवेदन मिला है । जिस घटना की जांच पुलिस कर रही है ।

डायरिया के प्रकोप में आया सुधार घर लौटे दोनो मासूम, स्वास्थ्य में सुधार

संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड के सोनी गांव में दो दिनों से फैली डायरिया के प्रकोप में सुधार हुआ है। लोगो के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कई लोग अस्पताल से घर लौट आए है। नागेंद्र सिंह के दोनो बीमार बच्चे भी अस्पताल से घर लौट आए है। मासूम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार है। हालांकि अपने दो संतानों को मौत की सदमे में आज भी मां जीवन व मौत से जंग वाराणसी में लड़ रही है। बता दे कि दो दिनों में एक ही परिवार के दो मासूमों की मौत हो गई। मृतक भाई - बहन हैं। शुक्रवार को दोपहर बीडीओ मोहम्मद सरफ़राजूद्दीन अहमद के निर्देश पर पहुंची मेडिकल की टीम ने दोनों बीमार बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज भेजवाया था। एक दर्जन ग्रामीणों का इलाज संझौली व बिक्रमगंज के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था, जिसमे अधिकांश घर लौट आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 24 मई को दोपहर अचानक नागेंद्र सिंह के 10 वर्षीय बच्चे प्रिंस वा 25 मई को नागेंद्र का दो साल की पुत्री सोना की मौत हो गई थी।

किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाए: प्रभारी डीएम, जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सासाराम। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्ध अभिकरण व आत्मा रोहतास के तत्वावधान में शनिवार को जिलास्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के फजलगंज स्थित मल्टीपरपज हॉल में प्रभारी जिलाधिकारी शेखर आनंद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया तथा अपने संबोधन में जिले के सभी प्रखंड व पंचायत प्रसार कर्मियों को कई दिशा निर्देश जारी किए। समय से खरीफ बीज वितरण एवं पीएम किसान के लाभुकों का ईकेवाईसी करने का निर्देश देते हुए प्रभारी डीएम ने कहा कि कॉम्फेड से सम्बंधित सर्वे का कार्य ससमय पूर्ण करें। जिससे खरीफ मौसम 2023 की विभागीय योजनाओं का लाभ योग्य किसानों को प्राप्त हो सकें तथा पीएम किसान के लाभुकों को भी अगामी किस्त मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि अगामी दिनों में प्रखंडस्तरीय खरीफ कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कृषकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाय ताकि उनकी तकनीकी ज्ञान का सम्बर्द्धन किया जा सकें। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा खरीफ उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई एवं प्रखंडवार खरीफ योजनाओं का लक्ष्यवार विखण्डन करते हुए सभी प्रखंडों के कृषि पदाधिकारियों व प्रसार कर्मियों को बताया गया। राज्यस्तर से आये नोडल पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण द्वारा कार्यशाला के माध्यम से विभागीय निर्धारित खरीफ मौसम 2023 के लिए कृषि विभाग कि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा निदेश दिया गया कि बदलते जलवायु परिवर्तन में खाद्य सुरक्षा हेतु श्री अन्न को प्रोत्साहित किया जाए। हरी खाद अन्तर्गत वितरण ढांचा बीज की शत प्रतिशत बुआई कराई जाए। जबकि वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र बिक्रमगंज एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ मौसम में उगाये जाने वाली फसलो की वैज्ञानिक विधि से खेती की जानकारी दी गई। आत्मा योजना के कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी आत्मा के उप परियोजना निदेशक रोहतास द्वारा दिया गया। साथ हीं सहायक निदेशक पौधा संरक्षण द्वारा आगामी खरीफ में पौधा संरक्षण योजनाओं एवं सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण द्वारा सामुहिक यंत्र बैंक का लाभ आत्मा आधारित समूहों के माध्यम से प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभाग यथा पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण, पौधा संरक्षण, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, कृषि यंत्रिकरण के योजनाओं की जानकारी जिलास्तरीय कर्मशाला के माध्यम से दी गई। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र विक्रमगंज से डा रतन, जिला विकास प्रबन्धक सुनील कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा सौरभ कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार, अकरम अंसारी, संभावना कुमारी, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, डा० रामाकान्त, प्रतिमा कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित जिले के सभी किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक उपस्थित रहे।

जनता दरबार में 13 में 4 मामले का निष्पादन

नासरीगंज(रोहतास):- स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को सीओ अमित कुमार व थानाध्यक्ष सुधीर कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। जिसमे दो नया मामला आया, जबकि आठ पुराने मामले पहले से लंबित थे। जिसमे तीन पुराने मामले का निष्पादन कर दिया गया। वहीं दो नए व पांच पुराने कुल सात मामले को ले आवेदक को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार मे बुलाया गया है। वही कच्छवा थाना परिसर में आरओ चन्दन चौधरी व थानाध्यक्ष मितेश कुमार के द्वारा जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एक नया मामला आया, जबकि दो पुराना मामला पहले से लंबित थे। जिसमें एक पुराने मामले का निष्पादन किया गया।

G20
सत्यमेव जयते
भारत सरकार
प्रशिक्षण महानिदेशालय
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय
Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रवेश सूचना - 2023-24 पाठ्यक्रमों के लिए

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआइज) तथा प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान (आईटीओटीज) में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जाएगा जो 08.07.2023 को निर्धारित की गई है। देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली सीबीटी (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश हेतु वेबसाइट www.nimionlineadmission.in पर दिनांक 01.06.2023 से 17.06.2023 के बीच आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी विवरण वेबसाइट: www.nimionlineadmission.in पर उपलब्ध होंगे।

CBC 63101/11/005/2324

कच्छवा से पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

नासरीगंज(रोहतास): कच्छवा थाना क्षेत्र के कच्छवा से स्थानीय पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि कछवां निवासी रौशन साह को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार शराबी को मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक शराब पीने की पुष्टि होते ही उसे जेल भेज दिया गया। तत्पश्चात गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

जिप सदस्यों की सामान्य बैठक संपन्न

सासाराम। जिला परिषद की सामान्य बैठक शनिवार को डी०आर०डी०ए० के सभागार भवन में आहूत की गयी। जिसमें उपस्थित उप विकास आयुक्त सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद रोहतास, सासाराम के साथ-साथ एमएलसी निवेदिता सिंह, अध्यक्षा पूमन भारती, उपाध्यक्षा वन्दना राज एव संबंधित सदस्यगण तथा पदाधिकारीगणों के साथ बैठक की गयी। एजेण्डा के मुख्य बिन्दु 12 नवंबर 2022 को संपन्न जिला परिषद की सामान्य बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन तथा प्राप्त अनुपालनों पर विचार जिला परिषद का आय-व्यय की समीक्षा, जिला परिषद का वित्तीय वर्ष 20-21, 21-22, 22-23 एवं 23-24 का बजट का अनुमोदन, वार्षिक योजना का चयन 15वीं, षष्टम, मनरेगा एवं अन्य योजना तथा अन्यान्य विषय पर समीक्षा की गयी।

तेज आंधी और बारिश में सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित, 15 घण्टे बिजली रही गुल

नासरीगंज(रोहतास): प्रखण्ड क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम में अचानक मौसम में परिवर्तन के बाद आई तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया और पिछले कुछ दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि तेज आंधी-पानी से कोई बड़ी क्षति तो नहीं हुई। करीब एक घंटे तक तेज हवा तथा बारिश से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वही तेज आंधी पानी के कारण आम की फसलों को काफी नुकसान हुआ। जिससे किसानों में मायूसी छा गई। वहीं डिहरी-बिक्रमगंज एनएच 120 पर प्रखंड के बलिया के समीप सड़क मार्ग पर पेड़ गिरने से लगभग छह घण्टे तक आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों के द्वारा पेड़ को काटकर जब तक मुख्य सड़क से हटाया जाता तब तक बलिया से लेकर घुस तक करीब चार किलोमीटर तक दो साइड वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। हालात ऐसे भयावह थे कि लगभग पांच से छह घण्टे तक सभी तरह के वाहने जाम में फसी रही। सड़क जाम में बारात व तिलक में जाने वाले वाहन भी फंसे रहे। जिसके कारण बरातियों को काफी परेशानी हुई। वही शुक्रवार की देर शाम आई तेज आंधी और बारिश के बाद अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। प्रखंड मुख्यालय सहित नगर पंचायत क्षेत्र में भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि तेज आंधी और बारिश के कारण प्रखंड व नगर की विद्युत आपूर्ति शाम छह बजे से सुबह करीब नौ बजे तक करीब 15 घंटे तक बाधित रही। रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रही जिससे शहरवासियों व ग्रामीण वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर कई घरों में पानी की किल्लत हो गई। करीब 15 घण्टे तक बिजली कटौती के कारण इंवर्टर की बैट्री भी पूरी तरह से जवाब दे दिया। बिजली कटने से टँकी में पानी खत्म होने के बाद पानी की समस्या सबसे ज्यादा उत्पन्न हुई। विधुत एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि तेज आंधी पानी के कारण कई जगहों पर बिजली के तार व पोल छतिग्रस्त हो गए थे ।

28 वर्षीय युवक की मौत

डेहरी। रोहतास जिला अंतर्गत इंद्रीपुरी थाना क्षेत्र के शंकरपुर घाट पर एक 28 वर्षीय युवक की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई। शंकरघाट पर लावारिश शव को देख स्थानीय लोगों ने इसकी तत्काल सूचना इंद्रपुरी थाना को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान में जुट गई। मृतक की पहचान डेहरी थाना क्षेत्र के तार बंगला मोहल्ला वार्ड नंबर 38 के रहने वाले चंदन कुमार चौधरी के रूप में की गई। वही, परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए घाट मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। पुलिस ने बताया की चंदन कुमार चौधरी को संदेहास्पद स्थिति में मौत हुई है। मृत्यु कैसे हुई है इसकी जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा हो पाएगी। वही परिजनों ने बताया की युवक के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं फिर भी मौत कैसे हुई। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए रोहतास एसपी से जांच की की मांग।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर–मेदिनीनगर

पत्रांक...../ मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर दिनांक...../2023

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023–24 दिनांक 27.05.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर।
2. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्र की का स्थान :– मुख्य अभियंता(याँत्रिक), जल संसाधन विभाग, राँची/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई याँत्रिक अंचल, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर का कार्यालय।
4. अग्रधन की राशि :– रू0. 6600.00(रूपेय छः हजार छः सौ)
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– कार्यालय याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर।
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.06.2023 से 13.06.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
6. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 14.06.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 14.06.2023 को 3:30 बजे अपराहन ।

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5
1	नकटीनाला वीयर योजना के याँत्रिक कार्य।	3,29,480.00	750.00	04(चार) माह।

नोट : 1. निविदा की शर्तें प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता हैं।
2. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर।

PR 298510 District(23-24)D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 31/05/2023 दिन बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान **(Govt. ITI)** परिसर, रेड़मा, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

S. No	Company Name	Name of the Post	Category	No. of Vacancy	Qualification	Age	Salary	Place of Work
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	Metacentric Infotech Pvt. Ltd.	Machine Operator	Male	200	10th/ 12th/ ITI/ Diploma	18-45	18,800	Pune
		Sales Executive	Female	100	Graduation		20,000	Jharkhand
		NMT Engineer	Male	100	ITI		22,000	
		Helper	Male	50	Graduation		22,000	

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 298486 District (23-24)_D

कार्यालय: जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
समाहरणालय परिसर लातेहार

कार्यालय-आदेश

लातेहार जिलान्तर्गत प्रारंम्भिक विद्यालयों शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि विभिन्न ग्रेडो में प्रोन्नति हेतु औपबंधिक मास्टर वरियता सूची तैयार कर जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड की गई है, तथा उक्त सूची सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई है। जिले के सभी संबंधित शिक्षक जिला के वेबसाईट एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध सूची का अवलोकन करते हुए संतुष्ट हो लेंगे कि आपके नाम के सामने अंकित सभी प्रवृष्टी सही एवं सत्य है अंकित प्रवृष्टी में यदि किसी तरह का सुधार की आवश्यकता हो तो अपनी आपत्ति स्पष्ट आवेदन में अंकित करते हुए साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय को दिनांक 25.06.2023 के अपराहन 5:00 बजे तक उपलब्ध कराना सूनिश्चित करेगे।

औपबंधिक मास्टर वरियता सूची में यदि किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम अंकित नहीं है तो पूर्व में उपलब्ध कराये गए विहित प्रपत्र में सभी प्रविष्टी अंकित करते हुए अपना फोल्डर नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से साक्ष्य सहित उपलब्ध करायेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक
लातेहार

PR 298509 Human Resource Developement (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
याँत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।
अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना
द्वि–लिफाफा पद्धति
अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/03/2023–24 दिनांक–27/05/23

1.	कार्य का नाम	Restoration work of New Gates (Emergency and Service gate) embedded parts, Hoisting arrangement, platform & shade C/R gate of Chain no. 10, H/R gate of Chain no. 10 Trash rack of **BUTANDUBA RESERVOIR SCHEME.**
2	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	57,31,756 (सनतावन लाख इक्कतीस हजार सात सौ छप्पन) मात्र।
3	कार्य समाप्ति की अवधि	10(दस) माह।
4	अग्रधन की राशि (रुपये में)	रू0 1,14,700.00 (एक लाख चौदह हजार सात सौ) मात्र।
5	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय	06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन्)।
6	आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराहन तक)।
7	परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय	13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)।
8	ई–निविदा (Technical Bid) खुलने की तिथि एवं समय	दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराहन्)।
9	निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, याँत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।
10	प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर	8986668073
11	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0	0651–249232

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
याँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

PR 298515 District(23-24)D

राइट- टू- एजुकेशन फोरम गया का शिक्षक आंदोलन समर्थन

गया: राइट टू एजुकेशन फोरम गया चैप्टर ने नई अध्यापक नियुक्ति नियमावली पर माध्यमिक शिक्षक संघ के मांगों का समर्थन किया है। फोरम के संयोजक रणजीत बाणभट्ट ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। श्री बाणभट्ट ने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान हमारी सांस्कृतिक परंपरा रही है और यह सम्मान समाज के शैक्षिक-सांस्कृतिक विकास के लिए आवश्यक भी है। लेकिन जो शिक्षक दशकों से राज्य के विकास में निष्ठापूर्वक योगदान करते आ रहे हैं। उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा नहीं दिया जाना और पुन: नए सिरे से आयोग की परीक्षा में ढकेला जाना किसी भी दृष्टि से संगत नहीं है। इससे शैक्षिक वातावरण में अस्थिरता और उहापोह की स्थिति उत्पन्न होगी, जो राज्य के लाखों बच्चों को प्रभावित करेगी।

संदिग्ध अवस्था में बैर के पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

जहानाबाद: परसबीघा थाने के मांदिल गांव स्थित एक ईंट भट्ठे से एक मजदूर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक झारखंड के गुमला थाना अंतर्गत क्षेत्र के रहने वाले गुड्डू कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से सागर ईट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था और गुरुवार की शाम से वह लापता था। देर रात वापस नही आया तो रात में उसकी खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चला। सुबह होने पर सूचना मिली की उसका शव पास के बैर के पेड़ से लटका हुआ है। जिसके बाद परिजन और साथ में काम करने वाले मजदूर मौके पर पहुंचे गए। बाद में घटना की जानकारी भट्ठा संचालक एवं पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

घोसी में पैसे के लिए हुई मारपीट में तीन घायल

जहानाबाद: स्थानीय थाना क्षेत्र के अतियामा गांव में आपसी विवाद को लेकर चाचा एवं भतीजे के बीच शुक्रवार को जबरदस्त मारपीट हो गई। इस मारपीट में देवेंद्र यादव एवं मिट्ठू यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका इलाज पीएचसी घोसी में कराया गया। वहीं मारपीट में देवेंद्र यादव के चाचा को भी हल्की चोट आयी। बता दें कि विवाद का मुख्य कारण पैसे का बंटवारा बताया जाता है। इस संदर्भ में एक पक्ष का बताना है कि लगभग एक वर्ष पूर्व भुरी यादव की मौत फल्गु नदी में डूब जाने के कारण हुआ था। नदी में डूबने के कारण भूरी की पत्नी फुलवा को आपदा के तहत चार लाख रुपए मिले थे। पैसे को लेकर फुलवा एवं देवर के बीच बात बढ़ी और मारपीट होने लगी अपने मां को पीटता देख बचाने आए बेटे के साथ भी चाचा उलझ गए और मारपीट होने लगी।

गया में बारात गए युवक की पीट-पीटकर हत्या

घर लौटने के दौरान रास्ते में लाठी-डंडे से हमला

गया: गया में शुक्रवार की देर रात बारात में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने कहा कि साजिश के तहत हत्या की गई है। मृतक की पहचान चंदौती थाना क्षेत्र के बलना गांव निवासी कमलेश कुमार चौधरी (30) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा गया। घटना बेलागंज थाना के नीमचक गांव की है।

घटनास्थल पर ही हो गई मौत : चंदौती थाना क्षेत्र कोरमा पंचायत के बलना गांव से सुरेश यादव के पुत्र संगम कुमार की बारात बेलागंज थाना क्षेत्र के नीमचक गांव गई थी। बारात से जब कमलेश वापस घर आ रहा था, तभी किसी ने रॉड व लाठी-डंडा से पीट-पीटकर उसे मार डाला। युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। वहीं, शनिवार की सुबह युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लाया गया है।

किसने मारा, क्यों मारा स्पष्ट नहीं : मृतक युवक की पत्नी रंजू देवी ने कहा कि बेलागंज के नीमचक गांव में मेरे पति बारात गए थे, तभी किसी ने साजिश के तहत उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। किसने मारा हैं यह पता नहीं चल सका है, लेकिन जहां बारात गई थी, वहीं गांव के कुछ लोगों ने हत्या की है।

बारात में डीजे बजाने के लिए विवाद हुआ था : प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बारात में डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ, काफी समझाने के बाद मामला शांत हो गया था। जिसके बाद दहेज के लेकर भी विवाद हुआ था। कमलेश कुमार चौधरी की हत्या किस वजह से हुई है, यह अबतक स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन किसी साजिश के तहत हत्या की गई है। बेलागंज थानाध्यक्ष ने कहा कि बारात गए युवक की पीट-पीटकर हत्या की गई है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी हैं उन्हें शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

क्षत विक्षत युवक का शव रेल लाइन के बीच बरामद

मानपुर: मुफस्सिल थाना अंतर्गत गया- धनबाद रेल खंड स्थित शहीद ईश्वर चौधरी हाल्ट से आगे आरओबी के नीचे शुक्रवार सुबह लगभग 8बजे 30वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ।आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि हत्या कही अन्यत्र कर साक्ष्य को खत्म करने के लिए शव को रेलवे लाइन के बीच डाल दिया है। वही प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो शव दो लाइन के बीच था।

सुबह शौच के लिए गए व्यक्ति द्वारा शव होने की जानकारी दी गई।जिसके बाद रेलवे लाइन पर संदेहास्पद स्थिति में शव का सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। पहचानने का प्रयास किया गया। लेकिन पहचान नहीं हुई।इधर घटना कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है।

गया में नक्सली कमांडर के साले ने की आत्महत्या, फंदे से लटकता मिला शव

गया: गया में नक्सली कमांडर की नई जिम्मेदारी संभालने वाले विवेक यादव के साले सुरेश यादव ने खुदकुशी कर ली है। सुरेश यादव इमामगंज क्षेत्र के कसियाडीह का रहने वाला था। खुदकुशी को लेकर इलाके में कई तरह की चर्चा है। बताया यह भी जा रहा है कि सुरेश यादव और उसकी पत्नी के बीच बीते कुछ समय से अनबन चल रही थी। वहीं ग्रामीणों के बीच चर्चा यह भी कि नक्सली विवेक यादव की ओर से कमांडर की जिम्मेदारी संभाले जाने की वजह से पुलिस और सीआरपीएफ की सुरेश यादव के घर और रिश्तेदारों पर निगरानी बढ़ गई है। इस बात को लेकर भी घर में तनाव चल रहा था।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर डीएसपी मनोज राम का कहना है कि मृतक सुरेश के परिजनों ने थाने में सुसाइड का मामला दर्ज कराया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सुरेश यादव ने फांसी लगा कर आत्महत्या की है।

विवेक की तलाश में हैं पुलिस और सीआरपीएफ : विवेक यादव उर्फ सुनील यादव इन दिनों पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है। बीते दिनों झारखंड में हुए मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए थे। उसमें एक बिहार-झारखंड के बॉडर का कमांडर भी था। सूत्रों के अनुसार नक्सली कमांडर के मारे जाने की घटना के बाद विवेक को ही जिम्मेदारी मिली है। यही वजह है कि पुलिस और सीआरपीएफ विवेक को पकड़ने के लिए दिन रात एक किए हुए है, लेकिन वह पकड़ में फिलहाल नहीं आ रहा है।

नालंदा सदर अस्पताल में लगी आग, आंधी से हुआ शॉर्ट सर्किट

» 2 घंटे तक इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज और परिजन रहे परेशान

नालंदा: सदर अस्पताल के ओपीडी वार्ड में शनिवार को अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। गनीमत रही कि वहां मौजूद कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, नहीं तो आग विकराल रूप ले सकती थी। हालांकि बिजली के तार जल जाने के कारण 2 घंटे से भी अधिक समय तक ओपीडी महिला एवं इमरजेंसी वार्ड में बिजली गुल रही, जिसके कारण यहां भर्ती मरीज और उनके परिजन भीषण गर्मी में हलकान रहे।

वैकलिपक व्यवस्था नहीं : मेन लाइन के अलावे इमरजेंसी वार्ड में वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण भर्ती मरीज के परिजन हाथ पंखे के सहारे अपने मरीज को गर्मी से राहत देने में जुटे रहे। हालांकि कर्मी तुरंत जले बिजली के तारों को बदलने में जुट गए।

मरम्मत कार्य में जुटे बिजली कर्मियों ने बताया कि बीती शाम आई आंधी और बारिश के कारण तारों का आपस में संपर्क हो गया था। इसी कारण शॉर्ट सर्किट की वजह से शनिवार को आग लग गई। जले हुए तारों को बदल दिया गया है।

क्या बोले मैनेजर : सदर अस्पताल के मैनेजर सुरजीत कुमार ने बताया कि मेन लाइन में फॉल्ट आने की वजह से इमरजेंसी की भी लाइन बंद की गई है। इसे दुरुस्त किया जा रहा है। आगे इस तरह की कोई परेशानी न आए इसे लेकर भी सभी फॉल्ट वाले जगहों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है।

सेवानिवृत्त हवलदार को बेटे-बहू ने घर से निकाला, अपने नाम करा ली संपत्ति

जहानाबाद के कसवां गांव का मामला

गया: जहानाबाद जिला के परसबिगहा थानांतर्गत कसवां गांव निवासी कौशल कुमार को उनके ही बेटे-बहू ने घर से बाहर कर दिया। इतना ही नहीं बेटे ने उनके फर्जी हस्ताक्षर और जाली एफिडेविट के जरिए उनकी संपत्ति भी अपने नाम करा ली। अब उक्त वृद्ध व्यक्ति अपनी संपत्ति पाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहा है।

क्या है मामला? : जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर अंचल अंतर्गत कसवां गांव निवासी स्व. परशुराम शर्मा के पुत्र कौशल कुमार ने मगध प्रमंडलायुक्त को आवेदन देकर बताया है कि उन्हें व उनकी पत्नी तथा पुत्री को उनके एकमात्र पुत्र प्रेम कुमार उर्फ राजू एवं पुत्रवधु खुशबू ने करीब 10 वर्ष पहले मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब से वे जहानाबाद में किराए के मकान में रह रहे हैं। इसी बीच उनके बेटे ने उनके नाम से फर्जी एफिडेविट देकर उनकी सारी संपत्ति को अपने नाम से करवा लिया। इतना ही नहीं उक्त भूमि को कसवां गांव निवासी देवेंद्र कुमार के पुत्र ऋषिकेश वत्स को बेच दिया।

बिना जांच के कर दी गई भूमि की जमाबंदी : आवेदन में श्री कुमार ने बताया है कि उनके पुत्र प्रेम कुमार उर्फ राजू तथा पुत्रवधु खुशबू कुमारी द्वारा उनके नाम से फर्जी एफिडेविट कर उनकी संपत्ति को अपने नाम से करा लिया गया। इस संबंध में जब उन्होंने रतनी फरीदपुर के अंचलाधिकारी से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि पीड़ित व उनके पुत्र द्वारा दिए गए शपथ-पत्र जिसमें यह जिक्र किया गया है कि वृद्ध हो जाने तथा बीमारी के कारण उनके नाम पर चल रहे डिमांड को उनके एकमात्र पुत्र प्रेम कुमार उर्फ राजू के नाम पर स्थानांतरित कर दिए जाने की बात कही गई है पर राजस्व कर्मचारी ललन कुमार की रिपोर्ट के आधार पर उक्त जमाबंदी उनके बेटे के नाम पर स्थानांतरित की गई है।

न्यायालय में है केस पेंडिंग : उक्त भूमि पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 जहानाबाद के न्यायालय में टाइटल अपील संख्या 09/2018 चल रहा है। वहीं दूसरी ओर इससे संबंधित जमाबंदी रद्धीकरण वाद संख्या 32/22-23 जहानाबाद के अपर समाहर्ता के न्यायालय में भी लंबित है। भूमि पर उनके ही पट्टेदारों के द्वारा जबरन कब्जा की कोशिश की जा रही है।

मवेशी के लिए चारा लेने जा रहा युवक की करंट लगने से मौत

नालंदा: नालंदा में करंट लगने से शुक्रवार की शाम एक युवक की मौत हो गई है। मामला सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदी डीह के पास की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के खेमजी बीघा गांव निवासी स्वर्गीय गोविंद यादव के (35) वर्षीय पुत्र अरुण यादव के रूप में की गई है। परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए शनिवार की सुबह सदर अस्पताल पहुँचे।

अरुण यादव के भाई अजय यादव ने बताया कि उनका भाई शुक्रवार की शाम मवेशी के लिए पशु चारा लाने पास के गांव बिंदी डीह जा रहा था। तभी शाम में आई आंधी और बारिश के कारण 440 विधुत प्रवाहित तार टुटकर खेत मे गिरा हुआ था, जिसके संपर्क में आने से उनका भाई झुलस गया और उसकी मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा उन लोगों को सूचना मिली, इसके बाद वे लोग घटनास्थल पर पहुँचे और शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल आ गए।

अरुण यादव के चचेरे भाई की बेटी की आज बारात गांव में आने वाली थी। अचानक हुए इस हादसे के बाद शादी वाले घर में खुशियां मातम में बदल गई है। अरुण यादव अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। सिलाव थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है एवं यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

24 स्टैंडपोस्ट के समीप 60 लाख से लगेंगी नई बोरिंग

» पेयजल की समस्या से निपटने के लिए शहर के सभी खराब स्टैंडपोस्ट की मरम्मत का निर्णय

किस वार्ड में कहां-कहां खराब है स्टैंडपोस्ट

वार्ड 10 में हड़िया पोखर एवं पीसीपी कॉलेज के समीप, 11 में बड़ी शेखाना मस्जिद के सामने, नीमतल बड़ी शेखाना। 13 में खाजा अहमदपुर उर्दू विद्यालय तालाब पर। 14 में मिल्लत कॉलोनी के पास, मीरदाद बीघा पर के पास। 15 में धोबी टोला संगत गली मंदिर में। 20 में पावर ग्रिड के पास। 23 में उर्दू प्राथमिक विद्यालय गगनदीवान। 24 में जिला परिषद के पास सुधा बूथ के पीछे। 26 में काली चौक के पास भैंसासुर। 27 में पटेलनगर में गढ़पर। 28 में यादव टोली गौरागढ़। 29 में पासवान टोला बैगनाबाद, तकीयापर बैगनाबाद। 32 में बनौलिया हाट पर डोमटोली। 35 में पंडित गली शिव मंदिर। 37 में बैगनी खंड और वार्ड-42खड़डी कुंआ सालूगंज। 43 में पक्की तालाब के पास। और वार्ड- 44 महलपर स्थित खरहानी पर व रैन बसेरा कारगील बस स्टैंड। 46 में बजरंगबली के पास मीरगंज।

बिहारशरीफ: नगर निगम क्षेत्र में गहराते जल संकट के बीच वार्डों में बना स्टैंडपोस्ट बहुत बड़ी आबादी को राहत पहुंचा रहा है। जहां भी स्टैंडपोस्ट चालू अवस्था में है वहां की बड़ी आबादी को जरूरतों को यह पूरी कर रहा है। जबकि शहर में कई जगहों पर स्टैंड पोस्ट भी दम तोड़ चुका है। ऐसे में लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। लोगों की परेशानी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निपटने के लिए शहर के सभी खराब स्टैंडपोस्ट की मरम्मत करने का निर्णय लिया गया है।

इसके लिए सभी वार्ड पार्षदों से खराबस्टैंड पोस्ट जहां नई बोरिंग कराने की जरूरत है,की सूची मांगी जा रही है। अभी तक 24 स्टैंड पोस्ट की सूची प्राप्त हुई है जहां नई बोरिंग की आवश्यकता जताई गई है। अभियंता द्वारा तैयार किए गए डीपीआर के अनुसार प्रति बोरिंग करीब ढाई लाख खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुसार करीब 60 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इन स्टैंडपोस्ट के चालू होने के बाद शहरी क्षेत्र में काफी हद तक पेयजल की समस्या दूर होगी से।

वर्तमान स्थिति का किया जा रहा आकलन : नगर आयुक्त ने बताया कि जो भी खराब बोरिंग की सूची उपलब्ध कराई गई है, उसकी वर्तमान स्थिति का आकलन कराया जा रहा है। जहां पाइप निकालकर मरम्मत की जा सकती है उसे ठीक किया जाएगा और जो बोरिंग पूरी तरह खराब हो गयी है वहां नई बोरिंग करायी जाएगी। इसके अलावा यह भी देखना है कि कहां-कहां मशीन जा सकती है।

सफलता का शॉर्टकट नहीं, संघर्ष जरूरी

डॉ. धनंजय धीरज ने कहा

गया: शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा चलाए जा रहे हैं इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मध्य विद्यालय हरिओ में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बीएड प्रशिक्षुओं व विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बीएड के एचओडी डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

निरंतर संघर्ष से ही सफलता प्राप्त होती है। कहा कि विद्यार्थियों को सफलता के सोपान तक पहुंचाने का दायित्व शिक्षकों के कंधों पर ही है। शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने जीवन लक्ष्य को पाने में सफल होते हैं। मौके पर विद्यालय के हेडमास्टर मुरारी मिश्रा, इंटर्नशिप को-ऑर्डिनेटर अमरेंद्र कुमार, विद्यालय सुपरवाइजर डॉ. आर एन प्रदर्शनी व शिक्षा शास्त्र विभाग के सभी प्रशिक्षुओं के साथ-साथ काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

राजद ने अंबेडकर परिचर्चा का किया आयोजन

जहानाबाद: जहानाबाद में राजद पार्टी ने सदर प्रखंड के किनारी पंचायत भवन में अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में राजद नेता भाई वीरेंद्र ने भाग लिया और कहा की भाजपा द्वारा संविधान बदलने की प्रक्रिया चल रही है। इसी को लेकर अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि अगर 2024 में नरेंद्र मोदी की सरकार बन गई तो संविधान को बदल दिया जाएगा। इसलिए हम सभी लोग मिलकर भाजपा के सरकार को उखाड़ फेंकें। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बेरोजगारी महंगाई से आम जनता त्रस्त है। इसलिए ऐसी सरकार को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

राजद नेता ने कहा इस बार देश में होगा सत्ता का परिवर्तन: उन्होंने कहा कि बीजेपी अंग्रेजों का मुख भरी का काम करता था। इसलिए ऐसे लोगों के पास शासन नहीं रहना चाहिए इस शासन को वापस लेना चाहिए जब तक शासन वापस नहीं होगा तब तक देश सुरक्षित नहीं होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या 2024 में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से परिवर्तन हो जाएगा। जब-जब बिहार ने अंगड़ाई ली है, तब देश में परिवर्तन हुआ है। इसलिए बिहार परिवर्तन की अंगड़ाई ले चुका है। देश में सत्ता परिवर्तन होकर रहेगा । उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा का मुख उद्देश्य है श्याम लोगों को अपने अधिकार के बारे में बताना है। संविधान में आपको किस किस चीज के अधिकार दी गई है। इसलिए संविधान परिचर्चा का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर राजद के कई नेता शामिल हुए।

अंचल कार्यालय व अमीन के कार्यकलापों की जांच के आदेश

जनता दरबार का आयोजन

गया: कलेक्ट्रेट में आयोजित डीएम के जनता दरबार में शुक्रवार को 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने इन मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच यथाशीघ्र कराते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए आवेदनों की यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को ही इस योजना का लाभ देने के लिए अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया।

बेला अंचल में कार्यरत अमीन मुकेश कुमार के विरुद्ध जनता दरबार में स्थानीय लोगों ने एक साल से जमीन मापी का प्रतिवेदन नहीं देने की शिकायत की। इसपर डीएम ने अपर समाहर्ता व डीसीएलआर सदर को निर्देश दिया कि बेला अंचल कार्यालय व संबंधित अमीन के कार्यकलाप की जांच करते हुए रिपोर्ट करें। साथ ही सीओ बेलागंज से भी स्पष्टीकरण पूछा है। उन्होंने सीओ को सख्त निर्देश दिया है कि अंचल के कार्यों पर पूरी निगरानी रखें यदि किसी प्रकार का कोई गड़बड़ी करता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

परिमार्जन के आवेदनों तेजी से निष्पादन का आदेश : जनता दरबार में वजीरगंज, मोहड़ा, खिजरसराय, नगर, बोधगया, फतेहपुर, बथानी, आमस, शेरघाटी सहित अन्य अंचल के व्यक्तियों के परिमार्जन के संबंध में आवेदन देने पर डीएम ने संबंधित सीओ व राजस्व पदाधिकारी को लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करने का आदेश दिया। आपदा विभाग के तहत विभिन्न लंबित आवेदन के विरुद्ध जांच करते हुए जिला आपदा पदाधिकारी को तेजी से अनुपालन करवाने को कहा गया। जनता दरबार में बिजली विभाग के बिजली बिल ज्यादा आने, घर का बिजली कनेक्शन जोड़ने सहित अन्य मामले पर कार्यपालक अभियंता बिजली पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों की जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

मोहनपुर अंचल कार्यालय की जांच करने का आदेश : आमस अंचल के एक आवेदक ने बताया कि उनकी निजी जमीन की जबरदस्ती से धोखा देते हुए दबंग व्यक्ति ने रजिस्ट्री करा ली है। इसपर डीएम ने आवेदक को नामजद प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिए। मोहनपुर अंचल के मंझौली गांव पंचायत लखनपुर में भूदान से परवाना मिला है कुछ दबंग लोग जमीन पर दूसरा जमाबंदी का कार्य करवा रहे हैं। डीएम ने सीओ मोहनपुर को विस्तार से जांच करने का निर्देश दिए।

इसके अलावा जनता दरबार में ज्यादातर मोहनपुर अंचल के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हुई है इस पर भूमि सुधार उप समाहर्ता शेरघाटी को निर्देश दिया कि मोहनपुर अंचल कार्यालय के सीओ व राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध गंभीर आरोप प्राप्त हो रहे हैं। भूदान व परवाना संबंधित भूमि का गड़बड़ी करने का अत्यधिक मामला आया है, इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से अंचल कार्यालय की जांच करें।

मुआवजा मामले में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई को दें प्रतिवेदन : आवेदक सूरज देव सिंह जिनकी जमीन भारत माला प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहण किया गया है। सारी कागजात रहने के बावजूद मुआवजा के लिए बेवजह दौड़ाया जा रहा है। डीएम ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी को अब तक मुआवजे की राशि किस कारण से लंबित रखी गई, इसके संबंध में विस्तार से जांच करने को कहा। दोषी क्लर्क के विरुद्ध कार्रवाई करने को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिए। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए डीएम ने भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आवेदनों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने को आदेशित करें।

कृषि सलाहकार के चयन की औपबंधिक सूची प्रकाशित

आरा : जिला कृषि कार्यालय, भोजपुर, आरा में किसान सलाहकार के चयन की औपबंधिक अंतिम मेधा सूची शुक्रवार को प्रकाशित कर दी गयी है। 339 अभ्यर्थियों की मेधा सूची कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा दिया गया है। इसकी सूचना डीएओ शत्रुघ्न साहू ने दी है। बताया है 9 अक्टूबर 2014 द्वारा किसान सलाहकार के चयन के लिए प्राप्त निदेश के आलोक में उपस्थित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग का कार्य किया गया था। इसमें योग्य अभ्यर्थियो की सूची से विभागीय निदेशानुसार सर्वोच्च योग्यताधारी से कम योग्यताधारी के क्रमानुसार प्राप्तांक के आधार पर प्रारूप मेधा सूची का प्रकाशन हुआ था।

मानव सेवा संस्थान ने कराया लावारिस जख्मी का इलाज

आरा : जेल रोड में सड़क किनारे घायल अवस्था में गिरा जख्मी व्यक्ति एक सप्ताह से जिंदगी और मौत के बीच उल्टा सांसें ले रहा था। आने-जाने वाले लोग उसे देखकर भी अनदेखी कर निकल जा रहे थे। तभी मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी दीपक कुमार अकेला की नजर इस घायल व्यक्ति पर पड़ी। दीपक ने तुरंत एक प्राइवेट एंबुलेंस बुलाकर स्टेचर पर लादकर अपने सहयोगी, स्वर्णकार धीरज कुमार, जयप्रकाश ठाकुर व सचिन कुमार के साथ सादर अस्पताल में भर्ती करवाया। तत्काल डॉक्टर की एक टीम के द्वारा ऑक्सीजन, सुई ,जीवन रक्षक दवाई ,पानी आदि चढ़ाया गया।

पटना आनंद बिहार समर स्पेशल का आरा स्टेशन पर ठहराव

आरा : पूर्व मध्य रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को देखते हुए समर स्पेशल ट्रेन पटना से आनंद बिहार चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें गाड़ी संख्या 03255/03256 पटना आनंद बिहार पटना सुफर फास्ट समर स्पेशल सप्ताह में दो दिन चलेगी। यह ट्रेन 28 मई से 15 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को पटना से 22 :20 बजे रात में खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन आनंद बिहार दिन में 15 :00 बजे पहुचेगी। वापसी में आनंद बिहार पटना सुपर फास्ट समर स्पेशल 29 मई से 16 जून तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को आनंद बिहार से 23 :30 बजे रात में खुलकर अगले दिन 17 :20 बजे पटना पहुचेगी। अप एंड डाउन में आरा स्टेशन रुकेगी। वही दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 02391/02392 पटना आनंद बिहार समर स्पेशल साप्ताहिक रेलवे द्वारा चलाई जायेगी। यह ट्रेन 27 से 10 जून तक प्रत्येक शनिवार को पटना से 22 :20 बजे रात में खुलेगी। अगले दिन 15 :00 बजे दिन में आनंद बिहार पहुचेगी। वापसी में यह ट्रेन 28 मई से 11 जून तक प्रत्येक रविवार को आनंद बिहार से 23 :30 बजे रात में खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 17 :20 बजे शाम पटना पहुचेंगी।

बक्सर शहर को गंदा करने वालो पर होगी करवाई

बक्सरः बक्सर शहर को गंदा करने वालों की अब खैर नही है। विभिन्न चौक चौराहो को बैनर पोस्टर से पाटने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। बिना नगर परिषद के अनुमति के शहर के चौक चौराहो पर बैनर पोस्टर लगाकर खूबसूरती खराब किया जा रहा है। जिसपर नगर परिषद एक्शन लेने शुरू कर दिया है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर नगर परिषद ने उन्हें नोटिस भेजा दिया है। जिन लोगों को नोटिस नहीं मिला है, उन्हें भी एक-दो दिन के अंदर नोटिस भेज दिया जाएगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि नोटिस भेजकर उनसे जुर्माना देने की बात कही जाएगी। जुर्माना नहीं देने की सूरत में उनके विरुद्ध FIR भी दर्ज कराई जाएगी। जिसके बाद उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

क्या कहते है कार्यपालक पदाधिकारी : कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम का कहना है कि नगर के विभिन्न चौक-चौराहों के साथ-साथ डिवाइडर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी कई संस्थानों और कई व्यक्तियों के बैनर पोस्टर लगे देखे गए। ऐसे लोगों की एक सूची नगर परिषद ने बनवाई है और उन्हें नोटिस भेजी जा रही है। साथ ही कहा कि आम लोगों की भी यह जिम्मेदारी है लोगों के द्वारा नगर को गंदा किया जाता है तो इसका विरोध करें। साथ में पोस्टर बैनर लगाने वाले लोगों को भी यह समझना चाहिए कि ऐसा करने से नगर की खूबसूरती पर बट्टा लग जाता है।

» डिवाइडर,चौक चैराहो पर पोस्टर लगाने वालों की बनी सूची

कार्यपालक पदाधिकरी ने बक्सर के पुलिस चौकी विरकुंवर सिंह चौक,अंबेडकर चौक,ज्योति चौक आदि विभिन्न जगहों पर शहर को खूबसूरत बनाने के लिए किए गए डेंटिंग पेन्टिंग के ऊपर लोग बैनर,होर्डिंग पोस्टर लगा देते है। जिनको चिह्नित कर उनसे उनकी गलती के एवज में जुर्माना देने की बात कही जा रही है। अगर वह जुर्माना नहीं देते हैं तो उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई होगी।

कांग्रेस जिला कमेटी में फेरबदल, जिलाध्यक्ष बनाए गए अशोक राम

आराः आठ साल के बाद भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद पर फेर-बदल हुआ है। कांग्रेस ने इस बार भोजपुर का जिला अध्यक्ष अशोक राम को बनाया है। इसके पहले त्रिवेणी प्रसाद सिंह 3 मार्च 2015 से अब तक लगातार जिला अध्यक्ष पद पर थे। कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष पद पर अशोक राम की नियुक्ति कर अनुसूचित वर्ग के वोटों को साधने की कोशिश की है, जो दल के परंपरागत वोटर रहे थे। इस बाबत शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, शहीद भवन में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अशोक राम का अभिनन्दन हुआ।

भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदधारक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी के सदस्यों ने अशोक राम को जिलाध्यक्ष नियुक्त करने पर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी व राहुल गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी भक्त चरण दास एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का आभार व्यक्त किया। मौके पर का प्रोफेसर बलराज ठाकुर, सत्य प्रकाश राय, जितेंद्र शर्मा, मिडिया सूत्र बिरेन्द्र मिश्राआदि मौजूद रहे।

बक्सर में पेड़ से टकराई कार, तीन घायल

बक्सरः बक्सर के कोरान सराय के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रात में गश्त कर रही 112 की पुलिस ने डुमरांव अनुमण्डल के सदर अस्पताल पहुंचाया। जिनका इलाज अभी जारी है। घटना शुक्रवार की देर रात 1 बजे की बताई जा रही है। सभी शादी समारोह से घर लौट रहे थे। तभी चालक को झपकी आने के कारण दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

घायल को सदर अस्पताल में कराया भर्ती : नवाडेरा के हरेंद्र यादव के बेटे की शादी की बरात मसरहिया गांव गई थी। जहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद कुछ बराती स्कॉर्पियो से घर वापस लौट रहे थे। स्कॉर्पियो जैसे ही कोरानसराय गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंची, चालक को झपकी आ गई। जिसके बाद अनियंत्रित कार पड़े से टकरा गई। जिसमें सवार नवाडेरा निवासी लल्लू यादव, विनोद कुमार, आयुष कुमार घायल हो गए। एएसआई राजीव कुमार सिंह ने कहा कि सूचना पर हमारे चालक बिरेंद्र प्रसाद राजीव पंडित, कुंदन कुमार तत्काल मौके पर पहुंच गए।

» सभी शादी समारोह से लौट रहे थे, रास्ते में चालक को झपकी आई तो कार हुई अनियंत्रित

एकवारी वितरणी का होगा जीर्णोद्धार, सिंचाई जल की बर्बादी रुकेगी

आराः सहार सोन नहर सब-डिविजन के एकवारी वितरणी की सफाई कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरु हो जाएगा। सोन नहर प्रमंडल ने करीब 97.37 लाख रुपये का टेंडर की स्वीकृति दे दिया है। हर खेत के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी योजना के तहत इस राशि से नहर का सफाई करने का प्राक्कलन तैयार कर दिया है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है। टेंडर कार्य पूरा हो चुका है। दो दिनों में कार्य शुरु होने का विभाग बता रहा है। यह योजना एकवारी गांव के 00 किलोमीटर से 8.500 किलोमीटर दूरी तक है। जहां नहर के गाद की सफाई कर कार्य कराना है। नहर के साफ-सफाई से क्षेत्र के भारी आबादी को फायदा मिलेगा।

इस नहर से एक दर्जन से अधिक गांवों के खेतों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का विभाग का लक्ष्य है। जो मई तक पूरा कराने का आदेश निर्गत है। कुछ तकनीकी समस्या में सुधार होते ही कार्य शुरु कराने का दावा विभाग द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय जानकारों ने बताया कि इस नहर से करीब 5 हजार 900 बीघा से अधिक खेत को आसानी से पटवन होने लगेगा।

पर्यावरण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया आयोजन

चौगाईः युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण के लिए जीवन शैली के तहत मध्य एवं प्लस टू उच्च विद्यालय चौगाई में युवा एवं युवतियों को सिखाया गया योग। इसके साथ ही साइकिल रैली निकाल लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र,बक्सर एवं नेहरू युवा विकास समिति, डुमरांव के सौजन्य से किया गया। योग शिक्षक के रूप में डॉ संजय कुमार सिंह एवं सुधीर कुमार ने योग के तहत ध्यान, सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अनुलोम-विलोम, तड़ासन, वृक्षासन आदि सिखाया गया। डॉ संजय सिंह ने मिशन जीवन के तहत बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को- एक पेड़, एक घंटा योग और संतुलित भोजन करना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 26 मई को पहला दिन डुमरांव में योग कराया गया आज दूसरा दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय चौगाई में कराया गया। योग करे, निरोग रहे यही हमारा थीम है। वही मौके पर सुधीर कुमार, कृष्ण कांत ओझा प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, अवधेश किशन पांडेय, आदित्य कुमार आदित्य के अलावा कांति कुमारी, सोना, मोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, संतोषी कुमारी, नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, महेश कुमार, मनीष कुमार, अंजू कुमारी, संगीता कुमारी, सृष्टि कुमारी, सुशील कुमार सहित अनेकों छात्र एवं छात्राएं मौजूद होकर योग सीखा। शिक्षकों ने नेहरू युवा केंद्र एवं योग शिक्षकों को धन्यवाद दिए और बताएं इस तरह का कार्यक्रम युवाओं के लिए बेहतर साबित होगा।

» पर्यावरण के लिए जीवनशैली के तहत मध्य व प्लस टू विद्यालय कराया गया योग व निकाली गई रैली

लिखित आश्वासन के बाद ही समाप्त करेंगे धरना

बक्सरः अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर धरना पर बैठे आश्रितों ने कहा कि जब तक लिखित आश्वासन नही मिलता है तब तक धरना जारी रहेगा। बक्सर के कमलदह पोखरा के समीप अपनी मांगों के समर्थन में पिछले 12 दिनों से धरना पर बैठे अनुकम्पा शिक्षक संघ के आश्रितों का कहना है कि डीएम द्वारा बुलाया गया था। जहां हमलोगों की समस्याएं सुनी गई। जहां उन्होंने कहा है कि इसको लेकर शिक्षा पदाधिकारियों की बैठक करेंगे ताकि इसका निष्पादन हो सके। इसके धरनार्थी यशवंत सिंह ने कहा कि डीईओ द्वारा यह कहते हुए आश्वस्त किया गया कि आपलोगों को जून के दूसरे सप्ताह तक नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा। हालांकि धरनार्थियों का कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन नही मिलता तब तक धरना जारी रहेगा।

इस तरह धरना पर बैठे अंकित गौतम, अंकित कुमार, निशांत कुमार, सुनील सिंह,ऋतु राज, चन्द्रशेखर उपाध्याय, आयुष, नीरज कुमार, राकेश सिंह, साहिल तिवारी, शबाना खातून अपनी मांगों पर अड़ी हुई है। इन धरनार्थियों का कहना है कि बिहार के कई अन्य जिलों में नियुक्ति पत्र दे दिया गया है। जबकि बक्सर में शिक्षा विभाग द्वारा किए गए पूरी प्रक्रिया के बावजूद जिला परिषद के अधिकारी द्वारा नही दिया गया है। जिला परिषद अंतर्गत जुड़े कई शिक्षकों के मृत्यु हो जाने के बाद से उनके आश्रित अनुकम्पा की नियुक्ति को लेकर कभी डीडीसी तो कभी डीएम के यहां चक्कर लगा रहे हैं। किंतु कोई पहल नही होते देख अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं।

» 12 दिनों से धरना पर बैठे है अनुकम्पा शिक्षक आश्रित

वर्षा जल संचयन व दक्षतापूर्ण उपयोग करने की दी जानकारी

बक्सरः कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से संचालित परियोजना जलवायु समुत्थानशील कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार के अंगीकृत गांव जमुआंव में भारत सरकार की ओर से चलाये जा रहे मिशन पर्यावरण जीवन की शैली अंतर्गत शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्षा जल संचयन एवं दक्षतापूर्ण उपयोग करने के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में तालाब निर्माण, मेढबंदी, आहर, पइन का जीर्णोद्धार और कुंआ की सफाई व अन्य माध्यमों से वर्षा जल का संरक्षण किया जा सकता है। केवीके के विशेषज्ञ डॉ देवकरण ने बताया कि संचित जल का प्रयोग फसलों, पौधशाला, बागवानी पौधों के लिए जीवन रक्षक सिंचाई साबित होगी। वर्षा जल संरक्षण कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टपक सिंचाई, बौछारी सिंचाई, थाला विधि अपनाकर जल उपयोग क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

जगजीवन कॉलेज में संस्थापक की लगाई जाएगी प्रतिमा

डेहरीः जगजीवन कॉलेज में शुक्रवार को कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय प्रो वीरेंद्र कुमार सिंह की प्रतिमा लगाने हेतु कॉलेज परिसर में शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधान परिषद की पूर्व सभापति सह महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष ने चयनित स्थल पर भूमि पूजन एवं ईट रखकर वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन हवन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थापक की मूर्ति लगाना अच्छी बात है। छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत कॉलेज संस्थापक की प्रतिमा बनेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जिसके नाम पर महाविद्यालय अवस्थित है वैसे महान महापुरुष स्व बाबू जगजीवन राम की भी प्रतिमा लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि काफी प्रयास के बाद वित्त रहित कॉलेजों के शिक्षकों को अनुदान प्रारम्भ हुआ था। कॉलेज में नियमित वर्गों का संचालन सुनिश्चित करें। समाजसेवी राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने अपने पिता ई ललन सिंह की स्मृति में कॉलेज के नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का 15 जून को उद्घाटन पर सभी को आमंत्रित किया । उसी कड़ी में इस कॉलेज में पुस्तकालय भवन का निर्माण किया गया है ।जिससे छात्र लाभान्वित होंगे ।कालेज शासी निकाय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ दिग्विजय सिंह ने कहा कि कॉलेज संस्थापक वीरेंद्र सिंह ने 1979 में इस कॉलेज के निर्माण के लिए मगध विश्वविद्यालय छोड़ विदेश सोमालिया में नौकरी की ।

असमय मृत्यु के कारण कालेज के विकास गति थम गई थी । भूमि दानदाता सदस्य कृष्णा सिंह ,सचिव व आर एस कालेज तिलौथू के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखा । प्राचार्य डॉ बलिराम सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन प्रो हरेंद्र पांडेय ने किया । मौके पर समाजसेवी संजीत सिंह, भाजपा नेता प्रकाश गोस्वामी व बबल कश्यप, डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि थे।

कार्यकर्ता की पिटाई पर मंत्री का फूंका पुतला

बक्सरः बीते दिन भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता कमल नयन पांडेय ने केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे से जब अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर बात करने की कोशिश कर रहे थे। तभी अश्वनी चौबे के कुछ चमचे कमल नयन पर हमला कर दिए। जिससे आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड में केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी किया।

इस दौरान कमल नयन ने बताया कि हमारे साथ मारपीट करनेवाला व्यक्ति अश्वनी चौबे का प्रतिनिधि है जिसका नाम नितिन मुकेश और दीपक सिंह है इन दोनों ने मिलकर हमको धक्का मारकर और पिटाई कर बैठक से बाहर कर दिया। और ये भी कहा कि कोई भी भाजपा का बड़ा नेता अगर छोटे कार्यकर्ताओं का सम्मान नही करेंगे तो अपना अपमान सहने के लिए तैयार रहे। आगामी 2024 में अश्वनी चौबे का विदाई तय है। वही भाजपा नेता मिथिलेश पांडेय ने कहा है कि बक्सर ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र है और अश्वनी चौबे के चम्मचों द्वारा एक ब्राह्मण की पिटाई बर्दाश्त नही की जाएगी। पुतला दहन के दौरान सिकंदर सिंह, प्रमोद पांडेय आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

» भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड में केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे के खिलाफ की नारेबाजी

विदाई कराने बेटी की ससुराल आई थी मां, दोनों के साथ की गई मारपीट

आराः बेटी की विदाई कराने आई मां और बेटी के साथ ससुराल वालों ने मारपीट की। सदर अस्पताल में चल रहा इलाज। बिहिया थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान वार्ड नंबर 13 निवासी बासुदेव शाह की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि मै अपनी बेटी रेशमा कुमारी की शादी 2 मई 2023 को नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला निवासी अरुण शाह के बेटे संतोष शाह के साथ जरूरत के हिसाब से शादी होटल से किया था।

लेकिन शादी के अगले दिन से ही दामाद और उसके पुरा परिवार के तरफ से मेरी बेटी के साथ मारपीट करने लगे लोग और दहेज की मांग करने लगे। यहां तक की बेटी से हम लोगों का बातचीत भी नही करने दिया जा रहा था। जिसके बाद मैं अपने छोटे बेटे के साथ शुक्रवार की सुबह अपनी बेटी रेशमा देवी की विदाई कराने के लिए नवादा थाना क्षेत्र के जवाहिर टोला संतोष शाह के घर पहुंची।

बिहिया थाना क्षेत्र का मामला

अपने दामाद संतोष से बोली की मै अपनी बेटी को ले जाने के लिये आई हू। इसी बात पर संतोष कुमार के साथ पुरे परिवार के लोग उलझ गए और मारपीट करने लगे। जिसमें मुझे और मेरी बेटी को गंभीर चोट लगी। वही लड़का संतोष कुमार हम लोगों के सामने मेरी बेटी का हाथ का नस काट दिया। केस कर हम लोगों को फंसाने के लिए अपना गला भी काटने का प्रयास किया। घटना की सूचना मैं अपने पति और डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस जवाहर टोला मेरी बेटी के ससुराल पहुंचकर हम लोगों को निकाला।

पंचायतों के विकास में पीओ बने हैं बाधक

बक्सरः बक्सर सदर अनुमंडल स्थित चौसा प्रखण्ड के सभी 9 पंचायतों में मुखिया का कहना है कि विकास का पहिया अधिकारी एवं कर्मचारी के लापरवाही रवैया के कारण थम चुका है। इसकी शिकायत डीएम व डीडीसी से की गई है। मुखिया का कहना है कि पंचायत सरकार के दो वर्ष बीत गए। लेकिन इस प्रखण्ड के पंचायत में कई महत्वपूर्ण योजना वर्तमान समय मे बाधित है।

इन सभी पंचायतों के लिए तीन ग्राम सेवक है। जिसमे दो नए और एक पुराने ग्राम सेवक रमेश कुमार सिंह कार्यरत थे। जिसमे रमेश सिंह कई दिनों से बीमार चल रहे हैं वही दो नए ग्राम सेवक कार्य को निष्पादित करने में सक्षम नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी मनरेगा योजना होता है। पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 के समय कई फाइलों को खोलकर किसी थोड़ा-थोड़ा राशि का निकासी कर छोड़ दिया गया है।

दूसरा तब खुलेगा जब पहले का पूरा हो गया हो। पूछा कि योजनाओं को पूर्ण करने के लिए कई बार स्थानीय मनरेगा पीओ से संघ ने मुलाकात किया। इनके द्वारा कोई कोई विशेष कार्रवाई तक नही किया गया। संघ ने मनरेगा पीओ के खिलाफ लापरवाही एवं कार्य के शिथिलता को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत कर त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

» डीएम से की शिकायत

पहले हुई ऐतिहासिक धूप घड़ी की चोरी और अब पत्थर पर भी लगी चोरों की नजर

डेहरीः डेहरी एनिकट स्थित ऐतिहासिक धूप घड़ी की चोरी के बाद भले ही बरामद कर ली गई हो। लेकिन वर्तमान स्थिति आपको हतप्रभ कर देगी। धूपघड़ी की बरामदगी पिछले साल के 11 फरवरी को हुई थी। जिसके बाद कोर्ट के मालखाने में पड़ा हुआ है। इसके लिए नगर परिषद और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किसी भी तरह की सार्थक पहल नहीं की। वर्तमान में धूपघड़ी के दिवाल से असामाजिक तत्वों ने ईंटें निकाल ली। इसके अलावा फाउंडेशन बेस के 130 साल पुराने पत्थरों को निकालने का प्रयास किया गया है। जिस पर किसी भी अधिकारी या पुलिस-प्रशासन का ध्यान नहीं गया है।

यांत्रिक कर्मशाला के अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि बरामदगी के चार महीने के बाद धूपघड़ी को फिर से स्थापित करने के लिए प्रस्ताव विभाग को अग्रसारित किया गया था। इस संबंध में पत्राचार किया जा रहा है। दरअसल, 1871 में एनिकट स्थित यांत्रिक कर्मशाला के समीप काम का समय देखने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने इसका निर्माण कराया था। डेहरी के लोगों के अलावा बाहरी पर्यटकों के लिए यह आकर्षक का केंद्र रहा। सोन नहर प्रणाली की शुरुआत के बाद एनिकट से शाहाबाद और मगध में सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति होती थी। सिंचाई विभाग के वरीय अधिकारियों का कार्यालय के अलावा इसी इलाके में प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शाहाबाद जिले के डीआईजी का आवास और कार्यालय, रोहतास एसपी का कार्यालय स्थित है। लेकिन इसपर किसी का भी ध्यान नहीं गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक के निधन पर शोक जताया

डेहरी सदरः मध्य विद्यालय रामपुर नरेश करगहर के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सिंह के पिता राम एकबाल सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त किया है। संघ के सदस्यों ने श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित किया। संघ के जिला अध्यक्ष श्री नाथ सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राम एकबाल सिंह अपने समय के एक आदर्श शिक्षक थे। संघ के प्रधान सचिव अखिलेश्वर सिंह ने उनके शिक्षकीय कुशलता एवं सामाजिक सरोकार पर प्रकाश डाला।

कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा शिक्षक हित में संघ के पद धारक के तौर पर अनेक यादगार कार्य किए । प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि उनके निधन से संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर अरविंद कुमार मेहता, परमेश्वर प्रताप सिंह, राम आशीष तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

समर कैंप के दूसरी बैच के शिक्षा सेवकों को मिला प्रशिक्षण

शैक्षणिक जानकारी

डालमियानगरः समर कैंप के लिए प्रखंड के शिक्षा सेवकों का प्रशिक्षण बीआरसी परिसर में लिया जा रहा है, परंतु समर कैंप का बहिष्कार करते हुए लगभग 55 शिक्षा सेवकों ने मंगलवार को प्रथम संस्था के द्वारा कम पैसा देने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध करते हुए समर कैंप का बहिष्कार किया था। इस खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को बीआरसी परिसर में सभी शिक्षकों को बुलाकर समस्याओं को सुनने के बाद हल निकाला। शिक्षा सेवकों ने पदाधिकारी की बात मानी और समर कैंप में भाग लिया। बताते चलें कि कुल 91 टोला सेवकों में प्रथम बैच में 36 टोला सेवक सम्मिलित हुए थे वहीं बाकी बचे हुए 55 टोला सेवकों ने शुक्रवार को प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिला शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि 23 मई को द्वितीय बैच के शिक्षा सेवकों का प्रशिक्षण होना था परंतु इनके द्वारा प्रथम संस्था के विरोध करने एवं कम पैसा देने का आरोप लगाया गया था तथा संस्था के द्वारा प्रशिक्षण में एक भी पैसा खर्चा नहीं करने सहित अन्य आरोप लगाए गए थे जिस पर सुनवाई करते हुए इसका निदान निकाल लिया है तथा सभी बचे हुए टोला सेवक को प्रशिक्षण दिया गया।

55 शिक्षा सेवकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया : बताया कि शिक्षा सेवकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण में लगभग 55 शिक्षा सेवकों ने भाग लिया प्रशिक्षण में कक्षा 6 एवं 7 क्लास के बच्चों की दक्षता जांच कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़े जाने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भाषा का खेल गणित का खेल, अनुच्छेद, कहानी इत्यादि के माध्यम से बिल्कुल सरलता से दक्ष करेंगे। जिन्हें कहानी एवं अनुच्छेद नहीं आता उन्हें प्रेरित कर शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य करने की बातें की गयी।

शिक्षा सेवक को प्रखंड संसाधन केंद्र में किया गया प्रशिक्षित : प्रशिक्षक राम नारायण सिंह केआरपी ने बताया कि 1 से 30 जून 2023 तक चलने वाले समर कैंप के लिए शुक्रवार को द्वितीय बैठ के शिक्षा सेवक (टोला सेवक) आज प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रशिक्षित किया गया। ग्रीष्म आकाश में शिक्षा सेवक इन बच्चों के साथ दफ्तर वृद्धि के लिए गतिविधि करते नजर आएंगे यह अपने नजदीक के विद्यालय सामुदायिक भवन अथवा दालान में बच्चों के साथ 2 घंटे तक गतिविधि करेंगे। मौके पर प्रशिक्षण में एसआरपी बंशीधर दुबे, लेखापाल मनोज कुमार, प्रथम सदस्य दिनेश कुमार के अलावे शिक्षा सेवक छोटेलाल, उमाशंकर प्रसाद, शिव शंकर राम, मोहम्मद यूनुस, रेहाना खातून ,रमेश , सुभाष मौजूद थे।

क्या है समर कैंप व डाटा

समर कैंप के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए बच्चों को अन्य बच्चों की तरह शिक्षित कर उनकी श्रेणी में लाना तथा मेघावी बनाना है, प्रखंड क्षेत्र में कुल 49 मिडिल स्कूल के बच्चों का समर कैंप के माध्यम से शिक्षित करना है जिसमें वह बच्चे जो अपने कक्षा में ग्रेट डी एवं ई प्राप्त करते हैं उन्हें गर्मी के छुट्टी में भी पढ़ा कर सामान्य बच्चों की तरह तेज बनाना मुख्य लक्ष्य है। समर कैंप बच्चे के अंदर हिचक कम करेगा, इन बच्चों को खेल के प्रति भी रुझान बढ़ेगी, इन्हे कैंप के द्वारा जहां शिक्षा दी जाएगी वही खेल के लिए भी अग्रेषित किया जाएगा। कक्षा 6 एवं 7 में कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 5677 है, जिसमें कक्षा 6 में छात्रों की संख्या 2711 है ,वही कक्षा 7 में कुल छात्र छात्राओं की संख्या 2965 है।

दरभंगा में कई आरा मिलों पर छापेमारी में ट्रक समेत लाखों की अवैध लकड़ियां जब्त

दरभंगा, एजेंसी। बिहार के दरभंगा से बड़ी खबर है जहां कई आरा मिलों में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर लाखों की अवैध लकड़ी बरामद की है। वहीं, जब्त लकड़ी की कीमत खुले बाजार में 50 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। लेकिन अधिकारियों ने सरकारी दर में कीमत साढ़े पांच लाख बताई है। स्थानीय मझौलिया पंचायत की मुखिया ममता देवी के पति पूनम झा पर अधिकारियों को शक है। साथ ही उसके आरा मिल पर छापेमारी की, जिसमें अवैध लकड़ी भी पाई गई है।

यह छापेमारी दरभंगा के मझौलिया पंचायत के देवीपुर में की गई, जहां एक आम के बगीचे में भारी मात्रा में लकड़ी उतारी जा रही थी। वन विभाग की इस छापेमारी से लकड़ी के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग की छापेमारी में खुद डीएफओ रुचि कुमारी के अलावा रेंजर शशि प्रकाश शामिल थे। तत्काल अवैध लकड़ी के आलावा ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वन विभाग की टीम लकड़ी मांगने वाले अवैध कारोबारी की तालाश में भी जुट गई है। बताया जा रहा है कि लकड़ी हरियाणा से लाई जा रही थी, जिसे मुजफ्फरपर पहुंचाना था। लेकिन किस कारण से यह अवैध लकड़ी दरभंगा पहुंच गई, इसकी जानकारी फिलहाल किसी के पास नहीं है। तत्काल अवैध लकड़ी लाने वाले ट्रक चालक को हिरासत में लेकर वन विभाग की टीम पूछताछ कर रही है। संदेह के आधार पर इलाके की कुछ आरा मिलों पर भी छापेमारी की गई है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि लकड़ी मिलने के बाद मझौलिया पंचायत की मुखिया ममता देवी के पति पूनम झा की होरलपट्टी स्थित आरा मिल और मझौलिया गांव के सुरेश ठाकुर की भागीरथा स्थित आरा मिल में छापेमारी की गई। इस दौरान दोनों आरा मिलों पर हरियाणा से अवैध टीपी (ट्रांजिट परमिशन) पर लाई गई लकड़ी बरामद की गई है। लकड़ी उतरवाने आए सुरेश ठाकुर भी स्थानीय मुखिया पति पूनम झा के कहने पर लकड़ी उतारने की बात कह रहे हैं।

गलत टीपी बनाकर अवैध लकड़ियों को लाया जा रहा

डीएफओ रुचि कुमारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि गलत टीपी बनाकर अवैध लकड़ियों को लाया जा रहा है। बाकी इन लकड़ियों की जांच की जा रही है कि इन्हें कहां से मंगवाया जा रहा है। इनके पास जो रसीद है, वह मात्र चार लाख पचास हजार रुपये की है। चालक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि लकड़ियों की वास्तविक बाजार मूल्य की भी जांच की जा रही है। कई और आरा मिलों पर भी छापेमारी की गई है, वहां से भी लकड़ियां बरामद की गई हैं।

यह बड़े स्तर पर स्मगलिंग का मामला

दरभंगा वन विभाग के रेंज ऑफिसर शशि प्रकाश ने बताया कि ये लकड़ी हरियाणा से चली और मथुरा होते हुए बिहार के मुजफ्फरपुर भेजनी थी, लेकिन इसे दरभंगा लाई गई। इन्हें गंडिया टिम्बर पर गिरानी थी। ट्रांजिट एक्ट को नजरअंदाज किया गया है। यह बड़े स्तर पर स्मगलिंग का मामला है।

तेज रफ्तार मारुति वैन ने बाइक में मारी टक्कर, चालक गाड़ी लेकर फरार

औरंगाबाद। औरंगाबाद में शुक्रवार की देर शाम तेज रफ्तार एक मारुति वैन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार ससुर और दामाद जख्मी हो गए। घटना देव थाना क्षेत्र के बनुआ मोड़ के समीप की है। घायलों में ससुर देव थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय राजाराम साव और दामाद सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुंशी बिगहा गांव निवासी चमरू साव का 30 वर्षीय पुत्र संजय साव शामिल है। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद संजय साव को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों ससुर-दामाद देव थाना क्षेत्र के बनुवा गांव में रिश्तेदार के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान बनुआ मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार मारुति वैन पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ससुर-दामाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारुति वैन व बाइक की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों ससुर-दामाद को उठाया। वहीं दूसरे वाहन की मदद से इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद मौके से चालक मारुति वैन को लेकर फरार हो गया।

भोजपुर में सड़क हादसे में आधा दर्जन लोग घायल, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, दो की हालत गंभीर

आरा(भोजपुर)। आराङ्कसहार मुख्य मार्ग जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के समीप शुक्रवार को बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में दोनों जख्मी हो गए] जिसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए उदवंतनगर पीएससी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आरा रेफर कर दिया गया। जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी नेपाली साव के 18 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार और बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी मोतीलाल साहू के 34 वर्ष पुत्र राजू साहू शामिल है। इधर, मंटू साव ने बताया कि आशीष और राजू मेरे पियनिया स्थित मिठाई की दुकान पर काम करते हैं। काम खत्म कर जब देर शाम वापस मेरे घर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाडर गांव जा रहे थे। इसी बीच खरौनी गांव के होटल के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए जिसके बाद आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां आशीष की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। आरा पटना मुख्य मार्ग नगर थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ के समीप तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में चालक समेत ऑटो पर सवार चार लोग जख्मी हो गए, जिसके बाद सभी जख्मियों को अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो आरा बस स्टैंड से सवारी लेकर कोईलवर जा रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। लेकिन बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस हादसे में ऑटो पर सवार चार लोगों को मामले रुप से चोटें आई है। जिनका इलाज कराया जा रहा है।

बेगूसराय में फंदे से लटका मिला महिला का शव

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय में संदिग्ध अवस्था में एक विवाहिता की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को पंखे से लटका हुआ शव बरामद किया है। वहीं मृतका के मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा गया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संत नगर मोहल्ले की है। मृतका महिला की पहचान संत नगर के रहने वाले अमन कुमार की पत्नी नेहा कुमारी (27 साल) के रूप में की गई है। मृतिका के मां ने आरोप लगाया है कि पति द्वारा पहले नेहा की बेरहमी से पिटाई की गई। बाद में मासूम बच्चे के सामने ही पंखे से लटका दिया। वही, घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पति अमन कुमार अय्याश था। वह लगातार नेहा कुमारी इसका विरोध करता था। जिसके कारण से पहले भी इसकी बेरहमी से पिटाई की गई। उन्होंने मामले की शिकायत महिला थाना से भी की। पुलिस से न्याय की गुहार लगाते रहे। लेकिन इसके बावजूद भी आरोपी पति पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसका नतीज आज उसकी हत्या हो गई। वही मासूम बच्चा अपनी मां को पूरी रात बैठकर देखता रहा। वहीं, इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को लगी। सुबह होते ही देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मुफस्सिल थाना पुलिस को सूचना दी। कई घंटे के बाद मुफस्सिल थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर मृत महिला को पंखे से उतारा गया। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

बेगूसराय में 8 साल के बच्चे की डूबकर मौत

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय में नदी में स्नान करने गए एक मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। कई घंटे खोजबीन के बाद बच्चे का शव बरामद हुआ। घटना नीमा चंदपुरा थाना क्षेत्र की है। बच्चे की पहचान नीमा चंदपुरा थाना क्षेत्र नीमा चांदपुरा वार्ड-2 के रहने वाले अफजल आलम का 8 वर्षीय पुत्र हिबजुल रहमान के रूप में हुई है। मृतक बच्चे के पिता अफजल आलम ने कहा कि बच्चा दिन में उनकी वेल्डिंग की दुकान पर था। इसी दौरान दोस्तों के साथ बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के लिए चला गया। जिसके बाद कोई अता-पता नहीं चला। इसी बीच कुछ बच्चों ने बताया कि उनका बेटा बूढ़ी गंडक नदी में डूब गया है। नदी में काफी खोजबीन की गई पर बच्चे का पता नहीं चल पाया। अंत में नाविकों ने भी खोजबीन की। जिसके बाद बच्चे का शव देर शाम बरामद किया गया। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

भोजपुर में महिला को डायन बताकर बिजली के खंभे से बांधकर की पिटाई, आरोपियों ने पुलिस को लौटाया

भोजपुर, एजेंसी। बिहार में एक वृद्ध महिला को बिजली पोल से बांध कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला यह वीडियो भोजपुर जिले का है जहां वृद्ध महिला पर डायन का आरोप ग्रामीणों के पिटाई भी की है। मामला सहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरिया गांव का है। पीड़ित महिला पतरिया निवासी स्वर्गीय राम अयोध्या शर्मा की पत्नी कलावती देवी है।

समस्तीपुर समेत 8 जिलों में आंधी-बारिश, तापमान में गिरावट, 30 जिलों में अलर्ट

समस्तीपुर, एजेंसी। समस्तीपुर समेत 8 जिलों में देर शाम मौसम का मिजाज बदला। आंधी के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिरी। इसके अलावा गया, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, अरवल, कैमूर समेत कई जिलों में शुक्रवार की शाम आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना थी। सुबह से कई जिलों में बादल छाए हुए थे। पटना में सुबह से तीखी धूप थी, लेकिन आंधी-बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने राज्य में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई थी। कल यानी 27 मई से मौसम फिर सामान्य हो जाएगा। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी में बारिश हो सकती है। इसके साथ ही सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर में बारिश की संभावना है। औरंगाबाद, अरवल,लखीसराय, बेगूसराय, जमुई, मुंगेर, खगरिया, बांका और भागलपुर में भी बारिश हो सकती है।

सदन का सत्र नहीं, लेकिन भाजपा के एमएलए एमएलसी पहुंच गए विधानसभा

पटना, एजेंसी। आज भाजपा के सभी विधायक और एमएससी बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के शिलापट्ट के सामने पहुंचे हैं। भाजपा नेता धरना पर बैठे हैं। उनका कहना है कि सीएम नीतीश कुमार समेत पूरा विपक्ष आज नए संसद भवन के उद्घाटन पर विरोध कर रहा है। वह जरा बताएं कि सीएम नीतीश कुमार ने कैसे बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन का उद्घाटन कर दिया। उस समय उनके संविधान का ज्ञान कहां गया। उस वक्त उन्होंने तत्कालीन राज्यपाल से उद्घाटन क्यों नहीं करवाया। इधर, विधान मंडल में भाजपा नेताओं के पहुंचने से पहले ही भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। भाजपा ने कहा- यह दोहरी मानसिकता नहीं चलेगी नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि आपके

विस्तारित भवन दलित विरोध मानसिका झलक रहा है। आप किसी भी कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष या विधानसभा अध्यक्ष को न्यौता नहीं भेजते हैं। संविधान के प्रति आपकी यह दोहरी नीति क्यों है, इसे स्पष्ट करना चाहिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हमलोगों ने एक मिनट का मौन कार्यक्रम था। जहां पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन कार्यक्रम किया, वहां पर राज्यपाल महोदय को नहीं बुलाया गया। नीतीश कुमार जी बताना चाहिए कि जब देश में पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी थी तो क्या आपके सहयोगी दल राजद ने वोट किया था। यह दोहरी मानसिकता नहीं चलेगी। भाजपा इसका विरोध करती है। नए और विस्तारित भवन में फर्क नहीं जानते भाजपा वाले वहीं इस मामले में राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि विस्तारित भवन और नए भवन में अंतर है। क्या भाजपा इतना भी फर्क नहीं समझ रही है। मुख्यमंत्री ने विस्तारित भवन का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से क्यों नहीं करवाया जा रहा है। लोकतंत्र का मंदिर होता है संसद लेकिन भाजपा वालों को इसका ध्यान नहीं।

बिहार में दिनदहाड़े मुखिया को गोलियों से भूना, मौके पर मौत; कुछ दिन पहले बदमाशों ने मांगी थी रंगदारी

मधेपुरा, एजेंसी। बिहार में बदमाश बेखौफ नजर आ रहे हैं। मधेपुरा जिले के मुरलीगंज में शुक्रवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने एक मुखिया को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया। बदमाशों ने मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दीनापट्टी सखुआ पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार की हत्या कर दी। मुखिया क्षेत्र में घूमने गए थे। इसी दौरान पंचायत क्षेत्र के तिलकौड़ा पुल के पास बैलदौड़ नहर के समीप बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

बदमाशों ने मुखिया को करीब चार गोलियां मारी। गोलियां की आवाज से इलाका थर्रा उठा। फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर लोग भागे-भागे पहुंचे, तब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे। इधर, घटना की जानाकारी मिलते थानाध्यक्ष राजकिशोर मंडल मौके पर दलबल के साथ पहुंचे और घटना की पड़ताल में जुटे गए। मुखिया की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं, मुखिया के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले बदमाशों ने फोन कर रंगदारी मांगी थी। इस बारे में मुखिया ने पुलिस को भी सूचना दी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सूचना के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

लोगों ने पोस्टमार्टम करवाने से किया इंकार : इधर, वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोग शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने से इंकार कर रहें हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटना बढ़ रही है। वारदात की सूचना पर मधेपुरा के सदर एसडीएम और एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी आक्रोशित लोगों को शांत करने में जुटे हुए हैं।

यूपी से शराब पीकर लौट रहे जदयू के प्रदेश सचिव गिरफ्तार : पटना। शराब पीने के मामले में गिरफ्तार हुए पार्टी के प्रदेश सचिव संजय चौहान के खिलाफ जेडीयू ने बड़ी कार्रवाई की है। शराब पीने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में जेडीयू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता को रद्द करते हुए अगले 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। इससे पहले जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान में जदयू के प्रदेश सचिव गिरफ्तार कर लिए गए। छुष्ठ नेता संजय चौहान को शराब के नशे में धुत पाया गया था। इसी के बाद उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये कार्यवाही मीरगंज पुलिस ने एकडंगा तिमुहानी के पास से की। आरोप है कि जदयू नेता यूपी और बिहार की सीमा से सटे एकडंगा त्रिमुहानी के पास शराब पीकर घूम रहे थे। इन्हें उत्पाद विभाग की एएलटीएफ टीम ने शराब के नशे में धुत पकड़ा। उस वक्त इन्होंने पहले पार्टी का धौंस दिखाई और खुद को जदयू का बड़ा नेता साबित करने की कोशिश की। लेकिन जब एएलटीएफ की टीम ने इन्हें मीरगंज थाना को सौंप दिया, तब इन्हें गिरफ्तार कर मीरगंज थाना में लाया गया। यहां पर पुलिस ने इनकी मेडिकल जांच कराई। फिर नेता जी को हाथ में हथकड़ी के साथ गोपालगंज कोर्ट में पेश किया गया। हालांकि जदयू नेता की गिरफ्तारी की भनक जैसे ही मीडिया कर्मियों को लगी। मीडिया कर्मी इनकी तस्वीर लेने की कोशिश करने लगे। लेकिन नेता जी के समर्थक और पुलिस ने इनका फोटो लेने से मना कर दिया। और इस दौरान नेता जी

ट्रेन की टिकट लेने काउंटर पर पहुंचे लोग, क्लर्क की हरकत देख रह गए दंग; पुलिस ने भेजा जेल

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय में पुलिस ने रेलवे टिकट की बुकिंग करने वाले क्लर्क को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोप है कि वह शराब के नशे में काम कर रहा था। शुक्रवार सुबह जब लोग ट्रेन की टिकट के लिए पहुंचे तो उसने टिकट नहीं दिया। वह नशे में इस तरह झूम रहा था कि टिकट काट पाने में असमर्थ था। घटना का वीडियो किसी बनाकर वायरल कर दिया। यात्री क्लर्क पर कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद पुलिस आई और उसे सदर अस्पताल लेकर गई। अस्पताल में जांच करने पर पुलिस भी हैरान रह गई। पता चला कि क्लर्क शराब पीकर काम कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

रेल थाने की पुलिस ने किया आरोपी क्लर्क को गिरफ्तार : बरौनी रेल थाने की पुलिस के अनुसार, शराब पीने के आरोप में टिकट बुकिंग क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बुकिंग क्लर्क की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के लशकड़ी गांव के रहने वाले दीपू कुमार के रूप में की गई है। वह न्यू बरौनी स्टेशन पर बुकिंग क्लर्क के पद पर कार्यरत है।

सुबह से ही शराब पीकर ड्यूटी करने का आरोप : लोगों का कहना है कि दीपू कुमार शुक्रवार सुबह ड्यूटी पर था। इसी बीच कोसी एक्सप्रेस से यात्रा करने के लिए दर्जनों यात्री न्यू बरौनी स्टेशन पर पहुंचे। लोग टिकट लेने के लिए दीपू कुमार के पास गए लेकिन उसने किसी को भी टिकट नहीं दिया। कुछ यात्री ने उससे पूछताछ की तो वह नशे में झूमने लगा। वह इतना नशे में था कि टिकट देने में असमर्थ था। इसके बाद कई यात्री बिना टिकट के ही ट्रेन में बैठ गए। इसी बीच कुछ लोगों से दीपू कुमार का वीडिया बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद फौरान रेल थाने की पुलिस वहां पहुंची और दीपू कुमार को हिरासत में लेकर अस्पताल भेज दिया।

बेरोजगार को इंटरव्यू के लिए बुलाकर कर लिया अपहरण, पत्नी से 6 लाख की फिरौती मांगी; 3 आरोपी गिरफ्तार

बेगूसराय। बिहार में किडनैपिंग का नया ट्रेंड सामने आया है। बेगूसराय के एक युवक को वॉट्सऐप पर नौकरी के लिए मैसेज भेजा गया। युवक ने तुरंत उस नंबर पर कॉल किया। इसके बाद उसे इंटरव्यू के लिए पटना बुलाया गया।

वहां युवक को किडनैप कर लिया गया। उसकी पत्नी को कॉल कर 6 लाख की फिरौती मांगी गई। परिवार ने भी घबराकर 50 हजार रुपए ट्रांसफर भी कर दिए। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर युवक को छुड़ा लिया है। गैंग के 3 लोगों की औरंगाबाद गया जीटी रोड से गिरफ्तारी हुई है। बेगूसराय के छौराही थाना क्षेत्र के डीही गांव के रहने वाले अरविंद कुमार यादव को वॉट्सऐप पर नौकरी का मैसेज

भेजा गया। पटना में उसे एक ट्रैक्टर की कंपनी में नौकरी का लालच दिया गया। 22 मई को उसे इंटरव्यू के लिए पटना बुलाया। वो पटना आ भी गया, लेकिन इसके बाद उसका अपहरण कर लिया गया। युवक की पत्नी को किडनैपर्स ने पीटते हुए वीडियो कॉल किया और 6 लाख रुपए की फिरौती मांगी। पत्नी ने 50 हजार रुपए ट्रांसफर भी कर दिए और पति को छोड़ने को कहा। किडनैपर्स नहीं माने तो महिला ने पुलिस की मदद ली। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर औरंगाबाद जिले के पहाड़चापी मोड़ के जीटी रोड से युवक को छुड़ाया। पुलिस ने कैमूर जिले के आदर्श कुमार, एहसान अंसारी और गया जिले के सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर फंसाती है गैंग एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि ये गैंग बेरोजगार युवकों को नौकरी का झांसा देकर जाल में फंसाती थी। इंटरव्यू के बहाने बुलाकर अपहरण किया जाता था। वॉट्सऐप से ये लोग बेरोजगार युवकों को मैसेज भेजते थे। अपहरण की सूचना मिलते ही मंझौल डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। जिसने औरंगाबाद जिले से ना सिर्फ अरविंद को बरामद किया बल्कि तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कार भी बरामद हुई है। गिरफ्तार तीनों युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। साथ ही उसके गैंग से जुड़े तार को खंगालने में भी जुटी है।

विचार-मंथन

संपादकीय

मणिपुर की आग कब तक बुझेगी

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। फिर से वहां सेना की तैनात करना पड़ा। पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करनी पड़ीं। करीब एक पखवाड़ा पहले जब हिंसा भड़की थी, तब अनेक घरों में आग लगा दी गई, कई लोग मारे गए थे। तब करीब दस हजार लोगों को हिंसाग्रस्त इलाकों से बाहर निकालना पड़ा था। उस वक्त सरकार ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया था। उसके बाद करीब दस दिनों तक कोई उपद्रव नहीं हुआ, मगर सोमवार को एक बार फिर से इंफाल इलाके में हिंसा भड़क उठी। बताया जा रहा है कि वहां मैतेई समुदाय के लोगों से जबरन दुकानें बंद कराई जाने लगीं, जिसे लेकर हिंसा भड़की। इस बार गनीमत है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मगर कुछ घरों को इस बार भी आग के हवाले कर दिया गया। ऐसे में सवाल है कि मणिपुर की यह आग कब तक शांत होगी। विवाद दरअसल वहां के उच्च न्यायालय के इस आदेश पर शुरू हुआ कि उसने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की दस साल पुरानी मांग पर विचार करने को कहा। इससे वहां के मान्यता प्राप्त जनजातीय समुदायों में ऐसी आशंका पैदा हुई कि सरकार मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दे सकती है और वे उनके संरक्षित भूभाग पर कब्जा करना शुरू कर सकते हैं। मणिपुर में मुख्य रूप से तीन समुदाय के लोग रहते हैं। उनमें से नगा और कुकी मान्यता प्राप्त जनजातीय समुदाय हैं और उनका वहां के लगभग नब्बे फीसद संरक्षित पहाड़ी भूभाग पर कब्जा है। मैतेई समुदाय आबादी के लिहाज से इन दोनों जनजातियों से करीब दोगुना है, पर भूभाग का केवल दस फीसद हिस्सा उनके लिए मुक्त है। इस तरह वे मुख्य रूप से इंफाल इलाके तक सीमित हैं। मगर मैतेई समुदाय हर दृष्टि से प्रभावशाली है। राजनीति में इसी समुदाय के विधायक अधिक हैं, साठ में से चालीस। फिर प्रशासन में भी उन्हीं का दबदबा है। वे बरसों से मांग करते रहे हैं कि उन्हें भी जनजातीय समुदाय का दर्जा मिलना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो मैतेई समुदाय को भी जनजातियों के संरक्षित भूभाग में प्रवेश का हक मिल सकता है। इसीलिए मान्यता प्राप्त जनजातियां आशंकित रहती हैं। इस तथ्य से वहां की सरकार अनजान नहीं है, मगर उसने कभी गंभीरता से इस मसले को निपटाने का प्रयास ही नहीं किया। जबसे वहां नई सरकार आई है, तबसे जनजातीय लोगों में यह आशंका घर करती गई है कि वह मैतेई समुदाय को प्रश्रय दे रही है। उनकी यह आशंका तब आक्रोश में बदल गई, जब इस साल फरवरी में संरक्षित पहाड़ी इलाकों से अवैध लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया गया। सरकार का कहना था कि बाहरी लोग वहां जाकर बस गए हैं, जबकि जनजातीय समुदायों का दावा है कि वे उन्हीं के बीच के लोग हैं। उसके बाद जब उच्च न्यायालय का आदेश आया, तो उनका आक्रोश फट पड़ा और वे आगजनी पर उतर आए। अब वहां की लड़ाई वर्चस्व की लड़ाई में बदलती जा रही है। ताजा हिंसा में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें से एक पूर्व विधायक भी है, जिसका संबंध सत्तापक्ष से है। अगर वहां की सरकार इसी तरह समुदायों के बीच पैदा हुई वैमनस्यता को स्थायी रूप से समाप्त करने के बजाय तदर्थ भाव से सेना के बल पर रोकने का प्रयास करती रहेगी, तो यह आग शायद ही जल्दी शांत हो।

विवेक का तकाजा

आजादी के बाद से भारत में जहां जातिवाद और धर्म आधारित राजनीति खत्म होनी चाहिए थी, इसके विपरीत यह बढ़ती ही गई है। किसी भी देश की राजनीति का केंद्रबिंदु अगर जाति या धर्म होगा, तो उस देश के नागरिक भी एक उत्कृष्ट जनप्रतिनिधि न चुनकर ऐसे प्रतिनिधि चुनेंगे, जो नकारात्मक नतीजे देंगे। इक्कीसवीं सदी में एक तरफ हम मंगल पर जीवन की उम्मीद करते हैं तो दूसरी तरफ धर्म की राजनीति से ऊपर उठ नहीं पा रहे हैं। राजनीति विकास आधारित होनी चाहिए, जहां सभी समुदाय को साथ लेकर चलने की बात हो। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। उसके बावजूद यहां की राजनीति धर्म के आधार पर टिकी है। देश के मतदाताओं को भी राजनीतिक दलों के चुनावी एजंडे को समझना चाहिए और एक ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहिए, जिसकी छवि साफ और बेदाग हो, न कि धर्म या जाति देखकर। अगर मतदाता जागरूक नहीं होंगे तो धीरे-धीरे हमारी राजनीति में भी धर्म पूरी तरह हावी हो जाएगा और विकास जैसे मुद्दे पीछे छूट जाएंगे। आज देश में कोई भी दल छुआछूत मिटाने, सामाजिक वैमनस्यता, जातिवाद और कुरीतियों को दूर करने का संकल्प नहीं लेता। ऐसा क्यों हो गया? समय की मांग है कि मतदाता अपने विवेक से काम करे, अपनी जिम्मेदारी समझे।

मोदी विरोध में अंधा हो चुका विपक्ष अब देश की संसद का ही विरोध कर रहा है

(ललित गर्ग)

नौ वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा विरोध मोदी का हुआ, शायद पहले कभी किसी प्रधानमंत्री का नहीं हुआ। मोदी का विरोध कोई नयी बात नहीं है। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच एक दूसरे के लिए जबरदस्त आत्मीय भाव दिखा। बाइडेन और मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान बढ़ रहा है, वहीं भारत में लोकतंत्र के इतिहास की एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक घटना का बहिष्कार करते हुए समूचा विपक्ष भारतीय लोकतांत्रिक उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास कर रहा है। यह समय न केवल नये संसद भवन के उद्घाटन बल्कि लगातार दुनिया में भारत एवं उसके महानायक के सम्मान की घटनाओं को लेकर गर्व एवं गौरव करने का है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन ऐतिहासिक क्षणों को यादगार बनाते हुए विपक्ष विवेक एवं परिपक्व सोच का परिचय देने की बजाय संकीर्ण, बिखरावमूलक एवं विनाशकारी राजनीति का परिचय दे रहा है। अब यह लगभग तय हो चुका है कि लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह से विपक्ष के 19 दल गायब रहेंगे। इन विपक्षी दलों ने बाकायदा घोषणा कर दी कि वे रविवार को होने वाले इस समारोह का बहिष्कार करेंगे। कारण यह है कि संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों करना तय किया गया है, जबकि विपक्षी दलों के मुताबिक यह काम राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी जापान, पापुआ न्यू गिनी और आस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सम्मान मिला, वह हर भारतीय को अभिभूत कर देने वाला है। यह सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। यह सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। सौ साल में आई भयंकर कोरोना महामारी, दूसरी तरफ युद्ध की स्थिति में बंटा हुआ विश्व और संकट भरे माहौल को प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से सम्भाला इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा। पूर्व के छोर पर स्थित छोटे से देश पापुआ न्यू गिनी जैसे अनेक जरूरतमंदों देशों की भारत ने मदद कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पापुआ न्यू गिनी पहुंचने पर सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हैं। किसी जमाने में पेशावर से पापुआ न्यू गिनी तक हिन्दू संस्कृति का साम्राज्य था। पांव छूने की इस घटना ने हमारी उस प्राचीन संस्कृति को एक बार फिर से मजबूत कर दिया। भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। उनको मिले सम्मान से हर भारतीय अभिभूत एवं गौरवान्वित है, स्वस्थ राजनीतिक धर्म का पालन करते हुए तमाम विवादों के रहते विपक्ष को उनको मिल रहे सम्मान का स्वागत करना चाहिए। लेकिन सम्मान तो दूर की बात उनके द्वारा संसद भवन के लोकार्पण करने के कारण ही इस ऐतिहासिक घटना का बायकाट कर विपक्ष ने अपने विपक्षी धर्म को धुंधलाया है, जो शर्मनाक एवं लज्जाजनक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच एक दूसरे के लिए जबरदस्त आत्मीय भाव दिखा। बाइडेन और मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। अमेरिका में आपके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अनेक बड़ी-बड़ी हस्तियां मेरे से टिकट उपलब्ध करने के लिए सिफारिशें कर रही हैं। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर पूरा स्टेडियम इंडिया-इंडिया के शोर से गूंज उठा उसे देखकर आस्ट्रेलियाई पीएम को भरे मंच से कहना पड़ा कि मोदी ही बॉस हैं। दुनिया की बड़ी शक्तियां जिसे इतना सम्मान दे रही हैं, ऐसे युगपुरुष के करकमलों से संसद भवन का उद्घाटन होना सौभाग्य की बात है। इस सौभाग्य को घटित होते हुए देखना एवं उसमें शामिल होने का भाव विपक्ष में जागना, कहीं-न-कहीं विपक्ष को उजाले साये ही देता। लेकिन जो अंधेरे सायों से प्यार करते हैं, उनकी आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है विपक्ष की बुद्धि एवं विवेकहीनता पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करता है, आकाश में पैबंद लगाना चाहता है और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीति रूपी सागर की यात्रा करना चाहता है। नरेन्द्र मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गईं, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी हैं। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। विरोध करने वाले दल एवं राजनेता स्वयं भी इस बात को महसूस करते हैं। फिर भी वर्ष 2024 के चुनावों के मद्देनजर जनता को गुमराह करने के लिये और उसका मनोबल कमजोर करने के लिये वे उजालों पर कालिख पोत रहे हैं, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावना है। विपक्षी दल एवं उनके नेताओं को सद्बुद्धि आए, वे अपना श्रम एवं श्रम सार्थक एवं उद्देश्यपरक राजनीति को मजबूत करने में लगायें तो भारत का लोकतंत्र ज्यादा सुदृढ़ होगा। विरोध ही करना हो तो स्तर का विरोध करें, क्योंकि लोकतंत्र में स्तर का विरोध एवं आलोचना का स्वागत है और इससे लोकतंत्र को मजबूती ही मिलती है। विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति द्वारा नये संसद भवन के उद्घाटन का सुझाव दिया, सही है। लेकिन इसको लेकर जो जड़ता एवं हठधर्मिता का प्रदर्शन किया, वह गलत है। विपक्ष का यह कहना है कि प्रधानमंत्री सदन का हिस्सा और शासन प्रमुख होने के नाते अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं और उन्हें उस तरह की निर्विवाद हैसियत हासिल नहीं होती, जो संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति को प्राप्त होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि इस सुझाव पर विपक्ष को सामान्य स्थिति में कितना जोर देना चाहिए था। क्या इसे इस सीमा तक खींचना जरूरी था कि उस आधार पर समारोह का ही बहिष्कार कर दिया जाए? निश्चित रूप से विपक्ष की यह हठधर्मिता सहज-स्वाभाविक नहीं कही जा सकती।

फिर दिल्ली, अध्यादेश और अदालत

(वृंदा भंडारी, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

बीते शुक्रवार की देर शाम राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 जारी किया, जिससे सेवाओं पर दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन लीं। उसके बजाय केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उप-राज्यपाल (एलजी) को दिल्ली सरकार के नौकरशाहों के स्थानांतरण व पोस्टिंग से जुड़े मसलों पर अंतिम फैसला लेने का अधिकार दे दिया गया। नए अध्यादेश में नौकरशाहों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित मुद्दों पर फैसले लेने के लिए एक वैधानिक निकाय 'राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण' का गठन किया गया है, जिसमें तीन सदस्य होंगे- दिल्ली के मुख्यमंत्री, यहां के मुख्य सचिव और प्रधान गृह सचिव। इसका अर्थ यह है कि निर्वाचित मुख्यमंत्री के फैसले को दो वरिष्ठ नौकरशाह, जो निश्चय ही जनता के चुने हुए प्रतिनिधि नहीं होंगे, वीटो या खारिज कर सकते हैं। यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा 11 मई को सर्वसम्मति से पारित फैसले के मद्देनजर लाया गया है। इस फैसले में शीर्ष अदालत ने उप-राज्यपाल के बजाय लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई स्थानीय सरकार को दिल्ली की सेवाओं पर नियंत्रण का अधिकार दिया था। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने माना था कि भूमि, पुलिस और पब्लिक ऑर्डर को छोड़कर जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली सरकार के पास ही नौकरशाहों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के मुद्दे पर अंतिम विधायी और समान विस्तार वाली कार्यकारी शक्ति होनी चाहिए। अदालत के फैसले के पीछे तर्क यह था कि चूंकि सिविल सेवक 'सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन में निर्णायक भूमिका निभाते हैं', इसलिए निर्वाचित सरकार इतनी सक्षम होनी चाहिए कि वह अपनी सेवाओं में तैनात नौकरशाहों को नियंत्रित कर सके और उनकी जिम्मेदारी तय कर सके। जाहिर है, ताजा अध्यादेश से प्रक्रियात्मक, औचित्य और बुनियादी मुद्दों से जुड़े तमाम तरह के सवाल पैदा हो गए हैं। सामान्यतः अध्यादेशों को संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत तब जारी किया जाता है, जब संसद के दोनों सदनों का सत्र न चल रहा हो, और जब राष्ट्रपति को लगता है कि ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गई हैं, जिसके लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। इस प्रकार, अनुच्छेद 123 बनाने के पीछे 'अति-आवश्यकता' की भावना रही है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2017 में कृष्ण कुमार सिंह बनाम बिहार सरकार के मामले में एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया था, जिसका उल्लेख यहां उचित होगा। उस फैसले में कहा गया था कि अध्यादेश जारी करने की शक्ति राष्ट्रपति को इसलिए दी गई है, ताकि जब 'अप्रत्याशित हालात बन जाएं और उनसे निपटने के लिए विधायी उपायों की दरकार हो', तब कोई सांविधानिक शून्य की स्थिति न बनने पाए। सात न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि अध्यादेश जारी करना एक असाधारण शक्ति है, जिसका मकसद सांविधानिक जरूरतों को पूरा करना है। आखिर वह 'असाधारण परिस्थिति' थी क्या, जिसके लिए अभी कार्यपालिका को तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत महसूस हुई। हमारी नजर स्वाभाविक तौर पर आठ दिन पहले दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की तरफ जाती है। ताजा अध्यादेश का मुख्य उद्देश्य अदालती फैसले के प्रभाव को कम करना जान पड़ता है। केंद्र सरकार ने दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट में आने से पहले सेवाओं को नियंत्रित करने और दिल्ली में नौकरशाहों के स्थानांतरण की शक्ति में उसे सर्वोच्चता हासिल थी। जाहिर है, सर्वसम्मत फैसले में हारने के तुरंत बाद उसने यह अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कमतर करने का प्रयास किया है। अध्यादेश में कहा गया है कि यह इसलिए जारी किया गया है, क्योंकि यह 'व्यापक राष्ट्रीय हित में है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई केंद्र सरकार के जरिये पूरे देश के लोगों की कुछ भूमिका राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में हो', और 'अपनी राजधानी पर शासन करने की राष्ट्र की इस लोकतांत्रिक इच्छा' को प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया जाता है।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5021

			7		9		2	
		9	2	1	6			5
5			8		4			
	6					4		
3	7			4			6	1
		2					5	
			9					3
7			3	8	5	2		
	3		4		1			

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5020

8	5	3	2	4	1	6	9	7
9	4	2	6	5	7	8	1	3
1	7	6	9	8	3	2	4	5
5	6	9	4	7	2	1	3	8
2	3	4	8	1	5	9	7	6
7	8	1	3	6	9	4	5	2
6	9	7	5	2	4	3	8	1
4	2	5	1	3	8	7	6	9
3	1	8	7	9	6	5	2	4

वर्ग पहेली 5021

1	2	3	■	4	5	6	■
7			■	8			■
	■	■	9		■	10	11
12	13	14	■	15	16	■	
■	17		18	■	■		
19		■	20			21	
22		■		■	23		■
	■	24		■		■	■

संकेत: बाएं से दाएं

1. 2002 को इस देश के नगर शांति लोकेन्द्र बाहुड़ा को इसकमेंटी नियुक्त किया गया (3)
4. भारत के सम्मानीय उपराष्ट्रपति सम्मेदीन सिंह ने 11 अक्टूबर 2008 को इस मंदिर में इसी दिखकर कानीन बड़ी में फलने वाली पाली लेखड़ी को स्थान दिया (7)
7. धातु अयोर से बना हुआ विदुर का बना दीवार लेंगा (3)
8. हिंदी के बारह महीने में से एक (3)
9. प्रसन्न, खुश, हर्षित (उ.) (2)
10. जगत, कमलेश, जाति (2)
12. कोरोना वायरस के निकलने के कारण इस देश का एक नाम कोरोनो भी है (3)
15. जले के बने हुए कपड़े को पानी भरकर काला करना (2)
17. पैगम्बर इसका भी चार पुस्तकों में एक पुस्तक (3)
19. गर्म-विकर्ष, सुकतरा, अविनीत (2)
20. आंख का पर्दा, पलक (5)
22. कला, काल, इस बात बाय लेने का समय (3)
23. अतिथिशाला, विश्रांत (2)
24. संवाद राष्ट्रीय पक्षी, मोर (2)

ऊपर से नीचे

1. मुसलमानों, जैन सम्प्रदाय, मधुमेह (4)
2. पानी, आंसू का दूसरा किनारा (2)
3. बीमार, भूत धन, नहीं (2)
4. पैसेंजर, विद्यालय, एक सामाजिक काम (4)
5. ग्राम, देहात, बीमार (2)
6. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
11. पुरातनकाल, पाषाण, मुहावरी (4)
13. पुस्तकालय, अधिक संख्यक, गणितविदों (4)
14. लोहे का अर्थपंचकार दुकान (2)
16. भूतपूर्व राम्पू मंत्री जो तेरहवीं लोकसभा में मिजोरम लोकसभा से सांसद रहे (5)
18. उत्तरप्रदेश का संकट पर बना एक शहर (4)
19. पात्र चलाने वाला, सहायक (2)
21. बिंदु, मोतू, पथ, लोचन (2)

वर्ग पहेली 5020 का हल

कि	जी	■	रे	ख	■	म	त
ते	जी	■	ख	ग	य	द	ता
अ	■	ते	■	ती	हे	न	■
ख	त	■	ता	र	ख	■	अ
द	त	ना	■	से	र	■	य
■	कि	न	पो	■	ह	लो	म
म	ता	■	ह	■	ख	■	न
ती	■	य	ग	■	न	ती	■

आज का राशिफल

मेष

आज परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। सायंकाल में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

वृष

आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। लेकिन आप अपने सद्व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। सायंकाल में जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क

आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख और पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग बन रहे हैं।

सिंह

आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक मजबूत होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

मिथुन

आज अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को मजबूत करेंगे। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

कन्या

आज पत्नी को अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के खरीद फरोख्त के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा और पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

तुला

आज पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। कारोबार में व्यस्तता अधिक रहेगी लेकिन व्यर्थ व्यय से बचें। सायंकाल में शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। प्रिय एवं महान पुरूषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा।

वृश्चिक

आज राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। पाचन क्रिया मंद तथा नेत्र विकार संभव है। सायंकाल का समय प्रियजनों के दर्शन हास्य परिहास में व्यतीत होगा। खानपान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें।

मकर

आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

कुंभ

आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रूपए पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं, जिसमें आपकी विजय हो जाएगी। आपके विरूद्ध षड़यंत्र विफल हो जाएंगे।

धनु

आज आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश व कीर्ति में वृद्धि होगी। काफी दिनों से अटका हुआ आर्थिक कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल प्रियजनों से भेंट और रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

मीन

आज वैवाहिक जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, Email : sonevershavani@gmail.com, website : www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

शादी के दिन हुआ खुलासा, दोबारा विवाह कर रहा था लड़का; फिर दुल्हन ने उठाया ये कदम

रांची , एजेंसी। रांची के डोरंडा के मनिटोला में शुक्रवार को एक दुल्हन ने निकाह के लिए आ रही बारात को बीच रास्ते से ही लौटा दिया। दरअसल, दुल्हन को शादी के दिन यह मालूम हुआ कि जिससे उसकी शादी हो रही वह पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। इसके बाद दुल्हन ने दूल्हे असगर खान से शादी करने से इंकार कर दिया।बताया जा रहा है कि डोरंडा मनिटोला की रहने वाली युवती की शादी डालटनगंज के पठान मुहल्ला निवासी हलीम खान के पुत्र असगर खान से तय हुई थी। शादी तय करने के वक्त असगर खुद पहुंचा और अपने साथ कुछ दोस्तों को भी लेकर आया। लड़की वालों को उसने बताया कि वे उसके भाई हैं। शादी के लिए 26 मई की तिथि तय हुई। 25 मई को मनिटोला के लोगों को इसकी जानकारी मिली। मुहल्लेवासियों ने जब तफ्तीश की तो पता चला कि दूल्हा असगर ठग है। मुहल्लेवासी और लड़की के भाई ने अंजुमन इस्लामिया को इसकी जानकारी दी। जांच में चौकाने वाली बातें सामने आयीं। लड़का पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। साथ ही कई मामले में जेल भी जा चुका है। इसके बाद लड़की और उसके घर वालों ने शुक्रवार को लोहरदागा के कुडू तक पहुंची बारात को रास्ते से ही लौटा दी। अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिख हुसैन के नेतृत्व में एक टीम गुरुवार को लड़की के घर पहुंची थी। मुहल्लेवासियों और लड़की के घर वालों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद शुक्रवार को टीम ने जांच-पड़ताल शुरू की। अंजुमन ने डाल्टनगंज के मुखिया, असगर की पत्नी, उसके ससुर समेत अन्य लोगों से संपर्क कर जानकारी हासिल की। पता चला कि आरोपी असगर न सिर्फ शादीशुदा है, बल्कि वह नशेड़ी और दो बच्चों का पिता भी है। कई मामले में वह जेल जा चुका है। जांच-पड़ताल के बाद अंजुमन की टीम शुक्रवार को भी दोपहर में लड़की के घर पहुंची। इस दौरान लड़की ने शादी करने से इंकार कर दिया। कहा कि आरोपी के खिलाफ अब वह केस दर्ज कराएगी, ताकि दूसरी लड़की की जिंदगी बर्बाद नहीं हो। टीम में अंजुमन के सदस्य वसीम अकरम, शाहीद अख्तर टुपलू, मो नजीब व अन्य लोग थे। ठग असगर खान ने शादी की तय तिथि से एक सप्ताह पहले ही लड़की वालों से न सिर्फ दहेज लिया, बल्कि लड़की के नाम से उसने एक कार भी फाइनांस करवा लिया। वर्तमान में आरोपी उसी कार में घूमता है। दहेज के सामान को आरोपी ने मोरहाबादी स्थित एक फ्लैट में रखवा दिया। आरोपी असगर ने लड़की वालों को यह झांसा दिया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। जब अंजुमन की टीम ने तफ्तीश की तो पता चला कि आरोपी के पिता जिंदा है। पिता हलीम खान ने आरोपी असगर को लिखित रूप से घर से बेदखल कर निकाल दिया है। ठग असगर खान ने एक शादी की वेबसाइट पर अपना डिटेल डाल रखा था। लड़की के भाई ने वेबसाइट से नंबर निकालकर इसी साल असगर से संपर्क किया। असगर ने बताया कि वह झारखंड सरकार में अच्छे पद पर कार्यरत है। उसे सरकार की तरफ से गार्ड भी दिया गया है। उसने यह भी बताया कि उसका पंडरा समेत कई जगहों पर अपना घर भी है। उसके पास जैप आईटी में जीएम पद का फर्जी आई कार्ड था, जिसे दिखा कर ठग ने लड़की के परिजनों को झांसे में ले लिया। इसके बाद असगर लड़की के घर आने-जाने लगा। असगर ने लड़की के घर वालों पर शादी की तिथि तय करने का दबाव बनाया। 15 दिन के भीतर उसने शादी की बात रखी। आनन-फानन में तिथि तय हुई। उसने कहा कि इस्लामिक तरीके से पांच आदमी के साथ आकर यह सिर्फ निकाह करेगा। इस बात पर लड़की वाले भी राजी हो गए।

कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ेगी, एक लाख लोगों को मिलेगी पर्याप्त बिजली

धनबाद, एजेंसी। कांड्रा नेशनल ग्रिड की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इससे एक लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। 100 एमवीए वाले ग्रिड की क्षमता 160 एमवीए की जाएगी। इसमें दो 80-80 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए संचरण विभाग ने टेंडर निकाला है। जून तक इसे फाइनल कर दिसंबर तक कार्य पूरा करना है। इससे 120 मेगावाट तक बिजली आपूर्ति की जाएगी। अभी ग्रिड की क्षमता 100 एमवीए है और इसमें 50-50 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं। 60 मेगावाट तक बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे गोविंदपुर, छोटाअंबोना, बरवाअड्डा, टुंडी, राजगंज सहित आसपास क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा रही है। ग्रिड की क्षमता बढ़ने से धनबाद डिवीजन क्षेत्र के बैंक मोड़, पुराना बाजार, सरायढेला, धनसार, गोधर सहित 90 प्रतिशत क्षेत्र में रह रहे लोगों को नेशनल ग्रिड की बिजली मिलेगी। इससे डीवीसी की बिजली पर निर्भरता में कमी आएगी। अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि ग्रिड की क्षमता बढ़ने से 120 मेगावाट तक बिजली आपूर्ति की जाएगी। ग्रिड की लाइन में तकनीकी खराबी आने पर डीवीसी की बिजली आपूर्ति की जाएगी। इससे अधिक देर तक बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। अभी धनबाद डिवीजन के अधिकांश क्षेत्र में डीवीसी की बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे अक्सर बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। डीवीसी पुटकी ग्रिड से गोधर वन व टू, गणेशपुर वन व टू सर्किट में बिजली कनेक्शन जोड़ा गया है। शहर के पुराना बाजार, बैंक मोड़, जोड़ाफाटक, धनसार वासेपुर, पांडरपाला, भूली, बिनोद नगर, बरमसिया, गांधीनगर, मनईटांड़, मटकुरिया, गोधर सहित आसपास इलाके में बिजली आपूर्ति की जाती है। वहीं पाथरडीह ग्रिड से बच्चा जेल, पीएमसीएच सब स्टेशन में कनेक्शन जोड़ा गया है। इससे सरायढेला, निलांचल कॉलोनी, सुगियाडीह, कार्मिक नगर, मंडल बस्ती, जगजीवन नगर, नूतनडीह, बिनोद नगर, करमाटांड़, तेलीपाड़ा सहित आसपास इलाके में बिजली संकट की समस्या से लोग जूझते रहते हैं। डीवीसी की लाइन में तकनीकी खराबी आने पर घंटों बिजली संकट रहता है। विभाग के पास वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है।

दो साल पहले कर चुकी इस्माइल से शादी, उसकी बीवी के बारे में पता है%, पति की शिकायत के बाद थाने में बोली युवती

करमाटांड़ (जामताड़ा), एजेंसी। झारखंड के करमाटांड़ पुलिस को आवेदन देने के 24 घंटों के दौरान ही आदिवासी युवती शुक्रवार को थाने में पहुंची। मोनिका ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह दो साल पहले ही इस्माइल अंसारी के साथ शादी कर चुकी है। वह पहले से ही शादीशुदा है और रजामंदी से अब वह उसके साथ रह रही है। बता दें कि इससे पहले ही युवती के पिता ने थाने में आवेदन दिया था कि उनकी बेटी का इस्माइल अंसारी ने अपहरण कर लिया है, लेकिन 24 घंटे के अंदर ही युवती ने थाने में जाकर रजामंदी से शादी करने की बात कही है। इधर, आदिवासी युवती व उसके पिता के बयान बदलने से बिफरे आदिवासी एकता संघ के अध्यक्ष अनिल टुडू ने बताया कि लड़की के पिता एवं लड़की लगातार किसी दबाव व प्रलोभन की वजह से अपना बयान बदल रहे हैं। इस परिवार का अब पूरा आदिवासी समाज सामाजिक बहिष्कार करेगा। युवती ने अपने बयान में बताया है कि वह इस्माइल अंसारी के साथ रजामंदी से शादी कर चुकी है। उनकी मुलाकात दो साल पहले हुई थी। इस्माइल बाहर काम करता है और वह इन दिनों जामताड़ा में अपनी बहन के घर रहती हैं। मोनिका ने बताया कि इस्माइल की पूर्व में भी शादी हो चुकी है और इसके बावजूद वह उसके साथ ही रजामंदी से शादी करके रहने को तैयार है। वहीं, दूसरी ओर आदिवासी एकता समाज के लोगों ने अनिल टुडू की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक की और आगामी 28 मई रविवार को समाज की एक वृहद बैठक बुलाई है।

अंकों के खेल में झारखंड के बच्चे कमजोर, जोड़-घटाव के प्रश्नों में उलझ रहे एक तिहाई स्टूडेंट्स

रांची, एजेंसी। झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले एक तिहाई से अधिक बच्चे गणित में कमजोर हैं। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से बुनियादी साक्षरता और बुनियादी गणितीय क्षमता को लेकर कराए गए सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है।

निपुण भात मिशन के तहत यह अध्ययन राज्य के 2,059 स्कूलों के 34,745 बच्चों के बीच स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से कराया गया था। स्कूलों में कराए गए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान-2022 सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में कक्षा दो के 34 प्रतिशत बच्चे अपनी कक्षा के अनुरूप जोड़ के आधे हिसाब हल नहीं कर पाते।

इसी तरह, 44 प्रतिशत बच्चे घटाव के आधे हिसाब नहीं बना पाते। इसी तरह दूसरी कक्षा के 90 प्रतिशत बच्चे कक्षा एक के स्तर के जोड़ के आधे से अधिक प्रश्न तो हल कर लेते हैं, लेकिन अपनी कक्ष (कक्षा दो) के स्तर के केवल 66 प्रतिशत बच्चे ही आधे से अधिक प्रश्न हल कर पाते हैं। इसी तरह, दूसरी कक्षा के 83 प्रतिशत बच्चे कक्षा एक के स्तर के घटाव के आधे से अधिक प्रश्न तो हल कर लेते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा दो के 80 प्रतिशत बच्चे कक्षा एक के जोड़ के सभी प्रश्नों को हल कर लेते हैं, जबकि 37 प्रतिशत बच्चे ही अपनी कक्षा (कक्षा दो) के जोड़ के सभी प्रश्न हल कर पाते हैं। 71 प्रतिशत बच्चे कक्षा एक के स्तर के घटाव के सभी प्रश्न हल कर लेते हैं, जबकि 20 प्रतिशत बच्चे ही अपनी कक्षा के घटाव के सभी प्रश्न हल कर पाते हैं। भारत सरकार ने निपुण भारत मिशन के तहत साल 2026-27 तक कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के अपने कक्षा के स्तर के सार्वभौमिक बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान का लक्ष्य रखा है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) को सीखने की पहली और आवश्यक शर्त माना गया है। कहा गया है कि यदि यह लक्ष्य हासिल नहीं किया गया तो बाकी नीतियां काफी हद तक निष्फल हो जाएंगी। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार ने साल 2021 में निपुण भारत मिशन की शुरुआत की। इस मिशन के तहत साल 2026-27 तक कक्षा तीन के सभी बच्चों में भाषा और गणित से संबंधित बुनियादी साक्षरता और बुनियादी गणितीय क्षमता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहला लक्ष्य यह है कि बच्चे अच्छे स्वास्थ्य और विकास को प्राप्त कर सकें। वहीं, दूसरा लक्ष्य बच्चे प्रभावी संवाद स्थापित करने में निपुण बनें और तीसरा लक्ष्य है कि बच्चे अपने वातावरण से जुड़ते हुए सीखने की प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इन लक्ष्यों को पहले अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन (ईसीई) के तीन साल और उसके अगले तीन साल (कक्षा एक से तीन) की बुनियादी स्कूल शिक्षा के रूप में स्तरों में विभाजित किया गया है।

बोकारो में छह साल की मासूम से हैवानियत, दुकानदार ने घर में घुसकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

बोकारो, एजेंसी। झारखंड के बोकारो जिले से एक शर्मनाक वारदात सामने आई है। यहां चास थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहनेवाली छह साल की बच्ची के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है।

आरोपी की पहचान साहू मार्केट क्षेत्र के रहनेवाले 35 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में हुई है। आरोपी ने शुक्रवार को इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और भाग गया।

बच्ची ने रोते हुए मां को आप बीती सुनाई। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार भी कर न्यायिक हिरासत में चास जेल भेजा है। बच्ची की मां ने बताया कि आरोपित की कपड़े की दुकान है। उसे हम लोग जानते हैं। शुक्रवार की शाम को बिटिया घर में ही अन्य किराएदार के बच्चों के साथ खेल रही थी।

इस दौरान खेलकर कुछ देर बाद वह उतरकर नीचे जा रही थी। इस बीच आरोपित उसके घर की सीढ़ी में आकर बैठ गया। बच्ची जब उतरने लगी तो उसे पकड़ लिया और उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची रोती रही मगर आशीष मनमानी करता रहा। उसके बाद भाग निकला। इतना ही नहीं उसने बच्ची को धमकाया भी और कहा कि किसी को कुछ बताना नहीं, अन्यथा मार देंगे।

कुछ देर बाद बच्ची जब रोते हुए आई, ऐसे में हमने उससे रोने का कारण पूछा तो बस वह फफक उठी। उसने सारी बात बता दी। तब पुलिस में आरोपी दुकानदार की इस करतूत की शिकायत की। महिला ने पुलिस से अपील की है कि उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म करनेवाले आरोपित को कड़ी से कड़ी सजा पुलिस दिलवाए।

15 साल से क्वार्टर पर कब्जा कर के बैठा था कांग्रेस नेता, प्रशासन ने बाहर फेंका सामान

जमशेदपुर, एजेंसी। साकची कुलसी रोड, क्वार्टर नं. 1/एल2 पर कांग्रेस नेता शिवनंदन सिंह उर्फ शिबू सिंह द्वारा पिछले 15 साल से किए गए कब्जा को बुधवार को मुक्त कराया गया। सुबह 11 बजे शिबू सिंह और उनके घर की महिलाओं ने क्वार्टर खाली कराने पहुंची टीम पर चप्पल से हमला करने का प्रयास किया। फिर महिला फोर्स व अन्य पुलिसकर्मियों ने शिबू की मां व परिवार के अन्य लोगों को पकड़ा और फिर जबरन घर में घुसकर सामानों को बाहर फेंकना शुरू किया।

शाम पांच बजे तक यह कार्रवाई चली। इस दौरान टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट के पदाधिकारी समेत मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यपालक दण्डाधिकारी जय प्रकाश करमाली फोर्स के साथ तैनात थे। पुलिस कार्रवाई होने तक महिला और उनके बेटे दीपक सिंह, शिवनंदन सिंह उर्फ शिबू सिंह को क्वार्टर के पास कब्जे में रखा।

क्वार्टर के एक-एक सामान को रोड पर निकाला और गाड़ियों में लोड कर ले जाया गया। यह मामला अधिवक्ता श्रीराम दुबे की देखरेख में अनुमंडल दण्डाधिकारी, धालभूम के कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को यह कार्रवाई हुई। शिबू सिंह का कांग्रेस नेता होने के साथ साकची में पार्किंग

का ठेका भी चलता है।

अधिवक्ता श्रीराम दुबे ने बताया कि क्वार्टर टिस्को कर्मी गिरीश चन्द्र झा के नाम से था। उन्होंने क्वार्टर के पीछे एक कमरे में शिबू के पिता को मानवता के आधार पर किराए में रहने दिया। धीरे-धीरे उन्होंने क्वार्टर पर कब्जा कर लिया। विगत 15 वर्षों से क्वार्टर पर शिबू सिंह एवं दीपक सिंह के द्वारा अवैध रूप से कब्जा था। क्वार्टर पर कब्जा की वजह से गिरीश चन्द्र झा की टिस्को की नौकरी चली गई। टाटा कंपनी के नियमानुसार जीसी झा को चार्जशीट दे कर नौकरी से निलंबित कर उनका संपूर्ण सेटलमेंट की रकम एवं मेडिकल सुविधा भी टाटा कंपनी द्वारा रोक दी गई। जीसी झा एवं उनके परिवार से शिबू सिंह, दीपक सिंह ने कई बार मारपीट भी की। अवैध कब्जा के तनाव में गिरीश चंद्र झा की मृत्यु हो गई। परिवार इस अवैध कब्जे के कारण पूरी तरह से टूट गया था।

मृतक के बेटे राजेश झा द्वारा अधिवक्ता श्रीराम दुबे से संपर्क किया। केस मुकदमे के लिए उसके पास रुपए नहीं थे, जिसके बाद अधिवक्ता श्रीराम दुबे ने फ्री में केस लड़ा और पांच साल के बाद उनको न्याय मिला।

अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग के आरोपी दाहू के पिता पशुपति यादव की जमानत याचिका खारिज

साहिबगंज, एजेंसी। साहिबगंज में 1 हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव का जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। गौरतलब है कि राजेश यादव उर्फ दाहू यादव 1 हजार करोड़ के अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस में जेल में बंद पंकज मिश्रा का सहयोगी है।

बता दें कि ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछले सुनवाई 20 मई को हुई थी। शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया जाएगा।

बेटे की कमाई खपाता था पशुपति यादव

बताया जाता है कि पशुपति यादव अपने बेटे राजेश उर्फ दाहू यादव की काली कमाई को खपाने का काम करता था। यह कमाई साहिबगंज में अवैध खनन के जरिए भी होती थी। बता दें कि पशुपति यादव 22 अप्रैल से ही न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। पशुपति यादव ने 6 मई को जमानत की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। साहिबगंज की मुफस्सिल थाना की पुलिस ने 21 अप्रैल को दाहू यादव के पिता को गिरफ्तार किया था। 22 अप्रैल को उसे ईडी कोर्ट में पेश किया गया और यहां से जेल भेज दिया गया। इसी केस में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और पंकज मिश्रा का सहयोगी बच्चू यादव जेल में है। पिछले दिनों पंकज मिश्रा की भी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पंकज मिश्रा जुलाई 2022 से ही जेल में बंद है।

8 जुलाई 2022 को ईडी ने मारा था छापा : बता दें कि साहिबगंज में हो रहे अवैध पत्थर खनन के सिलसिले में ईडी ने 8 जुलाई को पंकज मिश्रा और दाहू यादव सहित उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने साहिबगंज, बरहड़वा, मिर्जाचौकी, उधवा, राजमहल और बरहेट में छापेमारी की थी। छापेमारी में पंकज मिश्रा के घर से 5 करोड़ रुपये की नकदी और निवेश संबंधी दस्तावेज मिले थे। 37 ऐसे बैंक खातों का भी पता चला था जिनमें 11 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जमा थी। ईडी की टीम ने 30 करोड़ रुपये की कीमत वाला मालवाहक जहाज भी जब्त किया था। यह जहाज दाहू यादव को बताया जाता है।

अब जिप की उच्चस्तरीय कमेटी बहुउद्देश्यीय भवनों व दुकानों का निर्धारण करेगी भाड़ा

धनबाद, एजेंसी। जिला परिषद के बहुउद्देश्यीय भवन, दुकान सहित अन्य परिसंपत्तियों के भाड़ा निर्धारण में जल्द ही बदलाव होगा। झारखंड सरकार की पंचायती राज विभाग जिला परिषद के परिसंपत्तियों के रेंट निर्धारण को लेकर नियमों में बदलाव की तैयारी कर रहा है।

दरअसल ग्रामीण विकास विभाग ने 30 सितंबर, 2022 के आदेश के तहत एसडीएम को भाड़ा निर्धारण का निर्देश था। लेकिन, उक्त आदेश के 7 महीने समाप्त होने बाद भी धनबाद जिला परिषद के बहुउद्देश्यीय भवनों व दुकानों का भाड़ा निर्धारण नहीं हो पाया है।

इधर, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह का कहना है कि जिला परिषद की परिसंपत्तियों का भाड़ा निर्धारण को लेकर पिछले दिनों पंचायती राज विभाग के निदेशक से मिली थी। उन्होंने आश्वस्त किया है कि भाड़ा निर्धारण को लेकर नियमों में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए जिला परिषद में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित होगी, जो दुकान, व बहुउद्देश्यीय भवनों का भाड़ा निर्धारण करेगी। पंचायती राज विभाग जल्द ही इसको लेकर दिशा निर्देश जारी करेगा।जिला परिषद के धनबाद शहर, झरिया, कतरास, पुटकी, केंदुआ, तोपचांची, गोमो, निरसा सहित अन्य क्षेत्रों में 1200 से अधिक दुकानें हैं। इसके अलावा 26 बहुउद्देश्यीय भवन व विवाह मंडप हैं। भाड़ा निर्धारण नहीं होने से 425 दुकानें, 21 बहउद्देश्यीय भवन व विवाह मंडप बिना रेंट के खाली पड़े है। जिला परिषद अध्यक्ष का कहना है कि इसके कारण हर महीने लाखों रुपए की राजस्व हानि हो रही है। ग्रामीण विभाग के निर्देश के आलोक में एसडीओ धनबाद को कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन भाड़ा का निर्धारण नहीं हो पा रहा है।ग्रामीण विकास विभाग ने 28 अक्टूबर, 2004 के आदेश के तहत जिला परिषद को अपनी परिसंपत्ति को भाड़ा लगाने पर रोक लगा दिया।

भाजपा नेता ने की खुदकुशी : दो बच्चों की मां से की थी शादी, 1 जून को घरवाले करा रहे थे दूसरा विवाह

जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो पोस्ट ऑफिस रोड आनंद विहार कॉलोनी में फ्लैट में रहने वाले सह भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री कृष्णा यादव (30) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना खुद को पत्नी बताने वाली रीमा सिंह ने दी। पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर कृष्णा को फंदे से उतारकर एमजीएम अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रीमा ने बताया कि बुधवार की रात उसने फेसबुक पर कृष्णा व बच्चों की तस्वीरें डाली थी। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। वह फ्लैट में जाने के बाद वीडियो कॉल पर बात करना चाहता था, लेकिन नाराजगी की वजह से बात नहीं की। कुछ देर बाद मायके से फ्लैट पहुंची तो दरवाजा बंद मिला। फिर सूचना पुलिस को दी। कृष्णा चतरा अपने गांव से गुरुवार सुबह शहर आया था।

उसकी 1 जून को शादी कराने की तैयारी थी और शुक्रवार को तिलक होना था। इधर, दिन के दो बजे टेल्को से कृष्णा के मामा महेंद्र यादव एमजीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने रीमा पर हत्या का आरोप

लगाया। महेंद्र ने बताया कि एक जून को कृष्णा की शादी चंपारण में होने वाली थी।

शुक्रवार को उसका तिलक होने वाला था। घटना के बाद महिला पक्ष और मृतक पक्ष के लोगों में विवाद भी हुआ। मानगो पुलिस कृष्णा की कथित पत्नी रीमा सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं परिवार के लोग देर शाम को शहर पहुंचे और कथित पत्नी पर कृष्णा की हत्या का आरोप लगाया।

रीमा सिंह ने बताया कि गौड़ बस्ती लक्ष्मणनगर में रहती है। कृष्णा को बचपन से जानती थी। वर्ष 2012 में घर वालों ने उसकी शादी लक्ष्मणनगर बस्ती के ही सोनू चंद्रा से कर दी थी। सोनू से 8 साल का बेटा और पांच साल की बेटी है। शादी के बाद से सोनू मारपीट करता था।

वर्ष 2018 में सोनू ने उसे छोड़ दिया। पांच-छह साल पहले वह कृष्णा के संपर्क में आई और फिर दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। कृष्णा उसे अपने घर वालों से अलग फ्लैट में लेकर रहने लगा। दोनों बच्चे भी साथ में रहते थे। 20 मई को कृष्णा अपने गांव गया, जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी।

रीमा सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के दौरान डिमना रोड स्थित कृष्णा की भूंजा की गुमटी तोड़ दी थी। कृष्णा को यह जानकारी उसने फोन पर दी। तभी उसे पता चला कि वह गांव में शादी करने गया था। इसको लेकर दोनों के बीच अनबन हुई। फिर रीमा ने गुस्से में आकर कृष्णा के साथ अपनी शादी व अन्य कई तस्वीरें सोशल मीडिया में डाल दी।

यूपी के कई जिलों में मूसलाधार बारिश और आंधी से बदला मौसम, कहीं पेड़ गिरे तो कहीं होर्डिंग

लखनऊ, एजेंसी। राजधानी लखनऊ सहित यूपी के कई जिलों में शनिवार दोपहर तेज आंधी और मूसलाधार बारिश से मौसम बदल गया और पूरा शहर अस्तव्यस्त हो गया। लखनऊ में कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया तो कई जगह होर्डिंग उड़कर दूर जा गिरे। इस दौरान शहर के लालकुआं क्षेत्र में एक मकान ढह गया। लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा है।

लखनऊ के गोमती नगर राम भवन के पास पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। वहीं, कई जगहों पर होर्डिंग उड़कर सड़क पर आ गिरी। हालांकि, इससे किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लखनऊ की तरह बहराइच, गोंडा और सुल्तानपुर में भी बारिश हुई और तेज हवाएं चली।

हैरान करने वाले हैं मौसम के बदलाव- मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मई के महीने में लू चलती है पर इस बार मौसम में हो रहे बदलाव हैरान करने वाले है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम का ट्रेंड बदलने में कम से कम 30 साल लगते हैं लेकिन अब तो हर दिन इसके तेवर बदल रहे हैं। बीच के कुछ दिनों को छोड़ दें तो पूरा महीना कभी तेज हवा, कभी आंधी तो कभी बारिश के बीच बीता। पेश्चियन चक्रवात भी मानसून के रास्ता भटकने का संकेत दे रहा है।

छह दिन में 9.8 डिग्री गिरा पारा

राजधानी लखनऊ में बीते छह दिनों में अधिकतम पारे में 9.8 डिग्री की कमी आई है। 21 मई को यह 43 डिग्री था, जो 25 को 33.4 डिग्री पर आ गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह कहते हैं कि यूपी के दक्षिण भागों को छोड़ दें तो पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू नहीं चली। लखनऊ में भी लू नहीं चली। शुक्रवार को जारी मौसम विभाग की रिपोर्ट में मानसून सीजन में लखनऊ समेत यूपी में सामान्य से कम बारिश के आसार जताए हैं।

आंधी-तूफान ने मचाई तबाही : दीवार गिरने से बच्चे की मौत, बाराबंकी में एक फरियादी की मौत व सिपाही घायल

लखनऊ, एजेंसी। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में शनिवार दोपहर आए आंधी-तूफान ने दो जानें ले ली। लखनऊ के ऐशबाग चौकी क्षेत्र के हबीब नगर में आंधी से दीवार गिरने से एक आठ साल का मासूम बच्चा घायल हो गया। ट्रॉमा ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। बच्चे के साथ उसकी मां को भी गंभीर चोट आई है।

वहीं, बाराबंकी की दरियाबाद कोतवाली परिसर में चल रहे समाधान दिवस के दौरान खंभा गिरने से एक फरियादी की मौत हो गई व दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। कई स्थानों पर पेड़ व खंभे गिरने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई और बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बेपटरी हो गई। इसके साथ ही तमाम लोगों के वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। शनिवार की दोपहर अचानक आसमान में तेज बादल उमड़ आए और तेज आंधी चलना शुरू हो गई। हवा इतनी तेज थी कि शहर से लेकर तमाम स्थानों पर खंभे, पेड़ व डालियां टूटकर गिर गए। दरियाबाद कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद शुक्ला की अध्यक्षता में समाधान दिवस चल रहा था। दोपहर करीब एक बजे अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आंधी चलना शुरू हो गई।

इस दौरान कोतवाली परिसर में वायरलेस नेटवर्क के लिए लगा एक खंभा फरियाद लेकर आए कोपेपुर निवासी सिराजुद्दीन (55) के सिर पर गिर गया। आनन-फानन में कोतवाली पुलिस सिराजुद्दीन को सीएचसी दरियाबाद लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सिपाही संदीप यादव व मोहित खटाना भी घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया है। एसडीएम रामआसरे वर्मा, सीओ हर्षित चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल पुलिस ने परिवार के लोगों को सूचना देकर शव को अस्पताल की इमरजेंसी में रखवा दिया है।

सपा विधायक के साले संदीप सिंह को यूपी एसटीएफ ने किया गिरफ्तार, बनवाया था अवैध शस्त्र लाइसेंस

लखनऊ, एजेंसी। माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी सपा विधायक के साले संदीप सिंह को यूपी एसटीएफ ने अवैध शस्त्र लाइसेंस रखने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। उसे शुक्रवार को एसटीएफ ने सरोजनीनगर इलाके से उठाया था।

विधायक के साले पर आरोप है कि उसके पास नागालैंड से जारी शस्त्र लाइसेंस है जो अवैध है। एसटीएफ का दावा है कि यह लाइसेंस फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाया गया था।

शुक्रवार को संदीप सिंह को हिरासत में लेने के बाद एसटीएफ ने उसे मुख्यालय ले जाकर उससे चार घंटे पूछताछ की। उसके पास से बरामद असलहे की खरीद-फरोख्त को लेकर भी सवाल जवाब हुए। साथ ही कारतूसों का ब्यौरा भी लिया गया। उसके आपराधिक रिकॉर्ड और कुछ घटनाओं के बारे में भी पूछताछ हुई। जिसके बाद शनिवार को गिरफ्तारी हो गई।

मुर्गी फार्म संचालक की धारदार हथियार से वार कर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ एजेंसी। अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र के चौधरी का पुरवा लोरिकपुर गांव में मुर्गी फार्म संचालक ओम प्रकाश यादव की शुक्रवार रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

शुक्रवार रात ओम प्रकाश यादव घर के पास बने मुर्गी फार्म पर रोज की तरह सोने गया था। शनिवार सुबह परिजन जब ओमप्रकाश को उठाने पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। सीओ मयंक द्विवेदी समेत जामो पुलिस मौके पर पहुंची साक्ष्य संकलित कर घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुटी है।

सूचना के बाद एसपी डॉ. इलामारन जी भी घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। ग्रामीणों बीच चर्चा है कि हत्या कहीं और कर शव को फार्म हाउस पर रखा गया है।

ओम प्रकाश की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल अभी पुलिस भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

अखिलेश यादव बोले, भाजपा की सत्ता का अंतिम वर्ष शुरू, जनता ने तैयार कर लिए विदाई गीत

लखनऊ, एजेंसी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार दसवें वर्ष में नहीं, अपनी सत्ता के अंतिम वर्ष में प्रवेश कर गई है। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि यह भाजपा सरकार से त्रस्त जनता के लिए हर्ष का विषय है।

जनता ने भाजपा के लिए विदाई गीत तैयार कर लिए हैं। उन्होंने खेलो इंडिया गेम्स को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। कहा, भाजपा सरकार ने खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा की है। प्रदेश में एक भी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम नहीं बनाया। अब सामने लोकसभा चुनाव देखकर खेलो इंडिया का छलावा किया जा रहा है। उन्होंने अपने शासनकाल में इकाना स्टेडियम की स्थापना सहित खेलों के प्रोत्साहन के लिए किए गए अन्य प्रयासों का भी उल्लेख किया।

जिम से लौट रही युवती से छेड़छाड़

लखनऊ एजेंसी। गुडंबा थानाक्षेत्र में जिम में वर्कआउट कर घर लौट रही युवती से कार सवार शोहदों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपी गालीगलौज करते हुए भाग निकले। बृहस्पतिवार को पीड़िता ने केस दर्ज कराया है। युवती के मुताबिक, घर के पास ही एक जिम ज्वॉइन कर रखा है। रोज की तरह 24 मई को वह जिम से पैदल लौट रही थी। 4 नंबर चौराहे के पास कार सवार शोहदों ने उस पर अभद्र टिप्पणी की।

विरोध पर कार से उतरकर छेड़छाड़ करने लगे। युवती के शोर मचाने पर कुछ लोग मदद के लिए पहुंचे तो शोहदे धमकाते हुए भाग निकले। घर पहुंचकर पीड़िता ने आपबीती बताई और मोनू कुमार, मुन्ना, सुमेर और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़िता ने पुलिस को आरोपी की कार का नंबर भी दिया है।

नौकरी के नाम पर 13 से ठगे 32.50 लाख

लखनऊ एजेंसी। कृषि व स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 13 लोगों से 32.50 लाख रुपये ठगे जाने का केस अलीगंज थाने में दर्ज किया गया है। ठगी का आरोप पिता-पुत्र समेत चार लोगों पर लगा है। गोसाईगंज के हसनापुर निवासी अभिषेक कुमार के मुताबिक, आशियाना के सियाराम वर्मा और उनके बेटे ललित पुराने परिचित हैं। वर्ष 2021 में सियाराम ने मित्र अलीगंज निवासी डॉ. समरजीत बनर्जी के बारे में बताया।

जानकारी दी कि उनकी कृषि व स्वास्थ्य विभाग में अच्छी पकड़ है। विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती निकलनी है। समरजीत की मदद से नौकरी दिला सकते हैं। इसमें 2.50 लाख का खर्च आएगा। अभिषेक, रामप्रताप गुप्ता, अजीत कुमार, विपिन कुमार, शैलेंद्र कुमार, देशराज, रामबरन, अंकित कुमार, गंगाराम, शिव प्रताप सिंह निवासी रायबरेली, सुधीर कुमार निवासी बाराबंकी, मोहित और अवनीश कुमार पांडेय ने सियाराम, ललित व समरजीत से मुलाकात की। आरोपियों ने बताया कि कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक शिखा गुप्ता की मदद से नौकरी मिल जाएगी। आरोपियों ने सभी से रुपये ले लिए और नियुक्ति को लेकर टालमटोल करने लगे। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने एफआईआर दर्ज कराई।

मऊ के होटल में पुलिस का छापा : आपत्तिजनक हालत में मिले दर्जनों युवक-युवतियां, कई दिनों से चल रहा था गंदा काम

मऊ एजेंसी। मऊ में कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज स्थित एक होटल में लंबे समय चल रहे देह व्यापार का शनिवार को पुलिस प्रशासन ने भंडाफोड़ कर दिया। सीओ सिटी धनंजय मिश्रा के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस फोर्स के साथ हुई कार्रवाई में मौके से 14 युवतियां तथा 16 पुरुष पकड़े गए। चेकिंग के दौरान दो कमरे में जोड़े आपत्तिजनक हालत में मिले। साथ ही कमरे में कई आपत्तिजनक सामान मिले। पकड़े गए सभी युवक व युवतियों को पुलिस कोतवाली में लाकर मामले की कार्रवाई में जुटी है।

सीओ सिटी धनंजय मिश्रा ने बताया कि कई दिनों से रोडवेज स्थित एक होटल में आपत्तिजनक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थी। शनिवार की दोपहर शहर कोतवाली, दक्षिणटोला, सरायलंखसी थाना के अलावा महिला थाने की पुलिस फोर्स के साथ होटल पर छापेमारी की गई। इस दौरान कई कमरे बंद मिले, जहां तालाशी में 14 महिलाएं और 16 पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले।

वहीं इस संबंध में जब होटल मैनेजर से जब इस संबंध में कड़ाई से पूछताछ की तो सभी के होश उड़ गए। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर शहर कोतवाली ले आई है, जहां आगे की कार्रवाई करने में पुलिस जुटी है। इस संबंध में सीओ सिटी ने बताया कि छापेमारी करके 14 महिलाओं व 16 पुरुषों को पकड़ा गया है, जिन्हें कोतवाली में भेज दिया गया है। इनके ऊपर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

विधान परिषद उप चुनाव में होगा गुप्त मतदान

भाजपा ने क्रॉस वोटिंग से बचने के लिए बनाई रणनीति

लखनऊ, एजेंसी। यूपी विधान परिषद की दो सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए 29 मई को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। विधानसभा सचिवालय ने मतदान के लिए विधान भवन स्थित तिलक हॉल में दो मतदान कक्ष बनाए हैं। रिटर्निंग अधिकारी मो. मुशाहिद ने बताया कि दोनों सीटों पर गुप्त मतदान होगा। सभी 403 विधायक मतदान करेंगे। मतदान के बाद मतपत्र किसी भी व्यक्ति या चुनाव अभिकर्ता को दिखाने की इजाजत नहीं होगी। मतदान के बाद मतगणना होगी। शाम 6 बजे तक परिणाम घोषित होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि परिषद के पूर्व सदस्य लक्ष्मण आचार्य के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर भाजपा के पदमसेन चौधरी व सपा के रामकरन निर्मल चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट के विजेता का कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक रहेगा। वहीं, बनवारी लाल दोहरे के निधन से खाली हुई सीट पर भाजपा के मानवेंद्र सिंह और सपा के रामजतन राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर विजयी प्रत्याशी का कार्यकाल 6 जुलाई 2028 तक रहेगा।

भाजपा ने बनाई रणनीति

गुप्त मतदान में क्रॉस वोटिंग रोकना सभी दलों के लिए चुनौती। भाजपा ने इससे निपटने के लिए चार-पांच विधायकों का समूह बनाया है। विधायक निर्धारित समूह के साथ ही मतदान करने जाएंगे। मतदान के बाद वह संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना या चुनाव प्रबंधन टीम को बताएंगे कि मतदान कर दिया है। उधर, भाजपा ने सुभासपा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विधायकों का मत हासिल करने का भी प्रयास किया है। कुछ भाजपा नेता सपा खेमे से क्रॉस वोटिंग कराने के प्रयास में भी जुटे हैं।

छात्रा की छत से गिरकर मौत पर खुलासा

प्रबंधक सहित तीन के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व हत्या का मुकदमा दर्ज

लखनऊ, एजेंसी। अयोध्या शहर के प्रतिष्ठित सनबीम स्कूल की छत से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर कक्षा 10 की छात्रा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने छात्रा के बाबा की तहरीर पर स्कूल के प्रबंधक बृजेश यादव, प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया व स्पोर्ट्स टीचर अभिषेक कनौजिया के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, साक्ष्य मिटाने, पॉक्सो व हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्रा की शुक्रवार को तीसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी।

मामले में गेम टीचर अभिषेक कनौजिया को कैंट पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं, शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा किया गया जिसकी वीडियोग्राफी की जा रही है। हिरासत में लिए गए शिक्षक से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, मामले में प्रधानाचार्य ने परिजनों व मीडिया को गुमराह किया था और कहा था कि मौत झूले से गिरने से हुई है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। जिस जगह पर छात्रा गिरी थी। उस जगह खून के निशान भी मिटाए गए थे। ग्रीष्मावकाश के चलते विद्यालय बंद था। परिजनों का कहना है कि प्रधानाचार्य ने शुक्रवार को उसे विद्यालय में बुलाया था। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि स्कूल में खून या अन्य निशान नहीं मिले हैं।

मामले में स्कूल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। पूरे मामले की गहनता जांच की जा रही है।परिजनों के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे छात्रा कैंट क्षेत्र में अयोध्या-रायबरेली रोड स्थित सनबीम स्कूल गई थी। आधे घंटे बाद वह स्कूल परिसर के दाहिने तरफ गंभीर हालत में पड़ी मिली। छात्रा के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी थी। छानबीन में पता चला कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में छात्रा के तीसरी मंजिल से गिरने का वाकया कैद हुआ है।

पहले झूले से गिरने की जताई आशंका

मृतका के चाचा ने बताया कि छात्रा के गंभीर रूप से घायल होने के बारे में शुरू में स्कूल प्रबंधन नहीं बता रहा था। स्कूल के कुछ लोगों ने झूले से गिरकर घायल होने की आशंका जताई। स्कूल प्रबंधन ने ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया और घटना के करीब घंटे भर बाद घरवालों की सूचना दी गई। बताया कि छात्रा बुरी तरह से घायल थी, उसका एक पैर टेढ़ा हो गया था। एक पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल आई थी। सिर में भी गंभीर चोट थी। अस्पताल में उसे दो यूनिट खून भी चढ़ाया गया। छात्रा के पिता भारत पेट्रोलियम में कार्यरत हैं। मां एक परिषदीय स्कूल में अध्यापिका हैं।

घटनास्थल पर नहीं मिले खून के निशान

सीसीटीवी फटेज में जहां छात्रा गिरती हुई दिखाई दे रही है, वहां खून के किसी तरह के निशान थे। जबकि वह गिरने के बाद जिस तरह घायल हुई व उसके शरीर में महज तीन मिलीग्राम खून बचा था। ऐसे में घटनास्थल पर खून के निशान न मिलना, कुछ और ही इशारा करता है। वहीं घटनास्थल के पास नाली में पानी दिख रहा, ऐसे में संभावना जताई रही कि स्कूल प्रबंधन द्वारा कहीं खून के निशान को मिटा तो नहीं दिया। वहीं हादसे के बाद स्कूल के कई कैमरे व फुटेज भी गायब होने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल बहुत सी परिस्थितियां ऐसी है जो स्कूल प्रबंधन को शक के घेरे में डाल रही है।

परिजनों को देर से दी सूचना : सीओ

स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया का कहना था कि घटना कैसे हुई, उन्हें नहीं मालूम नहीं है। वह सुबह से छात्रा के साथ अस्पताल में हैं। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पता चला कि छात्रा की स्कूल की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हुई है। बताया कि जहां छात्रा गिरी थी, वहां खून का कोई निशान नहीं था। मौके पर मिला मृतका का चश्मा व मोबाइल टूटा नहीं था। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रा के परिजनों को बिना सूचना दिए ही अस्पताल में भर्ती कराया। उन्हें देर से सूचना दी। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। छात्रा के स्कूल की छत पर जाने और फिर संदिग्ध हालात में गिरने के पहलू पर जांच की जा रही है।

पत्रिका के लिए अपनी कविता देने गई थी छात्रा

मृतका के पिता ने बताया कि सुबह उन्हें प्रयागराज जाना था। बिटिया ने कहा कि उसे स्कूल की पत्रिका में अपनी कविता छपवानी थी। इसके लिए प्रिंसिपल मैम ने स्कूल बुलाया है। उन्होंने परिचित के माध्यम से छात्रा को सुबह करीब 8:50 बजे स्कूल भेज दिया। इसके बाद वह प्रयागराज के लिए निकल गए। रास्ते में सुबह करीब 10:10 पर उनके पास फोन आया कि छात्रा झूले से गिकर घायल हो गई, तब वह प्रतापगढ़ से ही वापस लौट आए। करीब 12:30 बजे अस्पताल जाकर देखा तो वह बेहोश थी।

विकास को रफ्तार के लिए व्यवस्था में बदलाव, संशोधन का प्रस्ताव, परियोजनाओं की स्वीकृति में कम लगेगा समय

लखनऊ, एजेंसी। प्रदेश सरकार सड़क व भवन निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं को कम समय में मंजूरी देने के लिए मौजूदा व्यवस्था में बदलाव करने जा रही है। नई व्यवस्था से लगभग 90 फीसदी प्रोजेक्ट को कम से कम एक महीने कम समय में मंजूरी दी जा सकेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव पर कैबिनेट की मंजूरी लेने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में हर वर्ष बड़ी संख्या में सड़क व भवन निर्माण से संबंधित कार्य कराए जाते हैं। सामान्य व्यवस्था में ये कार्य लोक निर्माण विभाग में तय दरों व तय मदों के आधार पर स्वीकृत कराए जाते हैं। लेकिन, कई काम ऐसे हैं जो लोक निर्माण विभाग के तय मानकों व मदों में शामिल नहीं हैं।

उच्च विशिष्टियों से जुड़े ऐसे प्रस्तावों पर व्यय वित्त समिति से अनुमोदन लेने के बाद प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति कैबिनेट से लेनी पड़ती है। इसी तरह कुछ ऐसे काम भी होते हैं जो किसी शासनादेश या तय दरों के दायरे में नहीं आते। संबंधित विभाग ऐसे कार्यों के लिए भी मंत्रिपरिषद से मंजूरी लेते हैं। इन दोनों ही तरह के प्रस्तावों पर कार्यवाही में कई-कई महीने का लंबा समय लग जाता है।

इस समस्या के समाधान के लिए तय लागत के आधार पर प्रस्तावों की मंजूरी अलग-अलग दो स्तर से देने की व्यवस्था बनाई जा रही है। पहला, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक छह सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। इसमें वित्त, नियोजन, न्याय व संबंधित प्रशासकीय विभाग के

अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव बतौर सदस्य शामिल होंगे। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। इस समिति को 200 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति का अधिकार देने की तैयारी है। दूसरा, 200 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली प्रदेश कैबिनेट करेगी।

परामर्शी विभागों की राय का समय बचेगा- प्रस्तावों पर कैबिनेट की मंजूरी लेने के लिए न्याय, नियोजन, कार्मिक व अन्य परामर्शी विभागों की राय ली जाती है। इस कार्यवाही में करीब एक से डेढ़ महीने तक लग जाते हैं। मुख्य सचिव समिति में सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से शामिल रहेंगे। यदि प्रस्ताव पर किसी परामर्शी विभाग की आपत्ति आ गई तो उसका निस्तारण कराकर फिर से सहमति लेने में यह समय और बढ़ जाता है। कई बार चार-छह महीने तक लग जाते हैं। एक अनुमान के तहत 200 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी में कम से कम एक महीने समय की बचत होगी। लगभग 90 फीसदी से अधिक कार्य 200 करोड़ रुपये के दायरे के होते हैं। नई व्यवस्था से न सिर्फ परियोजनाओं को कम समय में मंजूरी मिलेगी, बल्कि फील्ड में काम भी पहले पूरा हो सकेगा।

ये प्रस्ताव दायरे में

- किसी निर्माण परियोजना की उच्च विशिष्टियों की मंजूरी।
- मार्गों के चौड़ीकरण के लिए तय वाहन आवागमन दर (पीसीयू) में शिथिलीकरण।
- ग्रामीण मार्गों पर पड़ने वाले सरकारी संस्थान अथवा ऐसे सरकारी संस्थान, जो मार्ग से नहीं जुड़े हैं, उन तक दो या चार मार्ग के नव निर्माण की मंजूरी।
- रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण में संबंधित समपार पर 24 घंटे में एक क्रॉसिंग से गुजरने वाले सड़क वाहनों और ट्रेनों की औसत संख्या (टीवीयू) एक लाख से कम होने पर रेलवे मदद नहीं करती। राज्य सरकार द्वारा पूर्ण लागत वहन करने का प्रस्ताव।
- ऐसे निर्माण कार्य जो किसी शासनादेश या तय दरों के दायरे में नहीं आते हैं।

अनुशासन के नाम पर असम के स्कूल में शिक्षक ने 30 छात्रों के काट दिए बाल, जांच के आदेश

माजुली , एजेंसी। असम के माजुली जिले के एक स्कूल में एक शिक्षक ने कथित तौर पर अनुशासन के नाम पर 30 से अधिक छात्रों के बाल काट दिए। घटना गुरुवार सुबह की है। जिला के उपायुक्त ने शुक्रवार को जांच के आदेश दिए हैं। स्कूल के अधिकारियों ने अधिकारियों को दी सफाई में कहा कि बच्चे लंबे बाल रख रहे थे, जो कि स्कूल के दिशा-निर्देशों के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा, उन्हें कई बार चेतावनी दी गई और माता-पिता को भी सूचित किया गया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह सिर्फ अनुशासन सिखाने का एक तरीका था।

उपायुक्त कावेरी बी सरमा ने शुक्रवार शाम संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार शिक्षिका ने केवल बाल काटकर उनकी लंबाई कम की है। पूरी तरह से काटा नहीं गया है।

शिक्षिका निकी ने कहा कि उसने सिर्फ स्कूल अधिकारियों के आदेश का पालन किया। इस घटना के बाद छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनका बच्चा अब स्कूलजाने से इनकार कर रहा है। एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनका बच्चा गुरुवार को रोता हुआ घर आया। वह अब स्कूल जाने से इनकार कर रहा है क्योंकि वह अपमानित महसूस कर रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल को अनुशासन लागू करने की आजादी है लेकिन कुछ सीमाएं हैं। माता-पिता ने कहा, यह सच है कि छात्रों को खुद को साफ रखना चाहिए और एक समान दिखना चाहिए। लेकिन असेंबली के दौरान पूरे स्कूल के सामने बाल काटना अपमानजनक है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि कोई शिक्षक कैंपस के अंदर छात्रों के बाल काटे या कटवाए। अधिकारी ने कहा, नाबालिग बच्चों से निपटने के और भी तरीके हैं। हम यह समझने के लिए मामले की जांच कर रहे हैं कि उस दिन वास्तव में क्या हुआ था।

गाजियाबाद जिले के लिए बनाए जाएं 15 नए रूट, केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने यूपी सरकार को भेजा प्रस्ताव

गाजियाबाद , एजेंसी। जिले के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री वी.के. सिंह ने प्रदेश सरकार से जिले की 64 सड़क व पुल को दुरुस्त व चौड़ीकरण कराने के लिए पत्र लिखा है। वहीं जिले के लिए 15 नए मार्ग भी बनाए जाने का भी प्रस्ताव भेजा गया है।

सांसद वीके सिंह ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उनका संसदीय क्षेत्र एनसीआर में होने के कारण ग्रामीण व शहरों से जुड़ा है। इस कारण यहां की सड़कों पर आवागमन ज्यादा रहता है। इसी वजह से यहां की सड़कों को ठीक कराने, उनके चौड़ीकरण के साथ कुछ नई मार्गों का बनना जरूरी है। इसके साथ ही साथ पुल के दुरुस्त कराने जानी की काफी जरूरत है।

उन्होंने पत्र लिखकर सात पुल की मरम्मत कराने, 15 नई मार्गों के निर्माण कराने, तीन मार्गों का चौड़ीकरण कराने व 54 मार्गों का विशेष मरम्मत कार्य कराने को वरीयता दिलाने को कहा है।

शिंदे गुट के सांसद बोले- हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही भाजपा, सीट बंटवारे पर नया फॉर्मूला स्वीकार नहीं

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में भाजपा और शिंदे गुट के गठबंधन को लेकर फूट की खबरें सामने आ रही है। सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना के सांसद गजानन कीर्तिकर ने भाजपा पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम 13 सांसद एकनाथ शिंदे के साथ एनडीए से जुड़े हैं। हमें एनडीए के सहयोगी के तौर पर समझा जाए। हमारे काम पूरे किए जाने चाहिए। भाजपा की ओर से हमारे सांसदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यह बात मैंने सीएम शिंदे को भी बैठक में बताई है। कीर्तिकर ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ सीट बंटवारे को लेकर कहा, महाराष्ट्र की कुल 48 सीटों में से शिंदे गुट 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का सिर्फ दावा ही नहीं कर रहा बल्कि तैयारी भी कर चुके हैं। सीट बंटवारे का फॉर्मूला वही रहे जो 2019 के वक्त था। उस वक्त शिवसेना 23 और भाजपा 26 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इनमें से 22 सीटों पर भाजपा और 18 सीटों पर शिवसेना को जीत मिली थी।

फूट की बातों में सच्चाई नहीं- महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, गजानन कीर्तिकर ने कहीं ऐसी बातें नहीं कही है। ये खबर बेबुनियाद है। हमारे बीच कोई समस्या नहीं है। शिवसेना और भाजपा समन्वय के साथ काम कर रही है। यह ऐसे ही आगे भी रहने वाला है।

मंत्री के छापेमारी कर रहे आईटी अधिकारियों को मिलेगी सीआरपीएफ सुरक्षा

चेन्नई, एजेंसी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) उन आयकर अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा, जो शनिवार को राज्य के बिजली राज्य मंत्री सेंथिल बालाजी के परिसरों पर छापेमारी कर रहे हैं। यह फैसला चार आईटी अधिकारियों पर हमले के बाद हुआ, जो चेन्नई और करूर में बालाजी के परिसरों पर तलाशी और छापे मार रहे थे। उनका करूर के सरकारी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में इलाज चल रहा है। करूर पुलिस ने घटना के सिलसिले में पहले ही चार मामले दर्ज कर लिए हैं। विपक्ष के नेता और एआईएडीएमके के महासचिव, एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने हमले की निंदा की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंत्री सेंथिल बालाजी, उनके भाई अशोक और करूर गिरोह के परिसरों पर छापेमारी करते हुए राज्य सरकार से अधिकारियों पर हमले की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी शराब की दुकानों पर ओवरचार्जिंग की मीडिया रिपोर्टों के बाद आईटी छापे पड़ रहे हैं।

माओवाद प्रभावित अबूझमाड़ में नजर आ रहा बदलाव

रायपुर, एजेंसी। घने जंगलों के लिए मशहूर छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में अब स्थिति बदल गई है। अब, यहां के बच्चे स्कूल जा रहे हैं और क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब एक ऑपरेशन थियेटर खुल गया है। राज्य के नारायणपुर जिले में स्थित अबूझमाड़ पांच हजार वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है।

अबूझमाड़ के ओरछा मुहल्ले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 मई को इस क्षेत्र के आदिवासियों के लिए किसी सपने से कम नहीं ऑपरेशन थियेटर का खुल जाना। दिलचस्प बात यह है कि यहां पहले ही दिन 30 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना 1989 में हुई थी, लेकिन ऑपरेशन थियेटर के अभाव में यहां रहने वाले आदिवासियों को ऑपरेशन के लिए जिला मुख्यालय नारायणपुर या महाराष्ट्र जाना पड़ता है। ऑपरेशन थियेटर को एक माह के रिकार्ड समय में तैयार कर जिला खनिज न्यास कोष से कार्य स्वीकृत किया गया।

नारायणपुर के तत्कालीन कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के अनुसार, अबूझमाड़ क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को सब कुछ उपलब्ध है क्योंकि उनकी जरूरतें बहुत सीमित हैं। उनके लिए बाजार है, राशन मिलता है, लेकिन उन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना बहुत जरूरी था। ऑपरेशन थियेटर बनने से वहां के आदिवासियों का विश्वास प्रशासन के प्रति और मजबूत होगा।

जैसे ही ऑपरेशन थियेटर को शुरू किया गया, पहले दिन विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 30 ऑपरेशन किए। ऑपरेशन करने के लिए नारायणपुर और कोंडागांव के डॉक्टरों की टीम को यहां बुलाया गया था। संचालन सीएमएचओ डॉ टी.आर. कुंवर, डॉ एस. नगुलान, डॉ टीना, डॉ गायत्री मौर्य, डॉ केशव साहू, डॉ सुखराम दोरपा, डॉ वल्लभ ठक्कर सहित अन्य ने किया।

ऑपरेशन थियेटर के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन भी बनकर तैयार है, जहां जल्द ही ओपीडी की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। पुरानी इमारत में ऑपरेशन व एडमिशन की सुविधा बढ़ाई जाएगी, वहीं स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक भी खोला जाएगा।

मरीजों की जांच के लिए सोनोग्राफी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे जांच में आसानी होगी। माओवादी आतंक और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अबूझमाड़ में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाता है, लेकिन पिछले चार वर्षों में माओवादी घटनाओं में कमी आने के कारण अब कई सुविधाएं अबुजमढ़ तक पहुंच रही हैं। अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण विकास मासाहारी सर्वेक्षण था। आजादी के 75 वर्षों के बाद पहली बार इस क्षेत्र में एक सर्वेक्षण किया गया था, जिससे अबूझमाड़ के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद युद्धस्तर पर सर्वे किया गया।

भाजपा को इतिहास बदलना है इसलिए हर चीज़ बदल रहे हैं- नीतीश कुमार

पटना, एजेंसी। नए संसद भवन के उद्घाटन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा पुराना इतिहास बदल देंगे? क्या जो इतिहास है आप उसे भुला देंगे? इन्हेंभाजपा) इतिहास बदलना है इसलिए हर चीज़ बदल रहे हैं। आखिरकार नया(नया संसद भवन) बनाने की जरूरत क्या थी।

आपको बता दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 28 मई को करने जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण दिन पर पीएम मोदी संसद के नए भवन में पवित्र सेंगोल को भी स्थापित करने जा रहे हैं। यह सेंगोल भारत के आजादी के वर्ष यानी 1947 में तमिलनाडु से लाया गया था जिसे 14 अगस्त 1947 को रात के 10:45 बजे के लगभग अंग्रेजों ने सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर देश के तत्कालीन और आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को सौंपा था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संसद के नए भवन में सेंगोल स्थापित करने की जानकारी देते हुए बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह नया संसद भवन प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का प्रमाण है। यह नए भारत के निर्माण में हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का एक सुंदर प्रयास है। सेंगोल की पुरानी ऐतिहासिक परंपरा का जिक्र करते हुए शाह ने आगे बताया कि संसद के नए भवन के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर युगों से जुड़ी हुई एक ऐतिहासिक परंपरा को भी पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जाएगा।

सौरभ भारद्वाज पर महिला अधिकारी ने लगाए पीड़ाजनक व्यवहार का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और दिल्ली सरकार में विशेष सचिव किंजी सिंह ने सेवा मामलों के मंत्री सौरभ भारद्वाज पर पीड़ाजनक व्यवहार का आरोप लगाया है। महिला अधिकारी ने खुद के लिए सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगाई है। वहीं इस मसले पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने महिला अधिकारी के आरोपों को पूरी तरह से गलत करार दिया है। महिला अधिकारी ने दावा किया कि अधिकारियों को उनकी सरकार के मंत्रियों के खिलाफ शिकायत करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

महिला अधिकारी किंजी सिंह ने कहा कि जब तक कि पर्याप्त सुरक्षा उपाय और उचित आचरण सुनिश्चित नहीं किया जाता, उनके लिए सेवा मंत्री के साथ किसी भी व्यक्तिगत बैठक में भाग लेना मुश्किल होगा। अधिकारी, विशेष सचिव द्वितीय (सेवाएं), ने 16 मई को मुख्य सचिव, गृह मंत्रालय और उपराज्यपाल कार्यालय को सौंपी गई एक घटना रिपोर्ट में भारद्वाज और सेवा विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद शिकायत की। महिला अधिकारी ने कहा कि वह अन्य अधिकारियों के साथ 16 मई को अपनी ड्यूटी करने के लिए भारद्वाज से मिलने गई थीं। मुझे भरोसा नहीं है कि व्यक्तिगत बैठक के लिए बुलाए जाने पर मेरी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। इसलिए, मुझे सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे लिए मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ किसी भी व्यक्तिगत बैठक में शामिल होना मुश्किल होगा, जब तक कि पर्याप्त सुरक्षा उपाय और उचित आचरण सुनिश्चित न किया जाए। इस प्रकार महिला अधिकारी ने मंत्री पर कथित अप्रत्याशित पीड़ाजनक व्यवहार का आरोप लगाते हुए पर्याप्त सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगाई है। वहीं आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि अधिकारी की शिकायत भाजपा की सस्ती राजनीति थी।

हार्ट सर्जन ने उड़ान के दौरान बचाई मरीज की जान

चंडीगढ़, एजेंसी। चंडीगढ़ के एक वरिष्ठ कार्डियोवास्कुलर सर्जन ने शुक्रवार को एक सह-यात्री की जान बचाई, जिसे जापान से उड़ान भरते समय दिल का दौरा पड़ा था। यह घटना टोक्यो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में हुई।

हृदय रोग विशेषज्ञ की सलाह पर विमान को कोलकाता डायवर्ट किया गया जहां मरीज को अस्पताल ले जाया गया और उसकी जान बची। लेकिन इससे पहले चालक दल की मदद से मरीज को बचाने के लिए पांच घंटे की जद्दोजहद करनी पड़ी। सर्जन दीपक पुरी ने नई दिल्ली पहुंचने पर कहा, हमें यकीन नहीं था कि अगर उड़ान चीन डायवर्ट की जाती तो हमें मदद मिल सकती है। इसलिए उड़ान पर उपलब्ध सीमित चिकित्सा संसाधनों के साथ रोगी को पांच घंटे तक जीवित रखना एक कठिन काम था। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि यह एआई 307 के कप्तान और चालक दल के सहयोग से हासिल किया जा सका। पुरी ने आईएएनएस को बताया, मरीज को दिल का दौरा पड़ने पर, मैंने कार्डियोपल्मोनरी रिसस्टिटेशन किया और उसे बचाया।

मॉल में सजा रखा था सेक्स बाजार, गंदी हरकत करते हुए 100 गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद के पैसिफिक मॉल के अंदर आठ स्पा सेंटरों की आड़ में हो रहे देह व्यापार के मामले में करीब 100 लोगों की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने इन सेंटरों के फरार संचालकों और मैनजरों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

गाजियाबाद पुलिस ने बुधवार शाम को मॉल के आठ स्पा सेंटरों पर छापा मारकर 99 लोगों को पकड़ा था, जिनमें 60 महिलाएं और 39 पुरुष थे। इनमें से सात लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि इन स्पा और मसाज सेंटरों के 11 मालिक एवं प्रबंधक फरार चल रहे हैं।

डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेक चंद यादव ने बताया कि 24 मईको पुलिस ने पैसेफिक मॉल में चल रहे आठ स्पा सेंटरों पर छापा मारा था। इस दौरान बड़ी तादाद में युवक व युवतियों के अलावा स्पा सेंटर के स्टाफ के लोगों को पकड़ा गया था।

स्पा सेंटर के स्टाफ के लोगों में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि कई स्पा सेंटर के मालिक व अन्य स्टाफ के लोगफरार हो गए थे। डीसीपी ने बताया कि इस मामले में राज थैरेपी सेंटर के मालिक रिंकू व राजकुमार, स्वाधिक थैरेपी सेंटर के मालिक दीपक, द हैवन थैरेपी सेंटर के मालिक विशाल उर्फ कपिल, अरोमा थैरेपी सेंटर के मालिक दीपक व मोहन, अरमान थैरेपी सेंटर के मालिक पिंटू गिरि, रायल स्पा सेंटर के मालिक गौरव वर्मा, एस-2 थैरेपी के मैनेजर आशीष कुमार व मालिक साहिद, द रुद्रा थैरेपी सेंटर के मालिक राहुल चौधरी वॉन्टेड हैं जो लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे हैं।

फरार चल रहे इन सभी लोगों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कईटीमों को लगाया गया है।

मॉल में स्पा पर छापेमारी में करीब 100 गिरफ्तार- गौरतलब है कि गाजियाबाद के पैसिफिक मॉल में बुधवार देर रात आठ स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर 60 महिलाओं और 39 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया था कि पुलिस ने इन स्पा सेंटरों से 60 महिलाओं और 39 पुरुषों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से ज्यादातर अनैतिक यौन तस्करी में शामिल हैं और आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए हैं।

पुलिस छापे के बाद पुलिस ने 50 से ज्यादा लोगों के खिलाफ इस मामले में लिंक रोड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, महाराजपुर पुलिस चौकी के प्रभारी शिशुपाल सोलंकी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है।

वंदे मातरम को लेकर मेरठ में भिड़े भाजपा और एआईएमआईएम के पार्षद, दो गिरफ्तार

मेरठ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मेरठ में महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) और भाजपा के पार्षदों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में एआईएमआईएम की शिकायत पर पुलिस ने भाजपा सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि मेरठ में शपथ ग्रहण समारोह में वंदे मातरम के दौरान भाजपा के पार्षदों ने एआईएमआईएम के सदस्यों से हाथापाई की। एआईएमआईएम की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके भाजपा पार्षद उत्तम सैनी और भाजपा नेता राजीव गुप्ता उर्फ काले को हिरासत में ले लिया। घटना की जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एआईएमआईएम के पार्षद वंदे मातरम गीत के दौरान खड़े नहीं हुए। वहीं एआईएमआईएम पार्षदों का कहना है कि समारोह में राष्ट्रगान की जगह वंदे मातरम गाया गया, जिसका विरोध करने पर उनके साथ भाजपा के कुछ नेताओं और पार्षदों ने मारपीट की।

महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से हुई। इस मौके पर वहां मौजूद तमाम नेता और कार्यकर्ता गीत के सम्मान में अपनी सीट से खड़े हो गए, लेकिन एआईएमआईएम के पार्षद और कार्यकर्ता अपनी सीट बैठे रहे। इस बात पर भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं को गुस्सा आ गया। घटना पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि इन लोगों को वंदे मातरम से आपत्ति क्यों है। उन्होंने कहा वो लोग खड़े हों इस पर भी कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन असभ्यता स्वीकार नहीं है।

एआईएमआईएम के पार्षद फजल करीम ने आरोप लगाया कि भाजपा के स्थानीय कुछ बड़े नेताओं के इशारे पर आज एआईएमआईएम के पार्षदों के साथ भाजपा पार्षदों ने मारपीट की।

वीरेंद्र सहवाग ने बताया आईपीएल 2023 के टॉप-5 बेस्ट बल्लेबाज

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में कई अनुभवी बल्लेबाजों के साथ-साथ युवा बल्लेबाजों ने करिश्माई पारियां खेली हैं। इस सीजन हर दूसरा ग्रुप मैच रोमांच से भरा हुआ था और शुभमन गिल, रिंकू सिंह, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, डेवोन कॉनवे जैसे धाकड़ बल्लेबाजों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से आईपीएल के रोमांच को बढ़ा दिया। इन्हीं बल्लेबाजों के इस सीजन में प्रदर्शन के आधार पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने पांच खिलाड़ी चुने है, जिनको सहवाग इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मानते हैं। सहवाग ने अपनी लिस्ट में शुभमन गिल, फाफ डु प्लेसी और विराट कोहली जैसे टोप स्कोरर बल्लेबाजों को अजगह नहीं दी है। उनका कहना है कि ओपनिंग बल्लेबाजों को रन बनाने के काफी मौके मिलते हैं, इसलिए उन्होंने अपनी लिस्ट में एक ही ओपनर बल्लेबाज को जगह दी है।

सहवाग ने इस सीजन के 5 बेस्ट बल्लेबाज – वीरेंद्र सहवाग ने अपने क्रीकबज से बात करते हुए इस सीजन के अपने टॉप-5 बेस्ट बल्लेबाज चुने, उन्होंने रिंकू सिंह, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और हेनरिक क्लासेन को इस सीजन के बेस्ट बल्लेबाज चुना है। सहवाग ने कहा, मेरे 5 पांडव, क्रिकेट के पांडव। इस सीजन आईपीएल के मेरे पसंदीदा 5 बल्लेबाजों मे मैं ओपनर्स को नहीं चुन रहा हूं, क्योंकि उनको ओपनिंग करते हुए रन बनने के बहुत से मौके मिलते है। मेरे दिमाग मे पहला बल्लेबाज रिंकू सिंह है। आपके दिमाग मे ऐसा खिलाड़ी नहीं आएगा,

जिसने लगातार पाँच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई हो। एकमात्र बल्लेबाज रिंकू ने ऐसा किया है। दूसरे नंबर पर मिडल ऑर्डर बल्लेबाज शिवम दुबे है। वीरेंद्र सहवाग ने आगे कहा, मेरा तीसरा पिक एक ओपनर है। मुझे उसका नाम लेना ही पड़ेगा, क्योंकि उसने शानदार बल्लेबाजी की है और इसी वजह से मैं उसे चुन रहा हूं। वो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल है। इसके बाद स्काई (सूर्यकुमार यादव) का नाम है। सूर्यकुमार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जीरो बना रहे है, लेकिन इस सीजन में उन्होंने तुफानी बल्लेबाजी की है। इस लिस्ट में पांचवा बेस्ट बल्लेबाज सहवाग ने हेनरिक क्लासेन को चुना है, क्लासेन ने हैदराबाद के लिए मिडल ऑर्डर में अहम भूमिका निभाई है।

सहवाग के द्वारा चुने गए 5 बेस्ट बल्लेबाज का आईपीएल 2023 में प्रदर्शन

1. रिंकू सिंह- 14 मैच, 474 रन (औसत 59.25, स्ट्राइक रेट 149.53)
2. शिवम दुबे- 15 मैच, 386 रन (औसत 35.09, स्ट्राइक रेट 158.05)
3. यशस्वी जायसवाल- 14 मैच, 625 रन (औसत 48.08, स्ट्राइक रेट 163.61)
4. सूर्यकुमार यादव- 16 मैच, 605 रन (औसत 43.21, स्ट्राइक रेट 181.14)
5. हेनरिक क्लासेन -12 मैच, 448 रन (औसत 49.78, स्ट्राइक रेट 177.08)

कोहली, धोनी और रोहित की तरह प्रदर्शन करेगा गिल : सुरेश रैना

अहमदाबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2023 के क्वालिफायर मैच में शुभमन गिल की 60 गेंदों में 7 चौके और 10 छक्कों की मदद से खेली गई 129 रनों की पारी की चारों तरफ चर्चा हो रही है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालिफायर मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल की शतकीय पारी के बदौलत 234 रनों का लक्ष्य रखा और इसके बाद गेंदबाजी में मोहित शर्मा ने पांच विकेट चटकाते हुए मुंबई को 18.2 ओवर में 171 रनों पर समेटने में टीम की मदद की। गिल को इस मैच में शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। गिल की शतकीय पारी के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने बल्लेबाज की तारीफ की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने गिल की पारी की सराहना करते हुए कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी की तरह प्रदर्शन करेगा। रैना ने यह भी कहा कि उन्हें मुंबई इंडियंस के खिलाफ गिल की बॉडी लैंग्वेज और आत्मविश्वास पसंद आया।

रैना ने कहा, हमने जो शांति देखी। इतने बड़े मैच में, बॉडी लैंग्वेज बहुत महत्वपूर्ण है। मैच में बाद में उन्होंने जो छक्के मारे, जिन्हें हम पिक-अप शॉट कहते हैं। उन्होंने कुमार कार्तिकेय को एक छक्का मारा और उसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि वह कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे उनकी बॉडी लैंग्वेज, उनका आत्मविश्वास पसंद आया और उन्हें बड़े मैचों में खेलने की आदत पड़ गई है। जरा विराट कोहली को देखिए, जैसा कि हमने पिछले साल जोस बटलर के साथ देखा था। लेकिन आज रात हमने जो प्रदर्शन देखा, जब भी हमारे पास बड़े खेल हैं, वह विराट, रोहित और एमएस धोनी की तरह प्रदर्शन करेंगे।

एशेज महिला सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया का लगा बड़ा झटका, कप्तान लैनिंग हुई टीम से बाहर

मेलबर्न (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग मेडिकल कारणों से इंग्लैंड में महिलाओं की एशेज क्रिकेट श्रृंखला से बाहर हो गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लानिंग ने मेडिकल सलाह के बाद बाहर होने का फैसला किया है। इससे ज्यादा कोई जानकारी नहीं दी गई। आस्ट्रेलिया के महिला क्रिकेट परफार्मेंस के प्रमुख शॉन फ्लेगलेर ने कहा, ''यह मेग के लिये निराशाजनक है कि वह एशेज नहीं खेल पायेगी। टीम के लिये यह अहम श्रृंखला है और उसकी कमी खलेगी। लेकिन उसे पता है कि सेहत सबसे पहले है। वह घर पर मेडिकल स्टाफ के साथ काम करेगी और जल्दी वापसी की कोशिश करेगी। उनकी गैर मौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली टीम की कप्तान होंगी। श्रृंखला 22 जून से नाटिंघम में शुरू होगी।

पहलवानों के सपोर्ट में रोहतक पहुंचा महिलाओं का जत्था, बोलीं

पहले किसानों को मजबूर किया, अब बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला

रोहतक (एजेंसी)। रेसलर्स विवाद में 28 मई को नई संसद भवन के घेराव को लेकर महिलाओं का जत्था शुक्रवार को हिसार से रोहतक के महम में पहुंचा। जहां महिलाएं सरकार पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि खट्टर और मोदी सरकार का अहंकार चरम पर है। पहले किसानों को आंदोलन करने पर मजबूर किया। फिर युवाओं से नौकरी छीनी और अब बहन बेटियों की इज्जत पर हाथ डाले जा रहे हैं। इसे सहन नहीं किया जाएगा। हिसार के बास टोल से दिल्ली तक पहलवानों के समर्थन में पैदल मार्च निकाला जा रहा है। शुक्रवार को महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत की तरफ से समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि पहलवान एक महीने से दिल्ली में धरने पर बैठे हुई है, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही।

पंचायत ने किया महिलाओं का समर्थन- महम चौबीसी के चबूतरे पर गांव पेटवाड़ से सोनिया दूहन के नेतृत्व में महिलाएं पहुंची थीं। महम सर्वखाप पंचायत के प्रधान मेहर सिंह नंबरदार ने कहा कि चौबीसी सर्वखाप पंचायत व अन्य पंचायत इन महिलाओं के साथ है। 28 तारीख को संसद का घेराव करेंगे। वहीं पंचायत के सचिव रामपाल मास्टर ने कहा सभी पंचायत से बातचीत हो गई है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं ने जो क्रांति का बिगुल सरकार के खिलाफ और मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ और बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन तेज किया है, उनके सभी पंचायत साथ देगी। साथ ही पंचायत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

सोनिया दूहन बोलीं- लड़ाई का सही वक्त- सोनिया दूहन ने कहा कि बृजभूषण और मंत्री संदीप सिंह जैसे घटिया लोगों के खिलाफ एक अलख की क्रांति हरियाणा के और पूरे देश के लोगों में जलाई है। इस क्रांति से सभी देशवासियों को कहना चाहूंगी की जो सरकार में बृजभूषण, मंत्री संदीप सिंह जैसे घटिया आदमी बैठे हैं। उनके खिलाफ यह लड़ाई लड़ने का सही वक्त है। सभी देशवासी जाग जाएं और इनको उखाड़ने का काम करें। आज इन लोगों ने बहन बेटियों की इज्जत को तार-तार करने का काम किया है।

गिल प्लेऑफ में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा, आईपीएल के फाइनल में विराट के 2 रिकॉर्ड पर होगी नजर

अहमदाबाद (एजेंसी)। शुभमन गिल...दिसंबर 2022 से आईपीएल प्लेऑफ तक, क्रिकेट फैंस के बीच ये नाम बहुत तेजी से गूंजा है। शुक्रवार को गिल ने 5 बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 में 129 रन की पारी खेलकर एक बार फिर फैंस को उनका नाम याद दिला दिया। गिल ने चौथे मैच में अपना तीसरा शतक लगाया और वह आईपीएल में ऐसा करने वाले पहले ही खिलाड़ी बने। मुंबई के खिलाफ शतकीय पारी के साथ ही शुभमन ऑरेंज कैप पर भी कब्जा जमा लिया है। इस सीजन उनके 16 मैचों में 851 रन हो गए हैं। वह विराट कोहली के ऑल टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने के भी करीब हैं। विराट के नाम एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन बनाने का रिकॉर्ड है।

आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि गिल किस तरह विराट के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं, मुंबई के खिलाफ उनकी सेंचुरी ने कौन से रिकॉर्ड बनाए और कैसे पिछले 9 महीनों में गिल ने क्रिकेट फैंस के दिमाग में अपने नाम का परचम लहराया।

प्लेऑफ का बेस्ट स्कोर बनाया- गिल की टीम गुजरात टाइटंस 23 मई को हस्य के खिलाफ क्वालिफायर-1 में हारने के बाद क्वालिफायर-2 में आई थी। मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी और शुभमन ने उनके फैसले को गलत साबित कर दिया। उन्होंने महज 49 गेंदों पर शतक लगाया और 17वें ओवर में 129 रन की पारी खेल कर आउट भी हो गए। उनकी पारी के दम पर गुजरात ने 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो मुंबई के लिए बहुत बड़ा साबित हुआ।

60 गेंदों में 129 रन की पारी के साथ गिल ने आईपीएल प्लेऑफ में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। उनसे पहले पंजाब किंग्स के वीरेंद्र सहवाग ने 2014 में सीएसके के खिलाफ 122 रन की पारी खेली थी। उनकी टीम के 233 रन प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर भी है। पंजाब ने ही 2014 में 226 रन का रिकॉर्ड बनाया था।

10 छक्के लगाए, सुदर्शन के साथ 138 रन जोड़े- 129 रन की पारी में शुभमन गिल ने 7 चौके और 10 छक्के लगाए। प्लेऑफ में किसी भी बैटर ने इससे पहले इतने छक्के

नहीं लगाए थे। उनसे पहले ये रिकॉर्ड ऋद्धिमान साहा के नाम था, उन्होंने 2014 के फाइनल में चंद्रकके खिलाफ 8 छक्के लगाए थे। शतकीय पारी में उन्होंने साई सुदर्शन के साथ 138 रन की पार्टनरशिप की, जो प्लेऑफ की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

बटलर का रिकॉर्ड तोड़ने से 18 बाउंड्री दूर- गिल इस सीजन 78 चौके और 33 छक्के लगा चुके हैं। उनके 16 मैचों में 851 रन हैं और इस सीजन की ऑरेंज कैप वह ही जीतेंगे, क्योंकि दूसरे नंबर पर मौजूद फाफ डु प्लेसिस की टीम फाइनल से बाहर हो चुकी है। वहीं सीएसके के बेस्ट बैटर डेवोन कॉन्वे के इस सीजन 625 रन ही हैं, ऐसे में उन्हें गिल को पीछे छोड़ने के लिए 227 रन बनाने होंगे, जो एक मैच में पॉसिबल नहीं लगते।

गिल ने चौके और छक्के मिलाकर इस सीजन कुल 111 बाउंड्री भी लगाई हैं। एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा बाउंड्री का रिकॉर्ड जोस बटलर के नाम है, उन्होंने 2022 में 128 बाउंड्री लगाई थी। फाइनल में 18 बाउंड्री लगाकर गिल इस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

4 मैचों में तीसरा शतक लगाया

शुभमन गिल ने पिछले 4 मैचों में तीसरा आईपीएल शतक लगाया है। वह ऐसा करने वाले पहले ही खिलाड़ी बने, उनसे पहले विराट कोहली और जोस बटलर ने 6 पारियों में 3 शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। मुंबई से पहले गिल ने क्वालिफायर-1 में सीएसके के खिलाफ 42 रन बनाए थे।

गिल ने लीग स्टेज में टीम के आखिरी 2 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 61 गेंद पर 101 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 58 गेंद पर 101 रन बनाए थे। आरसीबी के खिलाफ शतक लगाकर वे लगातार 2 आईपीएल सेंचुरी लगाने वाले चौथे प्लेयर बने थे। उनसे पहले कोहली, बटलर और शिखर धवन ऐसा कर चुके हैं।

एलएसजी के खिलाफ चूक गए थे सेंचुरी- एसआरएच के खिलाफ आईपीएल करियर की पहली सेंचुरी लगाने से पहले गिल लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ पूरे 20 ओवर खेलकर भी शतक नहीं लगा पाए थे। अहमदाबाद में ही एलएसजी के खिलाफ उन्होंने 51 गेंदों पर 94 रन की नॉटआउट पारी खेली थी। मैच के बाद उन्होंने कहा था, 20 ओवर के बाद भी शतक नहीं लगने से निराश हूं, आगे के मैचों में जरूर सेंचुरी पूरी करूंगा। लखनऊ के बाद गिल मुंबई के खिलाफ अगले मैच में 6 ही रन बना सके, लेकिन आगे के 4 मैचों में 3 शतक लगाकर खुद को साबित कर दिया।

विराट ने 2016 में बनाया था रिकॉर्ड- 16 मैचों में 851 रन के साथ शुभमन गिल एक आईपीलीएल सीजन में 800 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले डेविड वार्नर, जोस बटलर और विराट कोहली ऐसा कर चुके हैं। वार्नर के 848 रन को तो गिल पीछे छोड़ चुके हैं, उनके सामने अब बटलर और कोहली ही बचे हैं।

बटलर ने 2022 के सीजन में 863 रन बनाए थे, वहीं कोहली ने 2016 में 973 रन बनाए थे। पिछले 7 सालों में उनके इस रिकॉर्ड के करीब बटलर ही पहुंच सके, लेकिन तोड़ नहीं सके। गिल सीएसके के खिलाफ रविवार के फाइनल में 49 रन बनाते ही 900 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे।

अगस्त 2022 में लगाया पहला इंटरनेशनल शतक

आईपीएल से पहले गिल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अपनी धाक जमाई। 2019 में भारत के लिए वनडे डेब्यू करने के बाद 3 साल तक उनके बैट से शतक नहीं निकला। उन्होंने 64, 82 और 98 रन की पारियां खेलीं, लेकिन सेंचुरी नहीं आई। फिर अगस्त 2022 में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाकर उन्हें इंटरनेशनल सेंचुरी के स्वाद को चखा।

दिसंबर 2022 से रुके ही नहीं

जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे शतक के बाद दिसंबर 2022 में गिल ने टेस्ट शतक भी लगा दिया। उन्होंने टेस्ट डेब्यू दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था, लेकिन पहला शतक बांग्लादेश में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया।

क्रिकेट के सबसे चैलेंजिंग फॉर्मेट में शतक लगाने के बाद गिल के शतकों का सिलसिला शुरू हुआ। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एक और न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 वनडे शतक लगा दिए। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दोहरा शतक भी शामिल है।

टी-20 में तोड़ चुके हैं विराट का रिकॉर्ड

टेस्ट में एक और वनडे में 4 शतक लगाने के बाद बारी टी-20 इंटरनेशनल की आई। न्यूजीलैंड के ही खिलाफ फरवरी में उन्होंने महज 63 गेंदों पर 126 रन की नॉटआउट पारी खेली। इस पारी से उन्होंने भारत के लिए सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बनाया, जो विराट के नाम था। कोहली ने 8 सितंबर 2022 को अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप में 122 रन बनाए थे।

गिल 3 महीनों के अंदर तीनों फॉर्मेट में 5 शतक लगाने के बाद भी शांत नहीं नहीं हुए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के घरेलू टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में अपना दूसरा टेस्ट शतक लगा दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में ही 128 रन की पारी खेली। इसी मैच में कोहली ने भी 186 रन की पारी खेल अपने टेस्ट शतकों का सूखा खत्म किया था।

आईपीएल फाइनल आज

धोनी की यादगार विदाई की राह में 'रन मशीन' गिल की चुनौती

अहमदाबाद (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पांचवां आईपीएल खिताब जीतकर अपनी 'विदाई' को यादगार बनाना चाहेंगे लेकिन उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी 'रन मशीन' है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सत्र में गेंदबाजों के लिये टेढी खीर साबित हुआ है। आईपीएल फाइनल में 'मिशन टच' के लिये मशहूर एक अनुभवी कप्तान का सामना एक ऐसे युवा बल्लेबाज से है जो तकनीक में भी माहिर है लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी।

गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा – एक भारतीय क्रिकेट का सुनहरा इतिहास है तो दूसरा आने वाले उज्ज्वल कल। करीब 19 साल पहले जब युवा धोनी भारतीय टीम में पदार्पण की तैयारी कर रहे थे तब चार साल का गिल पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के फजिल्का गांव में अपने दादा द्वारा हाथ से बनाये गए बल्ले से अपने बड़े से खेत में खेल रहा था। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर जब 132000 दर्शक जल्दी ही 42 वर्ष के होने जा रहे धोनी को शायद आखिरी बार पीली जर्सी में देखेंगे तब भारतीय क्रिकेट का भावी सुपरस्टार गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा।

तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। दीपक चाहर की स्विंग या रविंद्र जडेजा की विकेट पर गेंदबाजी। मोईन अली की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद या मथीशा पथिराना की सीधे पैर पर पड़ती गेंद, कोई नही जानता कि तकनीक के धनी गिल की एकाग्रता किस गेंद पर भंग होगी।

धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा – धोनी के प्रशंसक उन्हें अगले साल फिर खेलते देखना चाहेंगे लेकिन पूरा आईपीएल उन्होंने बायें घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है लिहाजा उनके लिये अगले सत्र में फिर खेलना मुश्किल लग रहा है। इसलिये 'थाला' (तमिल में बड़ा भाई) के प्रशंसकों के लिये यह धोनी के आखिरी मैच के हर पल को यादों में कैद करने का अवसर है। वह अधिकांश मैचों में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे हैं लेकिन तुषार देशपांडे जैसे अनुभवहीन गेंदबाज और शिवम दुबे जैसे युवा बल्लेबाज को उन्होंने आत्मविश्वास दिया है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी। दूसरी ओर गुजरात के पास हार्दिक पंड्या के रूप में ऐसा कप्तान है जिसका मानना है कि टीम की कप्तानी का एक ही तरीका है जो धोनी से उन्होंने सीखा है। बल्लेबाज मैच जीतते है लेकिन गेंदबाज टूर्नामेंट जीतते हैं और यह टाइटंस ने साबित कर दिया है। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं बल्लेबाजी में गिल के अलावा पंड्या ने 325 रन बनाये हैं। चेन्नई के लिये डेवोन कॉवे (625 रन), रुतुराज गायकवाड़ (564 रन), अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके है जबकि दुबे ने 386 रन बनाये हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं गेंदबाजी में श्रीलंका के पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिये।

टीमें

चेन्नई सुपर किंग्स- एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना, ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा।

गुजरात टाइटन्स- हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे, जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

गजब का अनुशासन गिल को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है : विजय शंकर

अहमदाबाद (एजेंसी)। पावरप्ले के ओवरों में स्ट्रोक्स के लिए जगह तलाशने की शुभमन गिल की काबिलियत की तारीफ करते हुए गुजरात टाइटंस के हरफनमौला विजय शंकर ने कहा कि उसका अनुशासन उसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है। गिल ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में तीन शतक समेत 851 रन बनाकर 'ऑरेंज कैप' हासिल कर ली है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में 60 गेंदों में 129 रन बनाकर टीम को 62 रन से जीत दिलाई। शंकर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''उसका अनुशासन गजब का है और यही वजह है कि वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से है। वह जिस तरह से अभ्यास करता है, वह काफी महत्वपूर्ण है। हर अभ्यास सत्र का उसके लिये एक लक्ष्य होता है। उसे बल्लेबाजी करते देखने में बहुत आनंद आता है। शंकर ने कहा, ''वह छक्के भी जड़ता है और पावरप्ले में फील्डर के बीच जगह भी तलाश लेता है जो उसकी सबसे बड़ी ताकत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक पारी में उसने 101 गेंद में 90 रन बनाये जिसमें सिर्फ एक छक्का था। यानी वह दोनों तरह से बल्लेबाजी कर सकता है जो एक उम्दा क्रिकेटर की निशानी है।

प्राचीन भारत का खेल है 'मल्लखंब', कलाकारों को करनी पड़ती है खास मशक्कत

नईदिल्ली (एजेंसी)। मल्लखंब भारतीय इतिहास का एक प्राचीन खेल रहा है। इस खेल की शुरुआत मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग के तौर पर हुई थी। हाल के कुछ वर्षों में इस खेल का विकास आकर्षक खेल के रूप में हुआ है। आज के समय में ये एक प्रचलित खेल के तौर पर देखा जाता है।

मलखंब भारत के प्राचीन खेलों में शुमार रहा है, जिसे पहली बार बर्लिन 1936 ओलंपिक खेलों के दौरान पूरी दुनिया के सामने पेश किया गया था। इस खेल में खेलने वाले खिलाड़ी को मलखंब कलाकार कहा जाता है। एक मलखंब कलाकार का शरीर रबर बैंड की तरह होता है। इन कलाकारों का शरीर ऐसा बंधा होता है कि वो कभी मलखंब के ऊपर खड़े होकर प्रदर्शन करते हैं तो कभी पोल के चारों ओर लटकते हुए शानदार कलाकृतियां दिखाते है। एक आम धारणा यह है कि दिखने में कलाबाजी की तरह होने के कारण ये स्वदेशी खेल असम में जिमनास्टिक से अधिक एक पोल के साथ कुश्ती के रूप में देखा जाता है। यह खेल इस तरह से अपनी पैठ बना रहा है कि यह संभव है कि हम इसे 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में एक प्रदर्शन खेल के रूप में देख सकें। जैसा कि भारतीय जड़ों वाला यह खेल दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रहा है, मल्लखंब के कलाकार भी दावा करते हैं कि इसमें उत्कृष्टता अन्य खेलों में प्रगति और सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

ऐसे होती है मलखंब कलाकारों की ट्रेनिंग

एक अच्छा मलखंब कलाकार बनने के लिए जरूरी है कि खिलाड़ी को कम से कम दो साल तक अपने शरीर को खेल को समर्पित करना पड़ता है। सिर्फ यही नहीं मलखंब खेलने वाले खिलाड़ी अन्य खेलों में भी आसानी से विकास करने में सक्षम होते है। कहा जाता है कि मल्लखंब में न केवल कुश्ती होती है, बल्कि कलाबाजी, योग के साथ-साथ जिमनास्टिक भी होता है। अगर किसी मलखंड कलाकार को इस दिशा में उत्कृष्टता चाहिए तो उसके पास लचीलापन, ताकत, सहनशक्ति होना जरुरी है।

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, की मुआवजे की मांग

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी के पास सड़क हादसे में एक साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर मुआवजा की मांग कर रहे हैं। यह घटना एनएच 120 के दाउदनगर-गोह गया रोड पर औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी के पास की है। मृतक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी शिवपूजन सिंह के 35 वर्षीय पुत्र फुलेंद्र कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि साइकिल सवार युवक फुलेंद्र कुमार मजदूर था और अपने गांव से साइकिल से दाउदनगर-गया रोड होते हुए भखरुआं मोड़ पर मजदूरी के लिए जा रहा था। वह जैसे ही सैनिक कॉलोनी के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे अज्ञात बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया। धक्का लगने से घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। धक्का मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर सीओ मनोज कुमार गुप्ता एवं दाउदनगर थाना के सब इंस्पेक्टर बिगाऊ राम दल बल के साथ पहुंच गए। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े हुए थे। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का जीवीकोपार्जन करता था।

मारुति वैन ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर, ससुर और दामाद हुए घायल

निज संवाददाता

देव (औरंगाबाद)। औरंगाबाद में शुक्रवार की देर शाम तेज रफ्तार एक मारुति वैन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार ससुर और दामाद जख्मी हो गए। घटना देव थाना क्षेत्र के बनुआ मोड़ के समीप की है। घायलों में ससुर देव थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय राजाराम साव और दामाद सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुंशी बिगहा गांव निवासी चमरू साव का 30 वर्षीय पुत्र संजय साव शामिल है। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद संजय साव को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों ससुर-दामाद देव थाना क्षेत्र के बनुवा गांव में रिश्तेदार के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान बनुआ मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार मारुति वैन पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ससुर-दामाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारुति वैन व बाइक की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों ससुर-दामाद को उठाया। वहीं दूसरे वाहन की मदद से इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भिजवाया। वही घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद मौके से चालक मारुति वैन को लेकर फरार हो गया।

जन जागरूकता रैली का आयोजन

पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। शनिवार को महिला एवं बाल विकास निगम एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में माहवारी स्वच्छता दिवस 28 मई 2023 के अवसर पर समाहरणालय परिसर औरंगाबाद से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को उप विकास आयुक्त अभयेन्द्र मोहन सिंह, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अनुपम बाला एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सुगार्गी कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में अनुग्रह कन्या+2 विद्यालय, किशोरी बालिका विद्यालय, आंगनवाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, महिला पर्यवेक्षिका तथा शिक्षक/ शिक्षिका ने भाग लिया। रैली सह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाने के पूर्व माहवारी स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित पदाधिकारियों तथा सहभागियों द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। जागरूकता रथ पर लगे माहवारी स्वच्छता हस्ताक्षर पट्टी पर सबों ने हस्ताक्षर कर महावारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही माहवारी स्वच्छता संबंधित विभिन्न जानकारी लोगों को ऑडियो क्लिप/ ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से दी गई। रैली में ''चुप्पी तोड़- खुल कर बोल'', ''स्वस्थ नारी- स्वस्थ परिवार'' इत्यादि जैसे नारों से छात्र -छात्रा, आशा, सेविका, जीविका दीदी ,शिक्षक/ शिक्षिका एवं सभी सहभागियों ने जन जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया। रैली औरंगाबाद समाहरणालय परिसर से निकलकर प्रखंड कार्यालय मोड़ से होकर शहर का भ्रमण करते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में समाप्त हुआ। रैली का प्रतिनिधित्व जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद राजीव रंजन द्वारा किया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस औरंगाबाद अनुपम बाला ने बताया कि पिछले माहवारी स्वच्छता दिवस 28 मई 2023 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत जिला /अनुमंडल में माहवारी स्वच्छता से संबंधित विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग का अधिष्ठापन /प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सभी परियोजना/ आंगनवाड़ी केंद्रों तथा सभी विद्यालय में रैली/ परिचर्चा का आयोजन किया गया एवं विभिन्न विद्यालयों में रैली तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सहभागियों ने अपने - अपने हाथों में लाल रंग का निशान लगाकर ''रेड डॉट चैलेंज'' लिए तथा इसे अपने अपने सोशल मीडिया/आधिकारिक मीडिया हैंडिल पर शेयर कर माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर, आईसीडीएस, जीविका, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी/ कर्मियों एवं सहभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही अनुमंडल मुख्यालय दाउदनगर में भी रैली का आयोजन किया गया जहां अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दाउदनगर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सभी विभागों पदाधिकारियों/सहभागियों की भागीदारी रही।

शराब माफिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद पुलिस कप्तान ने सभी थाना अध्यक्षों को शराब के खिलाफ लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया है। इस अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दाउदनगर के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई किया गया। इस मामले की जानकारी देते हुए दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि कुमार ने बताया कि ओबरा थाना अंतर्गत मद्यनिषेध कांड संख्या-380/22 में बहुत दिनों से वांछित चल रहे अभियुक्त को ओबरा थाना अध्यक्ष के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियुक्त शराब मामले में कई बार पूर्व में भी जेल जा चुका है। जिसकी पहचान मो. बाबर अली, पिता स्व. मो. अब्दुल मबुध, के रूप में किया गया है जो ग्राम-महुआ टोला, थाना सोरसराय, जिला नालंदा का रहने वाला है। 2005-06 में सोरसराय थाना नालंदा एवं 2021 में औरंगाबाद जिला के अम्बा थाना से शराब मामले में जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया है कि ओबरा थाना में दर्ज मामले में तकरीबन 13 लोग को अभियुक्त बनाया गया था। जिसमें पूर्व में ही 5 की गिरफ्तारी हो गई थी। बाबर की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। लेकिन आज शराब के खिलाफ चलाई गई अभियान में शराब माफिया के हिटलिस्ट में चर्चित चेहरा बाबर अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी गिरफ्तारी औरंगाबाद पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।

सोनू सूद को भेंट की गई संजय कुमार की पुस्तक 'ओ री गौरैया' और अभी 'मैं जिन्दा हूं गौरैया'

निज संवाददाता



पटना। चर्चित फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने कहा है कि बचपन की साथी गौरैया के संरक्षण की पहल से हर इन्सान को जुडना होगा। सूद ने पूर्णिया में शुक्रवार को वर्षों से गौरैया संरक्षण में सक्रिय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना के उपनिदेशक संजय कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'ओ री गौरैया' और 'अभी मैं जिन्दा हूँ गौरैया' को प्राप्त करने के उपरांत ये बात कही। बिहार के पूर्णिया दौरे के क्रम में फोटोग्राफर और हमारी गौरैया एवं पर्यवरण योद्धा के नीरज ने फिल्म अभिनेता सोनू सूद को पुस्तक ओ री गौरैया और अभी मैं जिन्दा हूं गौरैया भेंट की। फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने कहा कि संजय कुमार जैसे लोग गौरैया संरक्षण का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। इस काम में सभी को आगे आना चाहिए।

अंजली की प्रस्तुति पर औरंगाबाद के संगीतकारों ने किया हर्ष व्यक्त

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। दानिका संगीत महाविद्यालय के निर्देशक एवं उनके गुरुदेव डॉ रवीन्द्र कुमार उर्फ दानिका महाराज ने संवाददाता को बताया कि औरंगाबाद शहर में संगीत के क्षेत्र में लगातार बेहतर कर रही शास्त्रीय गायन के पंचम वर्ष की छात्रा अंजली सिंह ने वतौर दादरा ताल में 'ठुमरी'- छोड़ो छोड़ो डगरिया ओ श्याम की प्रस्तुति प्रसार भारती दूरदर्शन रांची में दिया। साथ ही गुरु वंदना-गुरुवर के चरणों में मेरा है प्रणाम ताल दादरा, शिव महिमा-भोले शंकर डमरू धारी, कैलाश के वासी शिव शंकर भजनों की प्रस्तुति सुनकर नीति ने बधाई देते हुए कहा लता श्री सम्मान से सम्मानित अंजली ने ठुमरी की प्रस्तुति अच्छे से किया जो अच्छे अच्छे कलाकार के लिए आसान नहीं होता है। तबले पर संगत करते हुए डॉ रवीन्द्र कुमार ने कहा कि औरंगाबाद शहर से पहली बार ठुमरी की प्रस्तुति दूरदर्शन पर की जो गर्व की बात है और अंजली उस टीम में भी शामिल रही जिसे बिहार सरकार द्वारा राष्ट्र स्तरीय बैंगलोर में भेजा गया। ज्ञात हो कि अंजली की बहन शिवांगी ने भी शास्त्रीय गायन में प्रस्तुति दे चुकी है। अंजली की प्रस्तुति पर औरंगाबाद के सभी संगीतकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

चलती ट्रेन से 120 पैकेट शराब बरामद

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। जीआरपी ने शनिवार को शराब के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में चलती ट्रेन से 120 पैकेट शराब बरामद किया है। रेल थानाध्यक्ष केएम खां ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को रेलवे स्टेशन के साथ चलती ट्रेन में शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जीआरपी के जवानों द्वारा गाड़ी संख्या 03384 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया मेमो पैसेंजर में अभियान चलाया जा रहा था।

विद्युत विभाग की लापरवाही से जा रही लोगों की जान, लोजपा दर्ज कराएगी अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा : प्रमोद सिंह

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के प्रदेश महासचिव व रफीगंज विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे प्रमोद सिंह ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि प्रदेश की जनता की जान विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से जा रही है। एक आंकड़े के अनुसार प्रत्येक दिन 100 से अधिक लोग जर्जर होकर सड़क पर या खेतों में गिरे तार की चपेट में आकर असमय काल कवलित हो रहे हैं। लेकिन विभाग के अधिकारी इतने संवेदनहीन हो गए हैं कि मुआवजा तो दूर मातमपुर्सी के लिए दो शब्द भी नहीं निकालते। लेकिन अब उन्हें उनकी उदासीनता और लापरवाही की कीमत चुकानी होगी।

श्री सिंह ने कहा कि शुक्रवार को मदनपुर के जलवन के समीप स्थित कोइरी बिगहा में एक युवा किसान की जान पटवन के लिए जाने के दौरान खेत में गिरे तार की चपेट में आने से चली गई और एक हंसते खेलते परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक दिनेश मेहता शहर में हाईवा चलाकर अपने परिवार का जीवन बसर करता था। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही ने उसकी जान ले ली। उन्होंने कहा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अब चैन से नहीं बैठने वाली। पार्टी विद्युत विभाग के अधिकारियों के ऊपर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करेगी। श्री सिंह ने बताया कि बिजली बिल बकाया के नाम पर विभाग दलितों एवं गरीबों को परेशान कर रही है। इसे लेकर भी जन आंदोलन किया जाएगा। श्री सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया है कि गांवों में जिनका जिनका बिजली बिल गलत आया है और विभाग के अधिकारी द्वारा पुलिस के बल पर या धमकाकर बिजली बिल का सेटलमेंट करवाना चाहते हैं उसका वीडियो बनवाकर फ़ेसबुक पर या रिल्स बनाकर सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर प्रसारित करें ताकि विभाग की करतूत लोगों तक पहुंचे। हर वीडियो में हमारे कार्यकर्ता और पार्टी का नाम होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में ऐसे वीडियो बनेंगे और सभी अपने अपने वीडियो को एक दूसरे के जिले में भी प्रसारित करें ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से भी हम अपने आंदोलन को धारदार बना सकें। श्री सिंह ने बताया कि पार्टी रफीगंज और जिला मुख्यालय में बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करेगी इसके लिए सभी कार्यकर्ता लोगों को धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस के लिए जागृत करें। इसके अलावे कम से कम 100 सबसे कमजोर तबके के लोगों को चिन्हित करें जिन्हें अधिकारियों ने बिजली के लिए परेशान किया हो। ताकि उनकी लड़ाई लड़ी जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि सभी लोग आम जनता को अपनी समस्याओं को लेकर प्रोत्साहित करें ताकि व्यथित लोग हम लोगो तक पहुंचे, हमारी जन सुनवाइयों में भाग लें, अपनी समस्या हम लोगो तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बिहार में बिजली सबसे महंगी है क्योंकि सरकार अन्य राज्यों के मुकाबले इसे महंगा खरीदती है यानी कहीं न कही चोरी है। इसी लिए बिहार सरकार बिजली के दरों में वृद्धि करने का प्रयास किया लेकिन लोजपा (रा) के कड़े विरोध के कारण उसे पीछे हटना पड़ा और सरकार ने सब्सिडी नुकसान की भरपाई की। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि बिजली एवं विभागीय अधिकारियों के अक्रमण्यता के लिए सभी कमर कस लें और आर पार की लड़ाई के लिए तैयार रहें।